सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.01.2026
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 171



12 महाराष्ट्र के पालघर में पहाड़ी सुरंग-5 का परीक्षण

## न्यूज डायरी

### झारखंड के नये सीजे होंगे सोनक, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी



**रांची।** मुंबई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एम एस सोनक को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किये जाने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। शुक्रवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय ने राष्ट्रपति की सहमति के बाद जस्टिस एमएस सोनक को झारखंड हाईकोर्ट का नया चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की है। झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान आठ जनवरी को सेवानिवृत हो रहे हैं। ऐसे में उम्मीद जतायी जा रही है कि जस्टिस सोनक 8 जनवरी को शपथ ग्रहण करने के बाद चीफ जस्टिस का कार्यभार संभालेंगे।

### दिशोम गुरु की जयंती पर होगा फुटबॉल टूर्नामेंट

**रांची।** दिशुम गुरु शिबू सोरेन की जयंती पर बुढ़मू में फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जायेगा। इसकी शुरूआत 11 जनवरी से होगी। कुल 64 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रवेश शुल्क 1100 निर्धारित किया गया है। विजेता टीम को 20,000 का प्रथम पुरस्कार, द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 15,000, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को 10,000-10,000 रुपए की पुरस्कार राशि दी जायेगी। उद्घाटन खेल मंत्री सुदीप सोनू करेंगे।

### प्रिंस खान का तीसरा गुर्गा भी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के तीसरे गुर्गे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कुवैत से मिले निर्देश पर पंचमुहान स्थित गोल्ड हाउस के मालिक रंजीत सोनी पर फायरिंग करनी थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। एक की रात शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयल नदी किनारे ओवरब्रिज के नीचे चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे हथियार के साथ खदेड़ कर गिरफ्तार किया। एसपी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी पुलिस को देखकर वह भागने लगा था।

## कार्टून कोना




### जिंदल, पप्पू यादव, शिल्पी समेत कई नेता और अफसर सीएम से मिले

# सभी के सहयोग से राज्य को बनायेंगे सशक्त : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी लोगों के प्रयासों एवं सहयोग से झारखंड को सशक्त बनायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास की असीम संभावनाएं है। झारखंड के अधिकारियों में निष्ठा की कोई कमी नहीं है। टीम झारखंड के बल पर जल्द ही झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा कर देंगे। सीएम शुक्रवार को उनसे मिलने आये हरियाणा के सांसद व उद्योगपति नवीन जिंदल, बिहार (पूर्णया) के सांदस पप्पू यादव, झारखंड की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्य कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ मुलाकात में कही। इन राजनेताओं और अधिकारियों ने शुक्रवार को सीएम के आवासीय कार्यालय मे श्री सोरेन से भेंट की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि सभी के सहयोग एवं प्रयासों से झारखंड को एक मजबूत राज्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ायेंगे।

**जिंदल समेत कई नेता व अफसर सीएम से मिले :** सीएम हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्णिया (बिहार) के सांसद पप्पू यादव एवं कुरुक्षेत्र (हरियाणा) से लोक सभा सांसद नवीन जिंदल ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नववर्ष के आगमन पर अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं सीएम से मिलने वाले प्रशासनिक पदाधिकारियों में कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव के श्रीनिवासन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग की सचिव पूजा सिंघल, श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक मनीष रंजन, परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, वित्त विभाग के विशेष सचिव संदीप सिंह, जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक रमेश घोलप भी थे। साथ ही धनबाद के डीसी आदित्य रंजन, गढ़वा के डीसी दिनेश कुमार यादव, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव, धनबाद के नगर आयुक्त आशीष गंगवार, हजारीबाग के नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, पश्चिमी सिंहभूम के उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, धनबाद के उप विकास आयुक्त सन्नी राज, हजारीबाग की उप विकास आयुक्त रिया सिंह और धनबाद के अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे शामिल थे। वहीं, मुख्यमंत्री से भेंट कर नव वर्ष की बधाई देने वाले पुलिस पदाधिकारियों में एसीबी एडीजी प्रिया दुबे, सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज, आईजी प्रोविजन मयूर पटेल कन्हैयालाल, आईजी मुख्यालय सुदर्शन प्रसाद मंडल, डीआईजी एसीबी चंदन सिन्हा, शैलेंद्र कुमार वर्णवाल, डीआईजी विशेष शाखा नौशाद आलम, डीआईजी बोकारो आनंद प्रकाश, डीआईजी हजारीबाग अंजनी कुमार झा, पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी पीयूष पांडेय, पाकुड़ एसपी निधि द्विवेदी, सीआईडी एसपी एहतेशाम वकारिब, रांची के सिटी एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह, एसीबी की एसपी श्रुति एवं एसीबी एएसपी निखिल राय शामिल थे।

इसके अलावा सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह, रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम सूची सिंह, महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर महाधिवक्ता अशोक कुमार, झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद, एनएचएआई झारखंड के रिजनल अफसर मुकुंद अतरदे और झारखंड में केंद्रीय सड़क मंत्रालय के रिजनल ऑफिसर अभिलाष श्रीवास्तव ने भी मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें नव वर्ष की बधाई दी।

# रांची को मिली दो नयी सड़क परियोजनाओं की सौगात

### रामपुर के पास ओवर ब्रिज, विकास के समीप बनेगा भूमिगत टनल

### राजमार्ग मंत्रालय ने संजय सेठ के प्रयास से दी मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने रांची को दो और नयी सड़क परियोजनाओं की सौगात दी है। इन परियोजनाओं की स्वीकृति भी मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 पर रामपुर चौक के समीप ओवर ब्रिज का निर्माण होना है और हजारीबाग जाने के क्रम में विकासपुर चौक के समीप भूमिगत टनल का निर्माण होना है। इन दोनों ही स्थान पर राष्ट्रीय राजमार्ग में हजारों वाहनों की आवाजाही के कारण ट्रैफिक की बड़ी समस्या होती है। इसके साथ ही हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

इस समस्या को लेकर रांची के सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विगत प्रयासरत थे। उनके प्रयास को केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मूर्त रूप प्रदान किया है। ओवर ब्रिज और भूमिगत टनल के निर्माण से आवाजाही भी सुगम होगी और दुर्घटना की आशंका भी खत्म हो जायेगी। इनके बन जाने से इन व्यस्त चौराहों पर यातायात को सुगम बनाया जा सके।

श्री सेठ ने शुक्रवार को इस बारे में बताया कि रामपुर चौक और इरबा क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण आये दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। साथ ही हजारीबाग और जमशेदपुर जाने वाले वाहन चालकों को रास्ते को लेकर भी अक्सर भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती थी। ओवरब्रिज और भूमिगत टनल के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी हद तक समाप्त हो जायेगी। उन्होंने इनकी मंजूरी के लिए पीएम मोदी और केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### पेट्रोल पंप पर तेल भराते समय कार चालक ने युवक को रौंदा

# बर्थडे से पहले मौत, परिवार में मचा कोहराम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में जन्मदिन की तैयारी कर रहा एक युवक लापरवाह कार चालक की तेज रफ्तार का शिकार हो गया। पेट्रोल पंप पर ही कार चालक ने विवेक नाम के युवक को कुचल दिया। इलाज के दौरान विवेक की मौत हो गयी। अपने जन्मदिन मनाने वह केक खरीदने बाजार निकला था। इस दुखद हादसे ने बिरसा चौक में रहने वाले एक परिवार की इकलौती चिराग बुझा दी। एक जनवरी को उसका जन्मदिन था। रांची के बिरसा चौक, लंका कॉलोनी में रहने वाले ऑटो-रिक्शा ड्राइवर फूलचंद तिर्की के इकलौते बेटे विवेक कुमार तिर्की 31 दिसंबर की रात सड़क हादसे में चल बसा। मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को जगन्नाथपुर थाने में कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पिता ने कहा कहा एक जनवरी को उसका जन्मदिन था। वह केक खरीदने बाजार निकला था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। हमारा तो सबकुछ लुट गया। घर में कोहराम मचा हुआ है। बिरसा चौक स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर यह हादसा हुआ। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। चालक की तलाश जारी है। कार लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पुरुलिया रोड में रहनेवाली एक महिला के नाम से पंजीकृत है।

## बाबा बैजनाथ से राज्यपाल ने झारखंड की सुख समृद्धि मांगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को बैद्यनाथ मंदिर में भोलेनाथ पर जलार्पण कर राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। राज्यपाल के पहुंचते ही मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने मंदिर के वीआईपी गेट पर राज्यपाल को सम्मानित किया और फिर उसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने संकल्प करा कर राज्यपाल को गर्भ गृह में पूजा करायी। राज्यपाल के लिए मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। राज्यपाल को पूजा करवाने के दौरान थोड़ी देर के लिए आम लोगों के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी।

**मोदी के नेतृत्व में देश हो रहा मजबूत :** पूजा के बाद राज्यपाल ने मीडिया से बातचीत में सर्वप्रथम राज्यवासियों और देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्तमान समय देश के लिए काफी अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति करेगा। अर्थव्यवस्था के मामले में हम दुनिया में चौथे नंबर पर हैं हम और आगे बढ़ने का काम करेंगे। साथ ही झारखंड प्रगति करेगा और देश में अच्छा स्थान पायेगा। देवघर से राज्यपाल कड़ी सुरक्षा के बीच दुमका के बासुकीनाथ चले गये।

### साहिबगंज में सड़क हादसे में 4 की मौत

**साहिबगंज।** ऑटो और टैंकर की भिड़ंत में 4 लोगों की मौत हो गयी जबकि 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। हादसा बरहेट-बरहड़वा मुख्य पथ पर छोटा रांगा डांड़ पुल मोड़ के पास ऑटो और तेल टेंकर में भिड़ंत होने से यह हादसा हुआ। घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। कई घायलों की हालत नाजुक है। मृतकों में रांगा थाना क्षेत्र के बड़ा रांगा गांव का समरा साह (40), घटियारी की रंदनी सोरेन (30), डाहूजोर की शांति हेम्ब्रम (6) और ऑटो चालक बरहड़वा के बिशनपुर निवासी अमल दत्ता (45) शामिल है। ऑटो बरहेट से बरहड़वा जा रहा था, जबकि तेल टैंकर बरहड़वा से तेल खाली कर बरहेट की ओर जा रहा था तभी यह घटना हुई। घटना के बाद इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने रांगा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतना में तोड़फोड़ भी की।




# कोई आतंकवाद फैलायेगा तो हम सख्ती से निपटेंगे

## पाक को चेताया, किसी बाहरी की सलाह भी नहीं मानेंगे : जयशंकर

### देश हमारा, फैसला भी हमारा ही होगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला घटिया पड़ोसी है। आतंकवाद को वहां राज्य की नीति की तरह इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने जोर दे कर कहा, यदि कोई मुल्क बारबार हमारे देश में आतंक फैलायेगा, तो भारत उससे सख्ती से निपटेगा। उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान की 'आतंकवाद को राज्य नीति' के रूप में इस्तेमाल करने वाली आदत पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा, भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है और आतंकवाद के खिलाफ हमारी कार्रवाई क्या होगी, इसका फैसला सिर्फ हम करेंगे। आतंकवाद से निपटने के तरीके को लेकर किसी बाहरी दबाव या सलाह को भारत कतई स्वीकार नहीं कर सकता। विदेश मंत्री आईआईटी मद्रास में



आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और बुद्धिजीवियों को संबोधित कर रहे थे।

**पाकिस्तान को चेतावनी :** उन्होंने कहा, कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए। हम अपनी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह हमारा संप्रभु फैसला है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई देश जानबूझकर, लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है तो भारत को अपने लोगों की हर हाल में रक्षा करेगा और ऐसा करने में हम सक्षम हैं। भारत उस अधिकार का इस्तेमाल अवश्य करेगा। उन्होंने कहा, कई देश ऐसे हैं, जिन्हें मुश्किल पड़ोसियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन भारत की स्थिति ज्यादा गंभीर है। उनका इशारा पाकिस्तान की ओर था।

### संबंध अच्छे तभी पानी समझौता

विदेश मंत्री ने सिंधु जल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, आप हमसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हम आपके साथ पानी साझा करते रहें और आप हमारे देश में आतंकवाद फैलाते रहें। अच्छे पड़ोसी संबंध समझौतों की बुनियाद होते हैं, लेकिन अगर दशकों तक आतंकवाद चलता रहा, तो ऐसे रिश्तों के फायदे भी नहीं मिल सकते। दशकों से जारी आतंकवाद के कारण अच्छे पड़ोसी वाले रिश्ते संभव ही नहीं है। आप यह नहीं कह सकते कि हमें पानी भी दो और हम आतंकवाद भी करेंगे। भारत ने दशकों पहले पानी के बंटवारे का समझौता किया था, लेकिन इस तरह के समझौते अच्छे पड़ोसी संबंधों पर टिके होते हैं।

पीडीएस व्यवस्था पहुंची 4जी में, इरफान अंसारी ने किया शुभारंभ

# झारखंड को हाईटेक बनाना मेरी प्राथमिकता : डॉ इरफान अंसारी

- **4जी नेटवर्क से युक्त मशीनों से राशन वितरण तेज, सरल और निर्बाध होगा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड को हाइटेक बनाना मेरी प्राथमिकता है। डॉ अंसारी शुक्रवार को पीडीएस सिस्टम के तहत फोर जी का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी मुख्यमंत्री के सशक्त नेतृत्व में धीमी और अविश्वसनीय हो चुकी 2जी व्यवस्था को जड़ से बदलते हुये अब 2जी तकनीक को विदा कर अत्याधुनिक 4जी मशीनों को लागू किया गया है। यह फैसला केवल मशीन बदलने का नहीं, बल्कि गरीबों के सम्मान, अधिकार और भरोसे को मजबूती देने का ऐतिहासिक कदम है।

जामताड़ा नगर भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में इरफान अंसारी ने 4 जी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने वर्षों तक इस समस्या को नजरअंदाज किया। लेकिन, हमारी सरकार ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाते हुये इस व्यवस्था को जड़ से बदलने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि तकनीक, पारदर्शिता और गति के रूप में जमीन पर उतारा गया है। यह निर्णय आने वाले वर्षों में झारखंड की पीडीएस व्यवस्था को पूरे देश के लिये मॉडल सिस्टम बनायेगा। अब राज्य की सभी 25, 428 पीडीएस दुकानों पर 4जी नेटवर्क से युक्त मशीनें लगाई जा रही हैं। इससे राशन वितरण तेज, सरल और निर्बाध होगा। फर्जीवाड़े और बिचौलियों पर पूरी तरह रोक लगेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब केंद्र सरकार द्वारा डीलर कमीशन जारी नहीं किया गया, तब भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से 25,428 डीलरों का कमीशन जारी किया। इससे प्रशासनिक व्यवस्था भी मजबूत हुई।

# पेसा कानून की आड़ में आदिवासी पहचान के खिलाफ रची जा रही साजिश : बाबूलाल

- **नेता प्रतिपक्ष ने पेसा को लेकर सरकार की मंशा पर उठाये सवाल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सत्ताधारी दलों पर पेसा कानून की आड़ में आदिवासी पहचान को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और पहचान प्राचीन सनातन मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। यही परंपरायें उनकी सामाजिक संरचना, स्वशासन व्यवस्था और जीवन पद्धति की मजबूत नींव रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति और विदेशी धर्मों के प्रभाव में आदिवासी समाज की जड़ों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में धर्मांतरण, घुसपैठ और लालच जैसे हथकंडों के माध्यम से आदिवासी समाज को खंडित करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। उन्होंने इस साजिश में राज्य सरकार की भूमिका पर भी सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में राज्य सरकार की मशीनरी भी आदिवासी समाज को उनकी परंपरागत पहचान से दूर करने का प्रयास करती दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि भले ही कोर्ट के दबाव में सरकार को पेसा कानून लागू करना पड़ा हो। लेकिन, आज भी इसे लेकर आदिवासी समाज को अंधेरे में रखने की कोशिश जारी है। पेसा की मूल भावना यानी आदिवासी स्वशासन को लेकर सरकार की ओर से कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था सदियों पुरानी है। इसमें मांझी परगना, मुंडा-मानकी, दिउरी, ढोकलो-सोहोर, हातु मुंडा, पड़हा राजा, पाहन, सरदार, नापा और डाकुआ जैसे पदों को सामाजिक मान्यता प्राप्त रही है। पेसा कानून तभी सार्थक होगा, जब इन पारंपरिक संस्थाओं को विधिवत मान्यता दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि जब तक पेसा के वास्तविक अधिकार मूल आदिवासियों और उनकी पारंपरिक ग्राम सभाओं को नहीं सौंपे जाते, तब तक इस कानून का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा। राज्य सरकार से मांग की कि पेसा नियमावली को सार्वजनिक किया जाये।

# पेसा कानून पर प्रवचन देने से पहले भाजपा को करना चाहिए आत्मचिंतन : किशोर शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान को भ्रामक और आदिवासियों के बीच फूट डालने वाला करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी राजनीतिक जमीन खिसकते देख अब आदिवासी समाज की पहचान के नाम पर डर और भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

श्री शाहदेव ने कहा कि भाजपा वर्षों तक पेसा कानून के नियमों को ठंडे बस्ते में डालकर बैठी रही, आज वह इस पर प्रवचन दे रही है। हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार ने आदिवासियों के स्वशासन अधिकारों को मजबूती देने के लिए पेसा नियमावली पर ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मांझी-परगना, मुंडा-मानकी और पड़हा राजा जैसी पारंपरिक व्यवस्थाएं झारखंड की आत्मा हैं। कांग्रेस ने हमेशा इन संस्थाओं का सम्मान किया है। भाजपा का प्रेम सिर्फ चुनावी है, जबकि हमारी सरकार ने इन मानकी-मुंडाओं के मानदेय और सम्मान को बढ़ाने का काम धरातल पर किया है। मुख्य प्रवक्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि आदिवासी समाज को खंडित करने की साजिश विपक्षी दल नहीं, बल्कि भाजपा कर रही है। कभी वनवासी कहकर आदिवासियों की पहचान मिटाने की कोशिश होती है, तो कभी धर्म के नाम पर उन्हें आपस में लड़ाया जाता है। उन्होंने सवाल किया कि यदि बाबूलाल मरांडी आदिवासियों की पहचान के प्रति इतने ही चिंतित हैं, तो वह केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग क्यों नहीं करते? आदिवासियों की पहचान बचाने का सबसे बड़ा जरिया सरना कोड है, जिसे भाजपा की केंद्र सरकार ने रोक रखा है। उन्होंने कहा कि झारखंड का आदिवासी समाज अब जागरूक हो चुका है। घुसपैठ और धर्मांतरण का डर दिखाकर आप असल मुद्दों जैसे जल-जंगल-जमीन के अधिकार और सरना कोड से जनता का ध्यान नहीं भटका सकते।

# लोकभवन मार्च में ओबीसी कांग्रेस की होगी भागीदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पांच जनवरी को लोकभवन मार्च करेगी। यह मार्च मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से शुरू होगा। इस मार्च के सफल आयोजन को लेकर सभी जिला के ओबीसी जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी की ऑनलाइन मीटिंग हुई।

इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जो तानाशाही रूप से मनरेगा का नाम बदलकर ग्रामीण मजदूरों का कमर तोड़ने का जो काम केंद्र सरकार कर रही है। इसका जोरदार तरीके से कांग्रेस पार्टी पूरे देश में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी 5 जनवरी को एक विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओबीसी विभाग के तमाम साथियों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### ऑनलाइन मीटिंग में ये रहे मौजूद

ऑनलाइन मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू, कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवला, प्रदेश प्रवक्ता परवेज आलम, रेणु देवी, एडवोकेट मनोज यादव, मदन महतो, आसिफ रजा, अश्वनी कुमार, आनंद अजय, डॉ प्रकाश कुमार यादव, अजय कुमार प्रजापति, अशोक कुमार मंडल, जितेंद्र यादव, महेश्वर मंडल, प्रदीप साहू, जितेंद्र यादव, अजीम अंसारी, धनंजय यादव, रंजीत यादव, रंजीत साहू सहित अन्य नेता भी शामिल हुए।

# आदिवासी समाज की जड़ें मजबूत, पेसा कानून पर बीजेपी चूप रहे तो ही अच्छा : सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आदिवासी समाज की सामाजिक संरचना और जीवन पद्धति की जड़ें इतनी गहरी और मजबूत हैं कि उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता। संपूर्ण आदिवासी समाज अच्छी तरह समझ रहा है कि झारखंड में उनके आस्थाओं, परंपरा और अस्तित्व का संरक्षण महागठबंधन सरकार ही कर सकती है इसका संदेश भाजपा को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिल चुका है। अपने शासनकाल में भाजपा ने आदिवासी समुदाय को छलने और भड़काने का काम किया था। सोनाल शांति ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी को जब जब आदिवासी समुदाय सामने देखता है तो झारखंड बनने के 3 माह बाद ही बाबूलाल के शासनकाल में हुए तपकरा गोली कांड की गूंज और निहत्थे आदिवासी आंदोलनकारियों के मृत चेहरे सामने आते हैं। रघुवर दास के शासनकाल में पत्थलगढ़ी आंदोलन के मामले में 10,000 आदिवासी समुदाय के लोगों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे इसलिए आदिवासी समुदाय के लिए घड़ियाली आंसू बहाना उन्हें बंद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के लिए महागठबंधन सरकार कई योजनाएं चला रही है जिसका लाभ उन्हें मिला है। अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून को लागू कर सरकार ने ग्रामीणों को अधिकार दिया जहां एक ओर केंद्र सरकार गांव के विकास योजनाओं को चुनने का अधिकार ग्राम वासियों से छीन रही है वहीं झारखंड सरकार ने सशक्त पेसा नियमावली बनाकर ग्रामीणों को अधिकार सौंप दिया है।

सोनाल शांति ने कहा कि 15 वर्षों से ज्यादा राज्य में शासन करने वाली भाजपा ने पेसा कानून को लागू नहीं किया, अभी पेसा कानून लागू होने से भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें इसलिए हैं क्योंकि आदिवासी समुदाय को इन्होंने वोट बैंक बनाकर अपनी जागीर समझ लिया था। आदिवासी समाज के बीच विद्वेष और भ्रम फैलाने के लिए भाजपा बार-बार धर्मांतरण और मातांतरण की बात करती है लेकिन भाजपा का आरोप संपूर्ण आदिवासी समाज द्वारा नकारा जा चुका है।

# एनपीयू के कुलपति दिनेश सिंह को कारण बताओ नोटिस

- **वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के भाई को मिला पेंशन**

**खबर मंत्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। राज्य सरकार सचिवालय ने यह कार्रवाई नियम विरुद्ध कार्यों के लिये किया है। इस बीच राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बड़े भाई राधा रमण किशोर के पेंशन का भुगतान कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ मिली शिकायतों के आधार पर राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के अतिरिक्त प्रभार को वापस ले लिया था। साथ ही, दिनेश कुमार सिंह के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिये एक समिति का गठन किया था। इस बीच दिनेश कुमार सिंह द्वारा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में सामग्रियों की खरीद सहित अन्य प्रकार की अनियमितताओं को अंजाम देने से संबंधित शिकायतें राज्यपाल को मिलीं। राज्यपाल सचिवालय ने दिनेश सिंह के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कुलपति द्वारा वित्त मंत्री के भाई सहित अन्य का नवंबर से पेंशन नहीं देने और शिक्षकों का नवंबर से वेतन नहीं देने की शिकायतों को राज्यपाल सचिवालय ने गंभीरता से लिया। राज्यपाल सचिवालय के कड़े रूख को देखते हुये एक जनवरी को छुट्टी के दिन कार्यालय खोल कर शिक्षकों के नवंबर और दिसंबर के वेतन का भुगतान किया गया। साथ ही, वित्त मंत्री के भाई सहित अन्य का पेंशन भुगतान किया गया। सरकार ने क्रिसमस के मद्देनजर 23 दिसंबर से वेतन भुगतान करने का आदेश दिया था। लेकिन, कुलपति ने अपनी जिद की वजह से सरकार के आदेश का उल्लंघन करते हुये दिसंबर में वेतन भुगतान नहीं किया था।

# मैट्रिक और नौवीं बोर्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ी

- **अब छात्र बिना विलंब शुल्क के 12 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने सत्र 2025-27 की मैट्रिक परीक्षा (वर्ष 2027) के लिए रजिस्ट्रेशन और वर्ष 2026 में होने वाली कक्षा 9 की परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित कर दी है। जैक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब छात्र बिना विलंब शुल्क के 12 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं, विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने की तिथि 13 से 20 जनवरी तक निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) द्वारा ऑनलाइन प्रपत्र अप्रूव करने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के 12 जनवरी और विलंब शुल्क के साथ 20 जनवरी तय की गई है।

चालान जनरेट करने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के 12 जनवरी और विलंब शुल्क के साथ 20 जनवरी है। इसके अतिरिक्त, छात्र अपना शुल्क बिना विलंब शुल्क के 15 जनवरी तक और विलंब शुल्क के साथ 22 जनवरी तक जमा कर सकेंगे। जैक ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों से अपील की है कि वे अंतिम समय की तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए अंतिम तारीख का इंतजार न करें और समय पर प्रक्रिया पूरी कर लें।

# झारखंड का तापमान तेजी से हो रहा अप-डाउन, कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

- **अधिकतम तापमान 27 से 20 के बीच, न्यूनतम पारा 11 से 6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का तापमान तेजी से अप डाउन हो रहा है। राज्य में अधिकतम तापमान 27.2 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच आ गया है। बहरागोड़ा में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 11 से 6.4 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। गुमला में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

**किस स्थान में कितना रहा अधिकतम और न्यूनतम तापमान**

| स्थान | अधिकतम तापमान (डिग्री से.) | न्यूनतम तापमान (डिग्री से.) |
|---|---|---|
| रांची | 24.2 | 9.4 |
| जमशेदपुर | 26.4 | 11.6 |
| डाल्टनगंज | 26.4 | 7.7 |
| बोकारो | 25.5 | 9.1 |
| चाईबासा | 27.0 | 10.0 |
| खूंटी | 24.9 | 8.0 |
| लोहरदगा | 24.6 | 8.7 |
| लातेहार | 20.2 | 10.4 |
| पाकुड़ | 23.6 | 8.1 |
| गुमला | 25.1 | 6.4 |
| सरायकेला | 27.2 | 10.6 |
| बहरागोड़ा | 27.2 | 11.9 |

**अगले 4 दिनों तक ऐसा रहेगा रांची व आस-पास का पारा :** मौसम विभाग ने अगले दो दिनों (तीन और चार जनवरी) तक गढ़वा, चतरा, पलामू और लातेहार में घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। वहीं रांची व उसके आसपास के क्षेत्रों में तीन जनवरी को अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस, चार जनवरी को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस, पांच जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस और छह जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

# क्या आपने देखा सफेद रेत और नीली नदी के बीच बसा झारखंड का यह मिनी गोवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की गोद में छिपे प्राकृतिक रहस्यों की जब बात होती है, तो अक्सर नेतरहाट या हुंडरू फॉल का नाम जुबां पर आता है। लेकिन हाल के वर्षों में एक ऐसी जगह उभरी है जिसने अपनी खूबसूरती से गोवा के 'बागा' और 'कलंगुट' बीच की याद दिला दी है। वह जगह है खूंटी जिले का 'पांडापुड़िंग'।

पांडापुड़िंग को 'झारखंड का गोवा' कहना महज एक मुहावरा नहीं, बल्कि यहां की सुनहरी रेत, नीले पानी और शांत लहरों का एक जीवंत अनुभव है।

### पांडापुड़िंग: प्रकृति का एक अनूठा कैनवास

पांडापुड़िंग खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड में स्थित है। तोरपा से फटका पंचायत के लोहाजिमी गांव में झारखंड का मिनी गोवा बसा हुआ है। राजधानी रांची से इसकी दूरी लगभग 80-85 किलोमीटर पड़ेगी। यह मूल रूप से तजना नदी के किनारे बसा एक ऐसा तट है, जहां नदी की धारा किसी शांत समुद्र की तरह व्यवहार करती है। यहां की सबसे बड़ी विशेषता इसका 'सफेद रेतीला तट' है। जब सूरज की किरणें तजना नदी के पानी और उस सफेद रेत पर पड़ती हैं, तो एक ऐसा दृश्य निर्मित होता है जिसे देखकर भ्रम हो सकता है कि आप किसी समुद्री तट पर खड़े हैं।

### क्यों कहा जाता है इसे 'झारखंड का गोवा'?


यहां आकर मिलेगा गोवा का एहसास। किसी भी जगह को गोवा से तुलना करने के पीछे तीन मुख्य कारण होते हैं : रेत, पानी और सुकून। पांडापुड़िग में ये तीनों प्रचुर मात्रा में हैं।

1. **सुनहरी और सफेद रेत :** यहां नदी के किनारे बिछी रेत की चादर इतनी महीन और साफ है कि पर्यटक यहां घंटों नंगे पैर टहल सकते हैं। गोवा के बीच की तरह यहां भी आप रेत के घरौंदे बना सकते हैं।

2. **उथला और साफ पानी :** तजना नदी का पानी यहां काफी उथला है, जिससे यह बच्चों और परिवारों के लिए सुरक्षित 'बीच' जैसा अनुभव देता है। पानी इतना पारदर्शी है कि तलहटी के पत्थर साफ नजर आते हैं।

3. **पिकनिक और सनसेट :** यहां का सूर्यास्त किसी जादुई अहसास से कम नहीं। डूबते सूरज की लालिमा जब नदी के विस्तार पर बिखरती है, तो वह दृश्य हुबहू गोवा के अंजुना बीच की याद दिलाता है।

## जाने कहां है यह सीक्रेट बीच





### पांडापुड़िंग की खास विशेषताएं

1. **शांति और एकांत :** गोवा में जहां शोर और भीड़भाड़ है, पांडापुड़िंग अभी भी व्यावसायिकता से दूर है। यहां आप पक्षियों की चहचहाहट और पानी के कल-कल संगीत के बीच खुद को खोज सकते हैं।

2. **फोटोग्राफी का स्वर्ग :** इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया के दौर में पांडापुड़िंग युवाओं की पहली पसंद बन गया है। यहां के 'रॉक फॉर्मेशन्स' और नदी के बीच में निकले पत्थर फोटो के लिए बेहतरीन बैकग्राउंड देते हैं।

3. **स्थानीय संस्कृति का जुड़ाव :** पांडापुड़िंग केवल एक पिकनिक स्पॉट नहीं है, यह आदिवासी संस्कृति के करीब जाने का जरिया भी है। रास्ते में पड़ने वाले छोटे गांव और वहां की सादगी आपकी यात्रा को और भी समृद्ध बनाती है।

> पांडापुड़िग झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर उभरता हुआ एक बेशकीमती हीरा है। यह उन लोगों के लिए एक आदर्श जगह है जो समुद्र की कमी को पहाड़ों और नदियों के बीच महसूस करना चाहते हैं। अगर आप भी शहर की भागदौड़ से दूर, रेत पर बैठकर ढलते सूरज को देखना चाहते हैं, तो इस वीकेंड खूंटी के इस 'मिनी गोवा' का रुख जरूर करें।
>
> **-नीरज टोप्पो,** पर्यटन विशेषज्ञ

### पांडापुड़िग कैसे पहुंचें?

खूंटी मुख्यालय से लगभग 15-20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस स्थल तक पहुंचना अब काफी आसान हो गया है :

**हवाई मार्ग :** निकटतम हवाई अड्डा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची है। यहां से पांडापुड़िंग की दूरी लगभग 60-65 किलोमीटर है। आप रांची से टैक्सी किराए पर ले सकते हैं।

**रेल मार्ग :** रांची या हटिया रेलवे स्टेशन सबसे नजदीक हैं। स्टेशन से आप बस या निजी वाहन के जरिए खूंटी और फिर मुरहू होते हुए पांडापुड़िंग पहुंच सकते हैं।

**सड़क मार्ग :** रांची-खूंटी रोड बेहतरीन स्थिति में है। खूंटी पहुंचने के बाद आपको मुरहू की ओर मुड़ना होगा, जहां से स्थानीय दिशा-निर्देशों या गूगल मैप की मदद से आप आसानी से नदी तट तक पहुंच सकते हैं।

### पर्यटकों के लिए कुछ जरूरी सलाह

पांडापुड़िंग अपनी कच्ची खूबसूरती के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां जाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है:

**अपना सामान साथ रखें :** चूंकि यह एक ग्रामीण इलाका है, यहां बड़े रेस्टोरेंट या कैफे नहीं हैं। पानी और नाश्ता साथ ले जाना बेहतर होगा।

**स्वच्छता का ध्यान :** इसे 'गोवा' बनाए रखने की जिम्मेदारी हमारी है। प्लास्टिक और कचरा नदी में न फेंकें।

**सुरक्षा :** शाम ढलने से पहले मुख्य सड़क की ओर लौटना सुरक्षित माना जाता है।

# एक्वा वर्ल्ड कार्निवल : फैशन शो में बच्चों ने रैंप पर जलवा दिखाया

## आ जा मेरी रिक्शा में बैठ जा, सेल्फी कंपटीशन में लोगों ने रिक्शा में बैठकर खूब पोज मारा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में रिलायंस कार्निवल में शुक्रवार का मुख्य आकर्षण किड्स फैशन शो था। किड्स फैशन शो में बच्चों ने रैंप पर जलवा दिखाया। बच्चों के विश्वास देखकर लोग आश्र्यचकित रह गये।इस के अतिरिक्त वैमस मॉडलिंग ग्रुप के द्वारा महिला सशक्तिकरण के थीम पर फैशन शो किया गया। इस शो के निदेशक वसीम आलम थे। शो के जरिये महिलाओं पर हुये अलग तरह के अत्याचार को दिखाया गया। फिर बदलती तस्वीर का भी नजारा पेश किया गया। इसके पहले मिस्ट्री बैग रेस, एंकर गेम, नंबर नखरा चेलेंज, लाफ्टर चैलेंज, स्टैचू डांस शोडाउन, क्यू आर क्वेस्ट और रैप बैटल का भी आयोजन किया गया। आ जा मेरी रिक्शा में बैठ जा, सेल्फी का क्रेज रहा।

इसमें रिक्शा में बैठकर स्टाइल मार कर सेल्फी खींचना था। इसके बाद एक जनवरी के बंपर लक्की ड्रॉ के विजेता मजीद आलम को निदेशक लोकेश कुमार ने एलईडी टीवी प्रदान किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा शाहदेव, विपुल नायक, सत्य प्रकाश चंदेल, लोकेश कुमार, वसीम आलम, देव ज्योति नाहा, आनंद नायक, प्रदुमन, उदय आदि उपस्थित थे। विजेताओं में इशिता, तृषा, पूजा, रियांश, आदित्य, हनी, कनिष, आर्यन, आर्यन, श्रेया, रिया, सनी, पूर्वा, फरहान शामिल थे।

**आज ट्रांसजेंडर फैशन शो :** रिलायंस कार्निवल में शनिवार को सामाजिक दायित्व के तहत ट्रांसजेंडर और दिव्यांग बच्चों का फैशन शो आयोजन किया है। शहर में यह ट्रांसजेंडर का पहला फैशन शो होगा। इसके अतिरिक्त नूडल्स कंपटीशन, क्लॉथ स्पिन फेस चैलेंज, मिरर मैडनेस एयस या ना ट्रैप गेम, बिंदी आर्ट चैलेंज, ब्लाइंड ब्यूटी लिप चैलेंज आदि का आयोजन होगा।





# पुलिस ने वर्ष 2025 में 14 करोड़ 84 लाख 82 हजार रु. का किया मादक पदार्थ जब्त

## कुल 156 नशे के तस्करों को पहुंचाया गया सलाखों के पीछे, वर्ष 2025 में 17 नक्सली गिरफ्तार

**विवेक राज**

**रांची।** वर्ष 2025 में रांची पुलिस को सबसे अधिक कामयाबी नशे के सौदागरों के खिलाफ मिली है। एक जनवरी 2025 से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक 14 करोड़ 84 लाख 82 हजार के मादक पदार्थ जब्त किया गया है। इसके साथ ही कुल 156 नशे के तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। रांची पुलिस ने अवैध कारोबार और अपराध पर सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में जब्ती और गिरफ्तारी की है। इस अवधि में ब्राउन शुगर, गांजा, हेरोइन, डोडा, नकली शराब, अवैध केमिकल व अन्य मादक पदार्थों के साथ कई आरोपितों को पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके साथ ही नक्सल विरोधी मोर्चे पर भी रांची पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता दर्ज की है, वर्ष 2025 में 17 नक्सली गिरफ्तार किये गये और उनसे 45 हथियार और 400 से अधिक जिंदा गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने नक्सल मामलों से जुड़े 43 केसों का निष्पादन पूरा किया।

**एनडीपीएस के तहत मादक पदार्थों पर शिकंजा :** ब्राउन शुगर 1,057.812 ग्राम की बरामदगी की गई. जिसकी अनुमानित कीमत 2,11,56,240 रुपये है, इसमें 87 प्रकरण दर्ज कर 46 मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार कर 156 अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। गांजा के 119.818 किलोग्राम, हेरोइन के 22.4 ग्राम और डोडा के 6,335.93 किलोग्राम की बरामदगी की गई, जिनकी संयुक्त बाजार कीमत करोड़ों में आंकी गई है। नकली शराब के 100 एमएल की कुल 15,003 बोतलें तथा 234 कैन अवैध केमिकल जब्त किये गये, जिनकी कुल कीमत करोड़ो में है। एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कुल 93 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 51 मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी और 25 अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

**संगठित अपराध में 44 और विशेष अभियान में 86 गिरफ्तारी :** संगठित अपराध के तहत 29 प्रकरणों में 82 मामलों में 44 मामलों में गिरफ्तारी की कार्रवाई हुई। जिसमें अवैध फायरआर्म, कारतूस, नशीली गोलियां, मोबाइल व स्कैम संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि बरामद किये गये। आर्म्स और एम्युनिशन के खिलाफ चलाये गये विशेष अभियान में 72 मामलों में रिपोर्ट, 102 मामलों में कार्रवाई और 86 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। जिसमें 106 अवैध हथियार, 362 जिंदा कारतूस, मैगजीन, नकली नोट तथा अन्य सामग्री जब्त की गई है।

### वाहन चोरी व अन्य आपराधिक नेटवर्क पर कार्रवाई

दोपहिया वाहन चोरी के 1,286 मामलों में जांच की गई, 1,355 मामलों में कार्रवाई करते हुये 137 आरोपितों को गिरफ्तार कर कुल 204 वाहनों की बरामदगी की गई. चारपहिया वाहन चोरी के 47 प्रकरणों में 43 मामलों में कार्रवाई कर 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार और 11 वाहनों को बरामद किया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की ठगी व फ्रॉड से जुड़े 198 प्रकरणों में 238 मामलों में कार्रवाई कर 29 आरोपितों को पकड़ा गया। जिनसे मोबाइल, सोने के चेन, एटीएम फ्रॉड, नकदी, वाहन सहित लाखों की संपत्ति बरामद की गई।

### अवैध खनन व अन्य आर्थिक अपराध

अवैध बालू खनन से जुड़े 58 मामलों में 20 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुये 78 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिनसे 38,500 क्यूबिक फीट रेत, 80,335 सीएफटी सामग्री, 34 ट्रैक्टर, 2 ट्रक, 14 पोकलेन, 2 लोडर, 18 हाईवा, 1 जेसीबी व अन्य वाहन जब्त किये गये। इसके साथ ही अवैध क्रशर/खनन से जुड़े 8 प्रकरणों में 1 मामले में कार्रवाई कर 9 अभियुक्तों के विरुद्ध 186.5 टन खनन सामग्री, 18 क्विंटल, 20 ट्रॉली, 4 ट्रैक्टर, 1 पोकलेन, 2 हाईवा, 1 जेसीबी व 6 मोटरसाइकिल सहित भारी मशीनरी जब्त की गई।

# नगर निकाय चुनाव का की तैयारी को ले कर 8 को समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड में नगर निकाय चुनाव का काउंट डाउन शुरू हो गया है। चुनाव की तैयारी को लेकर 08 जनवरी को राज्य निर्वाचन आयोग आला अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। वीडियो कॉफ्रेसिंग के जरिए होनेवाली इस समीक्षा बैठक में राज्य के सभी जिलों के डीसी-एसपी के अलावे नगर विकास सचिव, डीजीपी, गृहसचिव आदि अधिकारी मौजूद रहेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा निकाय चुनाव की तैयारी, सुरक्षा बलों की तैनाती सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी।

**चुनाव की घोषणा शीघ्र :** राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है और इसी महीने के तीसरे सप्ताह में इसकी घोषणा होने की संभावना है। जिला स्तर पर की गई तैयारी की समीक्षा के उपरांत राज्य निर्वाचन



आयोग चुनाव को लेकर निर्णय लेगा। राज्य निर्वाचन आयोग अनुसार चुनाव घोषणा से पूर्व कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की जाती है, जिसके तहत 08 जनवरी को पहली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक होगी। बैठक में राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने झारखंड हाईकोर्ट को पिछले दिनों हुई सुनवाई के दौरान शपथपत्र के जरिये बताया है कि विस्तृत तैयारी के लिए 8 सप्ताह की जरूरत पड़ेगी। साथ ही चुनावी प्रक्रिया पूर्ण करने में अतिरिक्त 45 दिन लगेंगे। इस बाबत सीलबंद शपथ पत्र 22 नवंबर को आयोग द्वारा दाखिल किया गया था। इस मामले में अगली सुनवाई चूंकि 30 मार्च को निर्धारित है ऐसे में आयोग इससे पहले चुनावी प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में है।

**जहां होने हैं चुनाव :** नगर निगम- रांची, हजारीबाग, मेदनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।

**नगर परिषद :** गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज,फुसरोऔर मिहिजाम।

**नगर पंचायत :** बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया।

# रांची में जन्म-मृत्यु निबंधन को ले अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में जन्म और मृत्यु का निबंधन सही और समय पर हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। शुक्रवार को रांची समाहरणालय में जन्म-मृत्यु निबंधन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने दीप जलाकर की। उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु का निबंधन समय पर होना बहुत जरूरी है। इससे आधार कार्ड बनवाने, स्कूल में नामांकन, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, जमीन-जायदाद से जुड़े काम और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि जन्म या मृत्यु के 21 दिनों के अंदर निबंधन होना चाहिए। इसमें किसी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और नगर निगम क्षेत्र में काम करने वाले निबंधनकताओं के लिए रखा गया है। इसमें ऑनलाइन पोर्टल पर काम करने, कागजात जांचने और गलती सुधारने की जानकारी दी गई, ताकि आम लोगों को जल्दी और आसानी से सेवा मिल सके। प्रशिक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव और नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षकों ने सरल तरीके से काम समझाया और सभी सवालों के जवाब दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पंचायत सचिव नियमित रूप से पंचायत सचिवालय में बैठकर जन्म-मृत्यु निबंधन का काम करें। साथ ही हर महीने निबंधन कार्य की जांच कर रिपोर्ट भेजी जाये। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने कहा कि रांची जिला जन्म-मृत्यु निबंधन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करेगा। यह पहल आम लोगों को बेहतर और आसान सरकारी सेवा देने के लिए की गई है।

**लापरवाही व देरी स्वीकार नहीं : डीसी :** डीसी ने कहा जन्म-मृत्यु निबंधन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने का यह बड़ा कदम है। इस में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी यह पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें।

# मधुकम,रूगडीगड़ा में रेड, गांजा व नगद दो लाख 71 हजार रु. सहित दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने नशा कारोबार में शामिल दो अभियुक्तों नुतून लिण्डा उर्फ मिथुन (शास्त्री चौक, मधुकम, रूगडीगड़ा थाना-सुखदेवनगर) और अमन जायसवाल (न्यू मुधकम रोड न0-5 थाना-सुखदेवनगर) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से गांजा(1.052 कि०ग्राम), नगद राशि-2 लाख 71 हजार रूपया, होण्डा स्कूटी(जेएच01टीडी-5855), होण्डा स्कूटी (जेएच01एफयू-0619) और मोबाईल जब्त किया है।

इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत मधुकम रूगढ़ीगड़ा के पास जुतून लिण्डा के द्वारा घर में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) का अवैध खरीद-बिकी किया जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम का गठन कर नूतन लिण्डा के मधुकम रूगड़गड़ा स्थित घर का विधिवत घेराबंदी किया गया। इसी क्रम में पुलिस को देखकर वहां मौजूद लोग पीछे बाउण्ड्री वाल के तरफ से भागने लगा। इस पर दो व्यक्ति को घेर कर पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम नुतून लिण्डा उर्फ मिथुन और अमन जायसवाल बताया। इसके बाद ननकु लिण्डा उर्फ मिथुन का घर का विधिवत तलाशी लिया गया तो घर के कमरे से प्लास्टिक में रखा हुआ गांजा करीब 1.052 किलो ग्राम एवं पलंग के नीचे बॉक्स में गांजा बिक्री का कुल नगद-2 लाख 71 हजार रूपया बरामद किया गया है। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि अवैध गंजा का खरीद बिकी का मुख्य सरगना ननकु लिण्डा(शास्त्री चौक, मधुकम, रूगडीगड़ा) के द्वारा बाहर से लाकर उन दोनों से पुड़िया बनाकर लोगों को बेचने का काम करवाता है।

पुलिस को देखकर पीछे बाउण्ड्रीवाल के तरफ से अन्धेरा का फायदा उठाकर भाग गया है और बरामद पैसा के बारे में बताया कि ये गांजा बिकी का पैसा है। इसके बाद दोनों को विधिवत गिरफतार कर थाना लाया गया। और इस संबंध में सुखेदवनगर थाना काण्ड सं0-1/26 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक, सुनिल कुमार कुशवाहा, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुखदेवनगर थाना, एसआई सहवीर उरांव, एसआई बंजरग टोप्पो, एसआई बबलू बेसरा, एसआई मीनकेतन कुमार, एसआई प्रदीप सवैया सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### आज से रांची में ऑल इंडिया जजेज बैडमिंटन टूनार्मेंट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के तत्वावधान में दूसरा ऑल इंडिया जजेज बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन 3 और 4 को होटवार स्थित खेल गांव परिसर के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में देश के नौ हाईकोर्ट के 30 से अधिक न्यायाधीश भाग लेंगे। टूनार्मेंट का उद्देश्य न्यायपालिका से जुड़े पदाधिकारियों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना, आपसी सौहार्द को मजबूत करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खेल गांव परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बैडमिंटन कोर्ट तैयार किए गए हैं। टूनार्मेंट के दौरान चार श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इनमें मेन सिंगल्स, मेन डबल्स, वूमेन सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स शामिल हैं। विभिन्न राज्यों से आए न्यायाधीश इन स्पधाओं में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### 6 से 10 तक सभी प्रखंडों में लगेगा स्वास्थ्य मेला

**रांची।** आम नागरिकों को सुलभ, समेकित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देश पर 6 से 10 जनवरी तक सभी प्रखंडों में प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले में यह मेला 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों- नगड़ी, इटकी, राहे और खलारी में लगेगा। स्वास्थ्य मेले के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, गैर संचारी रोगों की जांच (बीपी-शुगर), टीबी, मलेरिया, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग की जांच, नेत्र एवं दंत चिकित्सा, पोषण परामर्श, परिवार नियोजन सेवाएं तथा आयुष परामर्श निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ओपीडी सेवाएं, आवश्यक जांच, दवा वितरण, रेफरल सुविधा एवं स्वास्थ्य जागरुकता से संबंधित गतिविधियां भी संचालित होंगी।

### स्थाई वीसी नहीं होने पर आजसू नेजताया विरोध

**रांची।** आजसू ने झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि इन विश्वविद्यालयों में स्थाई कुलपति, रजिस्ट्रार व अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य ठप पड़े हैं। शिक्षकों और कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने की समस्या भी उत्पन्न हो गयी है। आजसू ने राज्यपाल से मांग की कि सभी विवि में स्थाई वीसी व अन्य की अविलंब नियुक्ति की जाए।

### डीएसपीएमयू में बीएड कोर्स में आवेदन आमंत्रित

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-27 में रिक्त स्थानों पर बीएड कोर्स में नामांकन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी यथायोग्य श्रेणियों में आवेदन-पत्र शिक्षा-शास्त्र विभाग में अपने सीएमएल रैंक व श्रेणी का उल्लेख करते हुए 07 तक जमा कर सकते हैं।

### बस स्टैंड में अतिक्रमण हटाने का विरोध

**रांची।** दिसंबर में नगर निगम द्वार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। जिसके बाद पीड़ित परिवार के लोग नगर निगम पहुंचे। इस दौरान दुकानदारों ने बताया कि दिसंबर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। लोगों ने कहा कि जबतक दुकान आवंटित नहीं होता है। तबतक दुकान लगाने दिजिए। कहा कि नगर निगम सब कुछ छीन लिया। रोज कमाने और खाने वाले लोगों को निगम परेशान कर रहा है। अपना दर्द बयां करते हुए सबने कहा कि दुकान के अलावा कोई और दूसरा विकल्प नहीं है। छोटी दुकान से ही घर परिवार चलाते हैं।

### बाइक सवार युवकों ने की मोबाइल छिनतई

**रांची।** छिनतई की घटनाएं थम नही रही है। सुखदेव नगर अंतर्गत गंगा नगर में रहनेवाले राजीव कुमार ने अज्ञात बाइक सवार अपराधियों के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। राजीव कुमार ने पुलिस को बताया है कि चापू टोली से पैदल अपने मोबाइल पर बात करते घर जा रहे थे, इसी क्रम में बाइक पर सवार दो युवक झपट्टा मार कर मोबाइल छिनतई ले भागे।

# जगद्गुरु अनिरुद्धाचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन प्रस्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में धनुर्मास पर्यन्त वैकुण्ठ एकादशी महोत्सव के उपलक्ष्य पर श्रीधाम वृंदावन से पधारें जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज शुक्रवार को वृंदावन के लिये प्रस्थान किये । इसके पहले जगतगुरु श्रीस्वामीजी भगवान वैकुण्ठाधिपति श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के महाभिषेक का दर्शन किया । महाराज श्री के हाथों ही संकल्प पूर्वक महाभिषेक का शुभारंभ हुआ। भगवान को दूध, दधि ,हल्दी ,चंदन, शहद केसरयुक्त जल , डाभयुक्त जल और गंगाजल आदि अनेक औषधिय द्रव्यों से महास्नान कराया गया । इसके बाद भगवान का श्रृंगार- अलंकार समर्पण करके नक्षत्र, कुंभ और कपूर से महा आरती की गयी । फिर पोंगल, खीर ,चटनी, फल और मेवा का बालभोग निवेदन हुआ। यह सभी अनुष्ठानिक क्रिया कलाप जगद्गुरु श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। तत्पश्रात श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान सर्वज्ञ हैं। भगवान सब जानते हैं। जब मनुष्य का भाग्योदय होता है तो वह मंदिर जाकर भगवान के अर्चावतार का दर्शन करता है। अर्चावतार भगवान का सबसे सुलभ अवतार है। जो भगवान अनंता - अनंत कोटि ब्रशांडों के नायक हैं। वे भगवान अर्चक के अधीन हो जाते हैं। अर्चक जैसे भोग लगाते हैं भगवान पा लेते हैं। अर्चक भगवान को ठंड से बचाने के लिए औषधि का भोग लगाते हैं। गर्म वस्त्र धारण करवाते हैं और समय से स्नान कराते हैं। इसके बाद महाराज श्री के साथ उनके सहयोगी श्री गोविंद दास जी और अन्य परिकर को मंत्रोंच्चारण पूर्वक माल्यार्पण करके एक स्वागत समारोह के साथ विदायी की गयी । मंदिर के अर्चक सत्यनारायण गौतम , गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मंत्रों के साथ अन्य उपचार -प्रत्युपचार पूर्वक सारे अनुष्ठानिक कार्यक्रम को विधिवत्त संपन्न कराया। मौके पर मुख्य रूप से मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, किशन नरसरिया, गौरी शंकर साबू, मंजू लता साबू, रंजन सिंह, प्रभात मित्तल, आनंद गिरि आदि की भूमिका रही।

# रांची विश्वविद्यालय के स्नातक सेमेस्टर-6 परीक्षा 16 जनवरी से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय बीए/बीएससी/बीकॉम नियमित सेमेस्टर-6, सीबीसीएस (बैकलॉग) व वोकेशनल पाठ्यक्रम परीक्षा-2025 का कार्यक्रम व परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होंगी और 28 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षाएं प्रतिदिन दो पालियों में संपन्न होंगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दिन के 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है। परीक्षा कार्यक्रम में सीबीसीएस के अंतर्गत सीसी-13, सीसी-14, डीएसई-3, डीएसई-4, डीएसई-बी, एसईसी-4 विषयों के साथ-साथ नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत एमजे-12 से एमजे-15 और मल्टी-डिसिप्लिनरी/वोकेशनल (एमएनवी) विषय शामिल हैं।

मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, क्षेत्रीय भाषाओं व वोकेशनल कोर्स के बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा संचालन के लिए 22 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन कॉलेजों में बनाए गए सेंटर एसजीएम कॉलेज रांची, मांडर कॉलेज, जेएन कॉलेज धुर्वा, संत पॉल्स कॉलेज रांची, आरएलएसवाई कॉलेज रांची, वाईएसएम कॉलेज रांची, निर्मला कॉलेज रांची, एसएस मेमोरियल कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, बिरसा कॉलेज खूंटी, पीपीके कॉलेज बुंडू, सिल्ली कॉलेज सिली, बीएस कॉलेज लोहरदगा, केओ कॉलेज गुमला, बीएनजे कॉलेज सिसई, केसीबी कॉलेज बेड़ो, रांची वीमेंस कॉलेज रांची, एसके बागे कॉलेज कोलेबिरा, संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा, सिमडेगा कॉलेज और बसिया कॉलेज शामिल हैं।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के लिये नहीं हुआ नगर निकाय चुनाव : दीपक प्रकाश

- नगर निगम चुनाव की तिथि घोषित करने व ईवीएम से चुनाव की मांग को लेकर सात जनवरी को महाधरना देगी भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के उद्देश्य से नगर निकाय चुनाव नहीं करा रही है। श्री प्रकाश शुक्रवार को भाजपा महानगर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक रातू रोड स्थित महानगर कार्यालय में था। इसकी अध्यक्षता वरुण साहू ने की। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब चुनाव की तिथि घोषित करनी चाहिये। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये ईवीएम से चुनाव कराना चाहिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिये सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जब-जब जनता के अधिकारों पर कुठाराघात होगा, तब-तब भाजपा सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। वरुण साहू ने कहा कि नगर निगम चुनावों को टालना सीधे-सीधे लोकतंत्र का अपमान है। झारखंड सरकार जनता के अधिकारों से डर रही है। इसलिये, चुनाव कराने से भाग रही है। बैठक में फैसला लिया गया कि अविलंब नगर निगम चुनाव की तिथि घोषित करने एवं ईवीएम से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग को लेकर आगामी 7 जनवरी को नगर निगम कार्यालय के समक्ष महाधरना दिया जायेगा। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिये विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इसमें संजीव विजयवर्गीय, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राकेश भास्कर, अरुण झा, कमाल खान, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, संजय जयसवाल,रमेश सिंह, संजय टोप्पो, रोशनी खलखो, राजू सिंह, विनय सिंह, ओम प्रकाश, अजीत भगत, बीणा मिश्रा, पूनम जयसवाल, बलसाई महतो, देवेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, रवि मुंडा, ऋषभ गखड़, आनंद वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# चौधरी शिवराज सिंह ने सीएमपीडीआई के सीएमडी का पदभार ग्रहण किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में चौधरी शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, श्री सिंह सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष कार्यभार अधिकारी के रूप में और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) तथा नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। कोयला क्षेत्र में 35 वर्षों की अनुकरणीय सेवा के साथ एक प्रतिष्ठित खनन पेशेवर, परियोजना प्रबंधन, ओपनकास्ट खदान योजना और संचालन, संगठनात्मक व्यवसाय योजनाओं और उद्यम जोखिम प्रबंधन में व्यापक विशेषज्ञता रखते हैं।

श्री सिंह ने 1990 में आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी से खनन इंजीनियरिंग में बी. टेक की डिग्री प्राप्त की और उसी वर्ष एनसीएल में अपनी सेवा की शुरूआत की। उन्हें कोयला क्षेत्र में 17 वर्षों का और कारपोरेट प्लानिंग में 18 वर्षों का अनुभव है, जिसमें मेगा खुली खदानों और एनसीएल के कारपोरेट प्लानिंग विभाग में भूमिकाएं शामिल हैं। सीआईएल में उन्होंने मुख्य जोखिम अधिकारी और कारपोरेट प्लानिंग डिविजन के प्रमुख के रूप में कार्य किया। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में सिंगरौली कोयला क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान का नेतृत्व एवं योजना-निष्पादन संबंधों की स्थापना करना शामिल है जिसने एनसीएल को 100 मीट्रिक टन प्रति वर्ष से अधिक कोयला उत्पादन तक पहुंचाया और सीआईएल विजन 2047 तथा दीर्घकालिक योजना 2035 शामिल है। श्री सिंह एग्जीक्यूटिव एडुकेशन एंड एडवांस मैनेजमेंट एक्सपोजर के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, स्विटजरलैंड, आस्ट्रिया, स्लोवेनिया की यात्राओं और एग्जीक्यूटिव एडुकेशन एंड बिजनेस डेवलपमेंट के लिए उज्बेकिस्तान तथा आस्ट्रेलिया की यात्राओं के माध्यम से वैश्विक अनुभव प्राप्त किया है। उनकी नियुक्ति से सीएमपीडीआई की माइन प्लानिंग, डिजाइन और तकनीकी प्रगति से संबंधित रणनीति पहलों को मजबूती मिलेगी, जिससे पूरा कोयला उद्योग को लाभ होगा।

# संजय सेठ ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को अपने सांसद मद से लगभग 24 लाख की लागत से बनने वाली विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। शहर के वार्ड नंबर 10 में सुंदर बिहार और शिव शक्ति नगर को जोड़ने वाली पथ पर कल्वर्ट का निर्माण, वार्ड नंबर 6 शिव शक्ति नगर के रोड नंबर एक में पीसीसी पथ का निर्माण, नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत में सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य होना है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का विकास किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक नवीन जायसवाल, प्रदीप सिन्हा, संजीव विजय वर्गीय, सुभाष अग्रवाल, रतन अग्रवाल, पवन कुमार सिंह सोनू मिश्रा, जितेंद्र सिंह पटेल, युवराज पासवान, जय किशन, पूनम देवी, बजरंग महतो आदि सम्मिलित थे।

# कविता मनुष्यता की उच्च भूमि है : डॉ जेबी पाण्डेय

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** राष्ट्रीय पुस्तक मेला में शुक्रवार को पूर्व आईपीएस पदाधिकारी देव बिहारी शर्मा की दो कविता पुस्तकों -संघानित और तुम अपनी नफरतें मुझे दे दो का मंचस्थ अतिथियों के कर कमलों से लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि कविता मनुष्यता की उच्च भूमि है और कविता ईश्वरीय वरदान है, परमात्मा जब किसी पर बहुत प्रसन्न होता है तो उसे कवि रूप में नवाजता है। विमोचन समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व आई पी एस पदाधिकारी डा प्रशांत कर्ण ने कहा कि कविता लिखना कठिन काम है। इस विमोचन समारोह में डा वासुदेव प्रसाद,महर्षि मेंही आश्रम रांची के स्वामी निर्मलानंद, आर के नीरद,डा हीरानंदन प्रसाद,डा आर के सिन्हा,डा मीनू सिन्हा, डा संतोष कुमार आदि ने भी अपने सारगर्भित उद्बोधन से कार्यक्रम में चार चांद लगाया।आगत अतिथियों का भव्य स्वागत मेला के संयोजक डा चंद्रभूषण ने, संचालन डा ओम प्रकाश ने, सरस्वती वंदना डा रूपमाला ने, संयुक्त रूप से फोटोग्राफी उमेश कुमार महतो एवं निरंजन कुमार मंडल ने और धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता ललन कुमार सिंहा ने किया।राष्ट्र गान और शांति पाठ से समापन हुआ।

## खबर एक नजर में

### रंजीत पांडे ने 500 गरीबों को दिया कंबल



**रांची।** समाजसेवी सह भाजपा नेता रंजीत पांडे ने मेसरा के कालीमंदिर, फुरहुरा टोली, केदल और गेतलहातू में 500 से अधिक गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे पूण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य संजय महतो, पूर्व मुखिया गंगा कारमाली, प्रभात कुमार, प्रदीप सिंह, समाजसेवी श्रीराम सिंह, राजा महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

### राज्यपाल से यूनिफॉर्म लीव कैलेंडर में सुधार की मांग : एस अली

**रांची।** झारखंड छात्र संघ ने विश्वविधालयों के लिये जारी वर्ष 2026 के यूनिफॉर्म लीव कैलेंडर में संशोधन के साथ पूर्व के भाति छुट्टियों को शामिल करने से सबंधित मांग पत्र राज्यपाल के नाम सौंपा है। संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने बताया कि राज्य के विश्वविधालयों के लिये राज्यपाल सचिवालय द्वारा यूनिफॉर्म लीव कैलेंडर में कई महत्वपूर्ण जयंती, त्योहार और राजकीय जतरा.मेला को शामिल नही किया गया। इनमें. हजरत अली की जयंती, गुरू गोविंद सिंह जयंती, चैहल्लुम, मुडमा जतरा मेला एवं अन्य है।

### सीसीएल कर्मी चंद्र शेखर प्रसाद का निधन

रांची। सीसीएल कर्मी चंद्र शेखर प्रसाद का निधन शुक्रवार सुबह 11 बजे ह्रदय गति रुक जाने से हो गया। वे यूनिट बरका सयाल भुरकुंडा में ड्यूटी में थे। वे लंबे समय से बीमार थे। सीसीएल गांधीनगर कांके रांची में इलाज चल रहा था। गंभीर स्थिति को देखते हुए सीसीएल के डॉ के द्वारा रेफर (मेडिका) भगवान महावीर मनिपाल हॉस्पिटल बुटी किया गया था। निधन के बाद वह अपने पीछे पत्नी दो पुत्र, सूरज प्रसाद, आकाश प्रसाद, तीन पुत्री छोड़ गये हैं।

### डीसी ने आठ बीडीओ को आईकार्ड दिया, पारदर्शिता से काम करने को कहा

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के आठ प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पहचान पत्र (आई–कार्ड) प्रदान किए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को नववर्ष शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचें और प्रखंड कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय परिसरों में किसी भी प्रकार के बिचौलियों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहे और इस पर सख्त निगरानी रखी जाए।

### सप्लाईकर्मियों की मांगों पर 48 घंटे में विचार नहीं, तो मुख्यालय होगा जाम

**रांची।** एचईसी के सप्लाई श्रमिकों ने प्रबंधन को 48 घंटे के अंदर उनकी मांगों पर विचार करने को कहा है। यदि इस अवधि में प्रबंधन की ओर से स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया तो सोमवार को सप्लाई श्रमिक उग्र आंदोलन करेंगे। किसी भी निदेशक और अधिकारी को मुख्यालय के अंदर प्रवेश नहीं करने देंगे। यह घोषणा शुक्रवार को एचईसी सप्लाई मजदूर जन संघर्ष समिति की सभा में की गयी। सभा से पहले कामगारों ने नेहरू पार्क से जुलूस निकाला गया, जो मुख्यालय पहुंचा, जहां सभा का आयोजन किया गया। बता दें कि एचईसी के सप्लाई श्रमिकों की आउटसोर्सिंग कंपनी का अनुबंध समाप्त हो गया है। सप्लाई श्रमिक प्लांटों में नहीं जा रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एचईसी प्रबंधन, विशेषकर निदेशकों पर गंभीर आरोप लगाए। वक्ताओं का कहना था कि निदेशक जानबूझकर ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहे हैं, जिससे सप्लाईकर्मी आंदोलन को मजबूर हों। बाद में इसी आंदोलन को उत्पादन में गिरावट का कारण बताकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन हर स्तर पर विफल साबित हुआ है।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, भक्तों ने किया दर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नववर्ष के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में आस्था, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस विशेष अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। प्रभु श्री राधा रानी और श्री कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार वृंदावन से विशेष रूप से मंगाये गये जड़ी-मोती जड़ित आभूषणों एवं आकर्षक पोशाकों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रृंगार की दिव्यता और सौंदर्य को देखकर भक्त देर तक निहारते रहे और राधे-राधे व जय श्री कृष्ण के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाया गया। वहीं कार्यक्रम की भव्यता को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए कोलकाता से पधारे ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा नृत्य-नाटिका, कृष्ण लीला, सजीव झांकियां एवं भजन जागरण का मनमोहक आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था के लिए ट्रस्ट की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे।

इस पावन अवसर पर मंदिर में 251 किलो केसरयुक्त खीर का महाप्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। मौके पर डुंगरमल अग्रवाल, विजय अग्रवाल,निर्मल जालान, निर्मल छावनिका,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

### स्मार्ट जीवन के लिये एआई भविष्य की तस्वीर

**रांची।** द फर्स्ट लुक 2026 के तहत इवेंट की थीम योर कम्पेनियन टु एआई लिविंग को प्रस्तुत किया गया है। इसमें यह दिखाया गया है कि किस तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उत्पादों और सेवाओं के साथ सहज रूप से जोड़ा जा रहा है। ताकि रोजमर्रा की ज़िंदगी को अधिक सरल और सहयोगी बनाया जा सके। इसमें रोशनी और रेखाओं के प्रभाव के माध्यम से नये इनोवेशन्स का माहौल रचा गया है। इस प्रस्तुति में सैमसंग द्वारा एआई को अपने पोर्टफोलियो में समाहित करने की सोच को सामने रखा गया है। इससे उपयोगकर्ता के दैनिक जीवन में तकनीक को एक भरोसेमंद साथी के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया गया है। मीडिया इवेंट में कंपनी के सीईओ और डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के प्रमुख टीएम रोह के शामिल होने की जानकारी भी दी गई है।

# झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट को ले लिखित परीक्षा आयोजित



**रांची।** झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी गुजरात कंपनी के द्वारा डिप्लोमाधारी मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल तथा मेचस्ट्रॉनिक्स के 1200 विद्यार्थियों के बीच प्लेसमेंट हेतु लिखित परीक्षा, टेकनिकल इंटरव्यू तथा एचआर राउड इंटरव्यू लिया गया। प्लेसमेंट हेतु आये सभी अभ्यार्थी विश्वविद्यालय से संबद्धता डिप्लोमा संस्थानों के अभ्यर्थी थे। कंपनी शार्टलिस्ट करने के पश्चात अभ्यर्थियों को जानकारी उपलब्ध कराने के साथ विश्वविद्यालय को भी सूची उपलब्ध करायेगी। चयनित अभ्याथियों को 228000 तक वार्षिक वेतन कंपनी के द्वारा दिया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निशांत कुमार कुलसचिव, डॉ प्रवीर कुमार, डॉ राम सिंह उपस्थित थे।

# झारखण्ड चैम्बर की बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग 5 जनवरी को

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा व्यापारिक आपसी सहयोग को बढ़ावा देने एवं सदस्यों के व्यवसाय को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष बैठक में झारखण्ड चैम्बर के सदस्य आपस में अपने–अपने व्यवसाय की संक्षिप्त जानकारी साझा करेंगे एवं अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रचार–प्रसार कर सकेंगे। पहली बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग 5 जनवरी को संध्या 5 बजे आयोजित की गई है। इच्छुक सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे इस आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान सदस्यों को आपसी संपर्क सुदृढ़ करने के लिए विज़िटिंग कार्ड साथ लाने का भी आग्रह किया गया है। यह जानकारी चैम्बर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने देते हुए कहा कि यह पहल न केवल सदस्यों के बीच व्यापारिक नेटवर्क को मजबूत करेगी, बल्कि नए व्यावसायिक अवसरों के द्वार भी खोलेगी।

# नववर्ष पर सेल, सैटेलाइट टाउनशिप में भव्य मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** नये साल के अवसर पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) रांची यूनिट के कर्मचारियों तथा उनके परिवार के लिए सैटेलाइट टाउनशिप स्थित सामुदायिक भवन में एक आधिकारिक गेट-टुगेदर सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ स्टील एग्जीक्यूटिव्स (एएसई), सेल रांची यूनिट की ओर से किया गया। कार्यक्रम में सेल रांची यूनिट के वरिष्ठ अधिकारीगण ई.डी. (सेट) एस.के. वर्मा, ई.डी. (सुरक्षा) के.आर. रामकृष्णा, ई.डी. (डिजिटल) दीपक जैन, ई.डी. (एच.आर.) संजय धर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम के दौरान स्वादिष्ट भोजन और मनमोहक गायन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाया। यह आयोजन सेल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट चंचल सिंह, जनरल सेक्रेटरी राहुल श्रीवास्तव तथा एसोसिएशन की पूरी टीम के नेतृत्व में सेल प्रबंधन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और सकारात्मक कार्य संस्कृति को और सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की सराहना की और नववर्ष के लिए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

# नि:शुल्क आश्रयगृह मरीजों के परिजनों के लिए बना बड़ी राहत का केंद्र

- वर्तमान में आश्रय गृह में कुल 20 बेड उपलब्ध हैं

नीतू झा






**रांची।** राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के तहत भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के वित्त संपोषण से आश्रम विहीनों हेतु रिम्स के नजदीक बरियातु में संचालित आश्रयगृह का संचालन रौनक स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जाता है। यह आश्रय गृह इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों के लिए बड़ी राहत का केंद्र बन गया है। वर्तमान में आश्रय गृह में कुल 20 बेड उपलब्ध हैं, जो महिला और पुरुष दोनों के लिए समान रूप से निर्धारित हैं। आश्रयगृह की केयर टेकर निशा देवी ने बताया कि यहां ठहरने के लिए केवल आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य है। मरीज के परिजनों को एक दिन या ज्यादा से ज्यादा दो दिनों तक निःशुल्क ठहरने की अनुमति दी जाती है। जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिलती है। आश्रय गृह में ठहरे परिजन रंजन कुमार ने कहा कि यहां मुफ्त में रुकने की सुविधा मिल गई, नहीं तो होटल में काफी खर्च हो जाता। यह नगर निगम की बहुत अच्छी पहल है।

**50 बेड तक क्षमता बढ़ाने की व्यवस्था की जाये : केयरटेकर**

यहां कम से कम 50 बेड की व्यवस्था की जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद मरीजों के परिजन इसका लाभ उठा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि कभी-कभी यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है, जिसे रोकने के लिए सुरक्षा की व्यवस्था हो। फिलहाल आश्रयगृह में शौचालय की व्यवस्था सामुदायिक (सुलभ शौचालय) के माध्यम से की जा रही है। इसलिए सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द आश्रयगृह में शौचालय का निर्माण किया जाए।

# पारस हॉस्पिटल में जटिल कूल्हा का प्रत्यारोपण सर्जरी सफल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अस्पताल के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विवेक कुमार डेविड के नेतृत्व में एक अत्यंत जटिल कूल्हा का प्रत्यारोपण सर्जरी को सफलतापूर्वक किया गया। सर्जरी के बाद मरीज महज 24 घंटे के भीतर चलने लगीं। मरीज एक वृद्ध महिला हैं, जिन्हें घर में गिरने से कूल्हे की हड्डी में गंभीर फ्रै^ र हो गया था। दर्द की तीव्रता के कारण वे चलने-फिरने और करवट लेने तक में असमर्थ थीं, मरीज का कई दवाइयों और धातुओं से एलर्जी होना, जिससे एनेस्थीसिया देने और इम्प्लांट के चयन में विशेष सावधानी बरतनी पड़ी। डॉ. विवेक की टीम में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, एलर्जी विशेषज्ञ और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ शामिल थे। जिन्होंने सर्जरी से पूर्व विस्तृत जांच और एलर्जी परीक्षण किए। इसके बाद मरीज के लिए विशेष हाइपोएलर्जेनिक इम्प्लांट और सुरक्षित दवाइयों का चयन किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की एलर्जिक प्रतिक्रिया की आशंका को समाप्त किया जा सका। सर्जरी पूरी तरह सफल रही। आधुनिक फिजियोथेरेपी और फास्ट-ट्रैक रिकवरी प्रोटोकॉल के तहत मरीज ने ऑपरेशन के 24 घंटे के भीतर चलना शुरू कर दिया। फैसलिटी डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।

# बिरसा जैविक उद्यान में बढ़ी सैलानियों की संख्या

## नववर्ष के दूसरे दिन भी पर्यटन क्षेत्र रहे गुलजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** नववर्ष का उत्साह दूसरे दिन भी कम होता नहीं दिखा। क्षेत्र के सभी पर्यटन क्षेत्र गुलजार रहे। वहीं होटल व रेस्तरांओं में भी भीड़ देखी गई। एक जजवरी की अपेक्षा दो जनवरी को भगवान बिरसा जैविक उद्यान में पर्यटकों की संख्या और बढ़ गई। एक जनवरी को जहां करीब 10 हजार सैलानी उद्यान पहुंचे थे, वहीं दूसरे दिन यह संख्या 10 हजार से अधिक हो गई।

काफी संख्या में पर्यटकों के बिरसा जैविक उद्यान पहुंचने के बावजूद भी आमद में अपेक्षाकृत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हो सकी। इसका मुख्य कारण बताया गया कि दो जनवरी को उद्यान पहुंचने वाले सैलानियों में बच्चों की संख्या अधिक थी। बच्चों के टिकट दर बड़ों की तुलना में आधे होने के कारण कुल आय में सीमित वृद्धि दर्ज की गई। बावजूद दो जनवरी को भी उद्यान प्रशासन को सात लाख रुपये से अधिक की आमद हुई। जिस तरह लगातार पर्यटक जैविक उद्यान पहुंच रहे हैं, उससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष जनवरी व फरवरी माह में अन्य वर्ष की अपेक्षा अधिक सैलानियों जैविक उद्यान पहुंचेगें। इधर क्षेत्र के रूक्का डैम पर्यटन क्षेत्र में भी दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचे।

परिवार व मित्रों के साथ आए लोगों ने मौके पर भोजन बनाकर पिकनिक का आनंद लिया। वहीं कई सैलानी कई स्थानों पर गंदगी भी छोड़ दिए जाने से स्वच्छता को लेकर चिंता भी सामने आई है। प्रशासन व स्थानीय लोगों द्वारा पर्यटकों से डैम क्षेत्र की साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की गई है।



ओरमांझी में जैविक उद्यान के वन्य पशु पक्षियों को देखते सैलानी।

## वीबी-राम-जी योजना को प्रचारित करने का आहवान

**अनगड़ा।** केन्द्र सरकार के द्वार मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी- राम- जी) को प्रत्येक ग्राम सभा में चर्चा करने तथा ग्रामीणों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाने को लेकर भाजपा मंडल पदाधिकारियों एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ श्री श्री ज्ञान मंदिर रंगामाटी में भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहराय बेदीया की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भारत सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदल कर विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशनग्रामीण (वीबी- राम -जी) के बारे में में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने मनरेगा का बदला हुआ नाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी । बताया कि मनरेगा में पहले 100 दिन एक परिवार को रोजगार देने की व्यवस्था थी उसके जगह अब 125 दिन एक परिवार को रोजगार दिया जाएगा ।उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा उक्त नए नामकरण वाली योजना के बारे में भ्रम फैलाया जा रहा है ।

## इटकी व नगड़ी क्षेत्र जंगली हाथी का उत्पात का जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** इटकी व नगड़ी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव हरही बिन्धानी में गुरुवार की रात एक जंगली हाथी उत्पात मचाते हुए खेतों में लगे गेहूं और मटर सहित अन्य फसल को अपना आहार बनाया और पैरों से रौंद कर फसलों को बर्बाद किया। हाथी ने अघनु पहान, बुदू पहान और सुमित कुजुर के अलावा अन्य किसानों के खेत में लगी गेहूं मकई और मटर की फसल को खा और रौंद कर बर्बाद कर दिया है। पिछले कई दिनों से जंगली हाथी का उत्पात का सिलसिला जारी है।

जानकारी के अनुसार शाम को जंगली हाथी हरही- बिन्धानी के सीमा क्षेत्र में विचरण करते हुए गांव में प्रवेश करने का प्रयास किया। लेकिन गांव वालों की एकजुटता और सुझ-बुझ के कारण गांव में प्रवेश नहीं कर पाया। रतजग्गा कर रहे लोग मशाल और लाईट जला कर हाथी को गांव से दूर खदेड़ने में सफल रहे। हाथी रात भर खेतों में उत्पात मचाने के बाद सुबह करीब आठ बजे जंगल में प्रवेश कर गया।

ग्रामीणों के अनुसार एक जंगली हाथी विगत कई दिनों से कादी जंगल में अपना स्थायी अड्डा बनाये हुआ है। शाम होते ही जंगल से निकल कर विचरण करते हुए गांव की ओर आ धमकता है। जिससे ग्रामीण काफी दहशत में हैं। हाथी को गांव में प्रवेश करने से रोकने के लिए ग्रामीण एकजुट होकर मशाल और लाइट जला कर गांव के बाहरी हिस्से में रतजग्गा कर रहे हैं। जबकि वन विभाग अब तक सोया हुआ है।

### खबर | एक नजर में

## कृषि जमीन अधिग्रहण पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन



सड़क निर्माण में कृषि भूमि अधिग्रहण का विरोध।

**राहे।** कृषि जमीन पर रोड निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर शुक्रवार को किसानों ने भारी विरोध जताया है। मांझीडीह, कुबाडीह, पुरनानगर महेशपुर, खाटंगा,डोमनडीह के किसानों ने अपने कृषि जमीन को लेकर महेशपुर में हल-कुदाल लिए विरोध प्रदर्शन किया ।मुख्य वक्ता राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा प्रभावित किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उपायुक्त रांची मंजुनाथ भजंत्री को शत प्रतिशत कृषि जमीन सड़क निर्माण के लिए नहीं देने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया है ।उक्त गांवों में ग्राम सभा कर ग्राम सभा कर जमीन नहीं देने का फैसला भेजा जा चुका है,पेशा नियमावली लागू होने के बाद बिना ग्राम सभा जमीन अधिग्रहण नहीं किया जा सकता। बुंडू-बंता रोड चौडीकरण के नाम पर माझीडीह, कुबाडीह, पुरनानगर, महेशपुर, खाटगा, डोमनडीह आदि मोजा की कृषि जमीन को सड़क निर्माण की कोशिश का किसान विरोध कर रहे हैं ।मौके पर महेशपुर ग्राम प्रधान अक्षय महतो, खाटंगा ग्राम प्रधान खेदन पातर, मुखिया कृष्ण पातर, कुबाडीह ग्राम प्रधान चंद्रिका प्रसाद गोंझू, नारायण महतो, गोबिंद महतो, पशुपति महतो, कार्तिक महतो, हेमंती देवी बसंती देवी, करूणा देवी आदि सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**सोनाहातू।** बारूहातू पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मुखिया सविता देवी की द्वारा पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंद वृद्ध महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के कुल दस वार्डों में 150 जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया। मौके पर मुखिया सविता देवी ने बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा प्रत्येक वार्ड के लिए 15-15 कंबल प्राप्त हुए थे, जिनका वितरण किया गया है। कंबल वितरण कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य रायमनी देवी, उप मुखिया विणा पानी देवी, पंचायत सचिव अनुपमा कुमारी, रोजगार सेवक शंकर सेठ, स्वयंसेवक आनंद बिट सहित सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणेश कुम्हार का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति : डॉ प्रदीप वर्मा



**बुंडू।** शुक्रवार को बुंडू भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश कुम्हार के असामायिक निधन पर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा बुंडू स्थित उनके घर पहुंचे। सांसद ने परिजनों से ढांढस बंधाते हुए कहा कि गणेश कुमार का जाना अपूर्णीय क्षति है। प्रदीप वर्मा ने कहा कि बहुत ही कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। संगठन मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। परिजनों को आर्थिक सहायता करते हुए सांसद में आश्वस्त किया कि किया कि जब उनकी आवश्यकता होगी वह संभव मदद का प्रयास करेंगे।

## पूरे हर्षोल्लास के साथ बजरंग मेला का हुआ समापन

**सिल्ली/मुरी।** मुरी ओपी क्षेत्र के पिस्का पंचायत के उरांगगाढ़ा नदी के तट पर सोमवार को बजरंग मेला का आयोजन किया गया। मेला में टूटकी के गाँव के अश्विनी कुमार महतो के द्वारा रामायण पाठ किया गया। मेला का मुख्य आकर्षण पांता नाच और झूमर रहा। मेले में काफी संख्या में महिला भी पहुंची थी। इसके अलावा मेला में महिलाओ ने टुसु लेकर पहुंची थी और टुसु में पहला स्थान लाने वाले दल को मेला कमिटी के द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। इसके अलावा मेला में मुर्गा लड़ाई, मिकी माउस बच्चे के झूले मिठाई की दुकाने आदि सजी थी। जिसका आनंद मेला प्रेमी ने खूब लिए। वही आयोजन समिति के प्रकाश कुमार महतो, पवन कुमार महतो प्रवीण कुमार मांझी माझी रोहित कुमार महतो राज हरिदास केशव महतो एवं श्री हरि महतो विधि व्यवस्था बनाए रखने में काफी सहयोग किया।

### भाजपा का अनुमंडल कार्यालय घेराव को लेकर तैयारी बैठक संपन्न

## नगर निकाय चुनाव तिथि अविलंब घोषित करें सरकार : डॉ प्रदीप वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बुंडू।** बुंडू स्थित राधारानी मंदिर प्रांगण में भाजपा द्वारा आगामी 05 जनवरी को अनुमंडल कार्यालय बुंडू में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष सुबोध मुखर्जी ने की तथा संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष विवेक जायसवाल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि राज्य में अफसरशाही हावी है और चुने हुए जनप्रतिनिधियों (पार्षद, मेयर आदि) के न होने से नगर निकायों में मनमानी और भ्रष्टाचार बढ़ गया है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भाजपा से डरी हुई है इसलिए नगर निकाय चुनाव जानबूझकर नहीं कराना चाहती है।

डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि दलीय आधारित चुनाव होने पर लोकतांत्रिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कार्यकताओं से धरना प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने का अपील किया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी वार्ड के लिए प्रभारी भी नियुक्त किये ।बैठक को वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश उरांव ने भी संबोधित किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत लाहेरी ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक दास, मंडल अध्यक्ष मेघनाथ महतो, अंबुज रजक ,खगेश महतो, सुभाष महतो व, महावीर सोनी, कालीचरण मुंडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र नाथ महतो,बंटी चौधरी, कैलाश हवाई,समेत कई लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम सफल बनाने के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए जो इस प्रकार है - वार्ड1-भास्कर मुखर्जी, वार्ड 2- चंदन मछुआ, विशाल कुमार, वार्ड 3- कैलाश हलवाई, विशाल कुमार, वार्ड 4- सुबोध मुखर्जी, वार्ड 5-अर्जुन महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, वार्ड 7-आलोक दास,किरण देवी, वार्ड 8-राजेश उरांव, वार्ड 9-विवेकानंद जायसवाल, वार्ड 10-रंजीत लाहेरी, वार्ड12-लक्ष्मण सिंह मुंडा, एवं वार्ड 13-महेश मुंडा ।

## जगमोहन ब्रदर्स और अगरटोली एफसी सेफा में

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव सिकिदिरी में शुक्रवार को ट्रिपल जंप सब जूनियर में रितिका सैनी को गोल्ड, आयुषी जायसवाल को सिल्वर, मिताली कुमारी ब्रॉन्ज, जूनियर में गायत्री कुमारी को गोल्ड, मनिका कुमारी सिल्वर, श्रेयसी कुमारी ब्रॉन्ज, सीनियर मोनिका कुमारी गोल्ड, दीप्ति कुमारी सिल्वर, नेहा कुमारी ब्रॉन्ज, 100 मीटर पीछे दौड़ सब जूनियर में अनु कुमारी गोल्ड, मनीषा कुमारी सिल्वर, मलक शाहीन ब्रॉन्ज, हाई जंप जूनियर गायत्री कुमारी गोल्ड, सोनम कुमारी सिल्वर, मोनिका कुमारी ब्रॉन्ज, सब जूनियर रितिका सैनी गोल्ड मायुति कुमारी सिल्वर, संध्या कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फुटबॉल बालक वर्ग में जगमोहन ब्रदर्स एवं आगरटोली एफसी सेमीफाइनल में पहुंची। पहले क्वार्टर फाइनल में जगमोहन एफसी ने सालहन एफसी को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 8 नंबर की जर्सी से खेल रहे रितेश थापा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में नायक ब्रदर्स गेतलसूद व आगरटोली के बीच बेहद रोमांचक मुकाबले में आगरटोली एफसी ने 7 नंबर की जर्सी से खेल रहे राजेश कुमार ने 10वे मिनट में शानदार गोल किया एवं अपनी टीम को 1-0 से जीत दिलाई। शानदार खेल के लिए राजेश कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी एवं भाजयुमो झारखंड के कोषाध्यक्ष श्रीनिवास ने मेडल सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रमन कुमार, उपाध्यक्ष बिरसा करमाली, पिंकी कुमारी सक्रिय सदस्य विजय सिंह, अजीत कुमार, कृष्ण गोपाल भद्र, लखींद्र बेदिया, विवेक बेदिया, राहुल कपटदार, टिकेश्वरी, अक्षय रजवार, कमलकांत साव, सूरज जायसवाल, कृष्णा जायसवाल आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री की दादी का निधन, श्रद्धांजलि देने पहुंचे कार्यकारी प्रदेष अध्यक्ष आदित्य साहू



**ओरमांझी।** भाजपा एसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीरज नायक की दादी सुषीला देवी 100 वर्ष के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका निधन एक जनवरी की शाम को हो गई। वहीं अंतिम संस्कार दो जनवरी को ओरमांझी स्थित डोम नदी मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। शोक की सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद सह भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू पहुंचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा संगठन उनके साथ खड़ा है। इसके अलावे पूर्व प्रमुख जय गोविंद उर्फ लाल साहू, काली पूजा समिति के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव श्याम किशोर महतो, समाजसेवी उमाशंकर साहू, सीताराम लाल गुप्ता, मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष शंकर महतो, सुनिल उरांव, दुगार्षंकर साहू, अमरनाथ चैधरी, दिलीप मेहता, शशि मेहता, मिथिलेश पांडेय, राजेंद्र साहू, धनेष महतो, प्रकाष महतो सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय लोग द्वारा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट किया गया।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा**
समाहरणालय भवन, राँची–पटना रोड, कोडरमा–825410, झारखण्ड
ई–मेल–kodermarmsa@gmail.com
जिला पुस्तकालय के लिए पुस्तक क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा
जिला पुस्तकालय के लिए पुस्तकों का क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राँची का पत्रांक–58, दिनांक 10.09.2025 के द्वारा जिला पुस्तकालय के लिए पुस्तक क्रय हेतु निविदा द्विलिफाफा पद्धति के अंतर्गत आमंत्रित की जाती है। पुस्तकों के क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा द्विलिफाफा पद्धति के अन्तर्गत इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 03.01.2026 से दिनांक 09.01.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है। भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक 10.01.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक जमा लिया जाएगा तथा निविदा उक्त तिथि को ही क्रय समिति के समक्ष अपराह्न 02:30 बजे खोली जाएगी। निविदा की सभी शर्त्ते हेतु कोडरमा के आधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध विज्ञापन में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 369930 School Education and Literacy(25-26)D



**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लोहरदगा**
Email-cs.lohardaga2@gmail.com

प्रखण्ड स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम– 2026

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | स्वास्थ्य मेला की तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, भण्डरा | 09.01.2026 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, भण्डरा |
| 2 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, किस्को | 06.01.2026 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, किस्को |
| 3 | प्रखण्डकार्यालय, पेशरार | 10.01.2026 | प्रखण्डकार्यालय, पेशरार |
| 4 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, कुडू | 08.01.2026 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, कुडू |
| 5 | प्रखण्डकार्यालय, कैरो | 07.01.2026 | मुहर्रममैदान, कैरो |
| 6 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, सदरलोहरदगा | 09.01.2026 | प्रखण्डकार्यालय परिसर, सदरलोहरदगा |
| 7 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, सेन्हा | 09.01.2026 | सामु0 स्वा0 केन्द्र, सेन्हा |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लोहरदगा

PR 369896 (Lohardaga)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।
ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–अल्पकालीन निविदा संख्या– 07/2025-26/RWD/CHATRA — दिनांक– 31.12.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/12/2025-26 | लावालौंग | हेडुम/कल्याणपुर | Construction of Road from RWD Road to MNREGA Park | 11714200.00 | एक करोड़ सतरह लाख चौदह हजार दो सौ मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.01.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.01.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.01.2026 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
7. यदि बिड्डर/निविदादाता का कोई कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अथवा किसी भी अन्य विभाग में पिछले 06 (छः) माह से अधिक लंबित पाया जाता है तो उसकी निविदा को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
8. किसी भी परिस्थिति में बिड्डर/निविदादाता के तकनीकी बिड खुलने/स्वीकृत होने के उपरान्त् ई–निविदा से वापस होने पर बिड्डर/निविदादाता के विरूद्ध SBD के नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 369876 Rural Work Department(25-26)D


# फन कैशल पार्क में पांच दिनी जिंगल्स 26 का समापन

## रीमिक्स गाने की धुन पर थिरके सैलानी, मैजिक का उठाया आनंद





टोरा-टोरा का आनंद उठाते पर्यटक व पुरस्कार लेते सोमरा तिर्की।

### पर्यटकों ने की राइडिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** छोटानागपुर फन कैशल पार्क में आयोजित पांच दिनी जिंगल्स-26 का समापन हो गया। सैलानियों ने परिवार के साथ खूब मस्ती किये। उन्होंने राइडिंग का मजा लिया। महिला और बच्चों ने टोरा-टोरा का आनंद उठाया। इस बीच जमकर हंसी-ठिठौली हुई। कैंटीन में बने लजीज व्यंजन का भी स्वाद चखा। घंटों गीत-नृत्य का दौर चला। युवा, बच्चे व महिलाओं ने रीमिक्स गाने की धुन पर धमाल मचाया और एक-एक पल को यादगार बनाने की कोशिश की। सैलानियों ने मैजिक का आनंद लिया। जादूगर संदीप ने लोगों को खूब हंसाया। संचालन सोनी सिंह ने किया।

**प्रतिभागी हुये पुरस्कृत :** महिला और बच्चियों ने म्यूजिकल चेयर, पासिंग बॉल, युवक-युवतियों ने डांस, महिलाओं ने फैशन-शो तथा बेस्ट कपल आदि प्रतियोगिताओं में कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किये गये। पुरस्कार पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इसमें सोनिया कुमारी, ऑनवी कुमारी, यशस्वी कुमारी, निशा देवी, सोमरा तिर्की, जशु कुमार व सुमित जयसवाल शामिल हैं। उन्होंने निदेशक नितेश नाथ शाहदेव के प्रति आभार जताया।


GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT | National Career Service

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला।**
भर्ती कैम्प– 2026
सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक–06.01.2026 दिन (मंगलवार) को पूर्वाह्न 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान– जिला नियोजनालय, गुमला कार्यालय परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required (Essential) | Experience if any | Age (Min. / Max Year) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RSWM LNJ BHILWARA GROUP | District Coordinator (For Male and Female Both) | 01 | Graduate/ Post Graduate Pass | 5 Years in Skill/Development Sector. | 18 to 40 years. | 20,000/- to 30,000/- Per Month. | Gumla |
| | | Block Coordinator (For Male and Female Both) | 01 | Graduate Pass | 3 Years in Skill/Development Sector. | 18 to 40 years. | 15,000/- to 25,000/- Per Month. | Gumla |
| | | Mobilizer (For Male and Female Both) | 03 | 10th, 12th, Graduate Pass | Nil. | 18 to 35 years. | 12,000/- to 18,000/- Per Month. | Gumla |
| 2 | LIC OF INDIA, GUMLA BRANCH. | LIC Bima Sakhi (Only For Female). | 50. | 10th, 12th Above Pass. | Nil. | 30 to 65 Years. | Commission Plus 7,000/- Stipend,Per Month. | Gumla, Jharkhand. |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण **Self Attested Copies of Aadhar Card, Pan Card, Educational Mark sheet and Residential, Caste Certificate** (यदि हो तो) उसकी एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है, चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
* किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 369891 Labour Employment and Traning(25-26)D

# चीन का मंसूबा

क्या भारत सरकार इन इरादों को समझ नहीं पा रही। अरुणाचल प्रदेश के 15 स्थानों के नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया था और ये भी कहा है कि आगे भी इस तरह नाम बदले जाएंगे। जिस पर विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी की थी कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न अंग रहा है और आगे भी हमेशा रहेगा। अमेरिका ने भारत को चेताया है कि चीन पाकिस्तान को लगातार सैन्य सहायता कर रहा है जो खतरनाक है। इस प्रकरण से समझ आता है कि चीन की नजर भारत के जिन क्षेत्रों पर है, वहां अपना प्रभाव कायम रखने के लिए चीन कोई न कोई हरकत करता ही रहेगा। ऐसे में सरकार को बड़े संभल कर रिश्तों को आगे बढ़ाना चाहिए। गलवान मामले के बाद सरकार ने चीन के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों की बात कही थी, कई चीनी ऐप्स प्रतिबंधित कर दिए गए थे। वोकल फॉर लोकल का मंत्र, राष्ट्रवाद के तड़के के साथ देश में चलाया गया कि सभी को चीनी सामानों का बहिष्कार कर, स्वदेशी अपनाना चाहिए। इस वजह से मध्यम और लघु व्यापारियों को काफी नुकसान भी हुआ, क्योंकि चीन में बने सामानों के भरोसे ही उनकी दुकानदारी चलती थी।मगर हाल ही में खबर आई कि भारत और चीन के बीच का द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया है। भारत अब 26.358 अरब डॉलर का सामान चीन को भेजता है, जबकि चीन से 87.905 अरब डॉलर का सामान मंगाता है। यानी चीन के सामान की बहिष्कार की बात खोखली है। चीन से संबंध बनाने में भारत को अति सावधानी की आवश्यकता है। वर्तमान समय में भारत का व्यापार और सामरिक चुनौतियों को किसी भी नीति के तहत नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बांग्लादेश में चीन का सामरिक अड्डा भी एक खतरनाक संकेत है।




**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3,5,7

**कर्क :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या :** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला :** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी क्षुब्धता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

**धनु :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुम्भ :** जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-2-4-6

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5।


**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# देश के बजट को लेकर उत्सुकता और उम्मीद




**वर्ष 1947** से अब तक 29 लोग वित्त मंत्री रह चुके हैं। इनमें से केवल के सी नियोगी ही ऐसे अकेले वित्त मंत्री रहे जो बजट नहीं पेश कर पाए। इसकी वजह यह है कि वह 1949 में केवल एक महीने के ही लिए वित्त मंत्री रहे थे। उसके बाद उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ ही कांग्रेस छोड़ दी।

इन 29 वित्त मंत्रियों में से तीन लोगों- जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए खुद ही एक-एक बार बजट पेश किया था। चार वित्त मंत्री ऐसे रहे जो आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री भी बने। इनमें मोरारजी देसाई, चरण सिंह, वी पी सिंह और मनमोहन सिंह शामिल हैं। एक और सिंह- जसवंत सिंह भी वित्त मंत्री रहे लेकिन छह तमिल इस पद को संभाल चुके हैं।

हालांकि निर्मला सीतारमण से पहले सिर्फ पांच वित्त मंत्री ही ऐसे रहे हैं जिन्हें बेहद असामान्य हालात का सामना करना पड़ा। यह लेख इस पहलू पर गौर करेगा कि इन लोगों ने किस तरह चुनौती का सामना किया।

संक्षेप में कहें तो चार वित्त मंत्री मुश्किल दौर से उबारने में सफल रहे। उन्होंने नाटकीय ढंग से पूरे देश का मिजाज ही बदलकर रख दिया। केवल 1957 में ही वित्त मंत्रालय संभाल रहे शख्स पर हालात भारी पड़े। यहां पर मैं यह जोड़ना चाहूंगा कि निर्मला इस समय जिस संकट का सामना कर रही हैं उसकी गहनता पिछले सभी संकटों के जोड़ के बराबर है।


### संकट काल के बजट

1947- विभाजन के बाद पहला बजट 20 नवंबर, 1947 को पेश किया गया था। कमोबेश समूचा बजट ही रेलवे को समर्पित किया गया था। भगवान ही बता सकते हैं कि सरकार के दिमाग में आखिर क्या चल रहा था।

1957- यह कांग्रेस के अवाडी अधिवेशन के बाद का पहला बजट था। कम वृद्धि, बढ़ी हुई मुद्रास्फीति और तेजी से कम होते संतुलन पर काबू पाने चुनौती थी। इससे निपटने के लिए कांग्रेस ने अवाडी अधिवेशन में अर्थव्यवस्था की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर ध्यान देने और भारी उद्योगों में बड़े पैमाने पर निवेश करने का फैसला किया था। इसके लिए धन जुटाने के इरादे से सरकार ने दूसरी पंचवर्षीय योजना में करों में भारी वृद्धि कर दी।

1970- छह बड़े संकटों के बाद पेश हुआ यह पहला बजट था। 1962 में चीन के साथ जंग, 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध, 1965 और 1966 में लगातार दो साल आए सूखे, 1966 के अवमूल्यन और 1969 में कांग्रेस का विभाजन हो चुका था। 1970 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना अकेला बजट पेश किया था। यह अर्थव्यवस्था में राज्य की संलिप्तता में भारी विस्तार का एक ब्लूप्रिंट था। इसने देश की मनोदशा ही पूरी तरह बदल दी। मतदाता इस बात से काफी खुश थे कि धनी लोगों से खूब कर वसूला जा रहा है।?

1985- यह बजट अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पेश किया गया था। वित्त मंत्री वी पी सिंह ने करों एवं शुल्कों में कटौती की, औद्योगिक लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाया और संसाधनों के समुचित आवंटन के लिए बाजार की तरफ संकोच-भरी निगाह डाली। उन्होंने घाटे के लिए बड़े पैमाने पर वित्त का प्रावधान रखा जिसका परिणाम 1991 के भुगतान संतुलन संकट के रूप में सामने आया।



**-सीए रंजीत सिंह**

> 1991- भुगतान संतुलन संकट के बाद का यह पहला बजट था। वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने रुपये का भारी अवमूल्यन किया, औद्योगिक लाइसेंसिंग को लगभग खत्म कर दिया और निर्यात सब्सिडी में कटौती की थी। सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क दोनों में कटौती की गई, प्रत्यक्ष करों को तर्कसंगत बनाया गया और विदेशी निवेश का दिल खोलकर स्वागत किया गया। देखते-ही-देखते पूरा माहौल ही बदल गया।

1991- भुगतान संतुलन संकट के बाद का यह पहला बजट था। वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने रुपये का भारी अवमूल्यन किया, औद्योगिक लाइसेंसिंग को लगभग खत्म कर दिया और निर्यात सब्सिडी में कटौती की थी। सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क दोनों में कटौती की गई, प्रत्यक्ष करों को तर्कसंगत बनाया गया और विदेशी निवेश का दिल खोलकर स्वागत किया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि देखते-ही-देखते पूरा माहौल ही बदल गया।

### अब क्या?

एक बार फिर ऐसा मौका आया है कि 2021 का बजट देश के डिस्क-ऑपरेटिंग सिस्टम को बदल सके। इस मौके को किसी भी हाल में गंवाना नहीं चाहिए। मेरी राय में पहला बिंदु यह होगा कि बजट को उसके आर्थिक परिप्रेक्ष्य में ही देखा जाए जिससे हम 1970 में भटक गए थे। सियासत का जरिया बन चुके पुनर्वितरण पर जोर देना बंद कर देना चाहिए क्योंकि इसके नतीजे नकारात्मक रहे हैं।

बुनियादी रवैये में बदलाव के लिए सरकार को खुलकर यह स्वीकार करना होगा कि देश को संपन्न एवं अच्छी आर्थिक हैसियत वाले लोगों की जरूरत है क्योंकि यही लोग खर्च, बचत एवं निवेश करते हैं। आर्थिक वृद्धि के इन चालकों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति पर हमेशा के लिए लगाम लगनी चाहिए। इसके लिए व्यक्तिगत आयकर को उसी तरह नीचे लाना होगा जैसे कॉर्पोरेट कर के मामले में किया गया है।

यहां पर मैं आपके समक्ष एक बेतुका एवं शर्मनाक आंकड़ा रखता हूं। कॉर्पोरेट कर से प्राप्त राजस्व व्यक्तिगत आयकर से प्राप्त राजस्व से थोड़ा ही अधिक है। इन दोनों का अनुपात क्रमशः 52 फीसदी एवं 48 फीसदी है। इतना ही नहीं, सरकार व्यक्तिगत आयकर के रूप में जो भी राजस्व अर्जित करती है उससे भी अधिक राशि अपने काफी हद तक नकारात्मक उत्पादक कर्मचारियों के वेतन और कोई भी योगदान नहीं देने वाले लोगों को पेंशन देने पर खर्च कर देती है। इससे भी बुरी बात यह है कि वह इनके भुगतान के लिए भारी उधारी भी लेती है। अब भीड़ को कम करने पर चर्चा करनी होगी।

2026 का बजट अगर सतत रूप से वृद्धि को बहाल रखना चाहता है तो उसे धनी एवं समृद्ध लोगों की जेब में पहले से अधिक रकम छोड़नी होगी। आयकर की केवल दो दरें होनी चाहिए। अगर मनमोहन सिंह जुलाई 1991 में हमें ईस्ट इंडिया कंपनी को भुलाने की स्थिति में ला सके तो निर्मला सीतारमण को भी नेहरूवादी कराधान को भूलने की जरूरत है। जीएसटी में सुधार का रैला अब बंद हो, कर के दर कम से कम करने, सरकारी खर्च की दिशा सही रखने की जरूरत बजट से हैं। गिग ईकोनॉमी को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना ही होगा।देश के निचले आय वर्ग के आय को बढ़ाना बजट की पहली प्राथमिकता होगी।

## खास बात

### बढ़ता भ्रष्टाचार

**अफसोस** की बात तो यह है कि यह भ्रष्टाचार उन विभागों में पाया जाता है, जिनका मुख्य काम लोगों के हितों की रक्षा करना है। पिछले साल के मुकाबले इस साल भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है। देश में भ्रष्टाचार का होना विकास के रास्ते में एक बहुत बड़ी बाधा है। सरकार का नैतिक कर्तव्य बनता है कि आम जनता के काम सार्वजनिक विभागों द्वारा पारदर्शिता से किये जाएं।

**-रविकांत, रांची**

### भरोसा आयुर्वेद पर

**भारत** में कोरोना का संक्रमण और मौत कम हुई। इसका कारण है रसोई घर के मसालों का दवाओं की तरह काम करना। प्राचीन आयुर्वेद पद्धति आधुनिक चिकित्सा से बिल्कुल भी बौनी नहीं है। लेकिन इस पद्धति को देश में प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों की रुचि कम रही है। इसका कारण भारतीयों का विदेशी मोह और सरकारों का इसके प्रति सुस्त रवैया है।

**– विकास, जमशेदपुर**

### बढ़ता साइबर क्राईम

**देश** में साइबर अपराध किस कदर बढ़ता जा रहा है इसका एक बड़ा मामला इस बुलीवाई ऐप के जरिए सामने आया है। मुंबई साइबर पुलिस ने बुली बाई' ऐप मामले के संबंध में उत्तराखंड से एक महिला को हिरासत में लिया और बेंगलुरु से इंजीनियरिंग के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि हिरासत में ली गई महिला, इस मामले में मुख्य आरोपी है। इससे पहले पुलिस ने, गिटहब' मंच के ऐप पर नीलामी' के लिए मुस्लिम महिलाओं के चित्र डाले जाने की शिकायत प्राप्त होने के बाद अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। उत्तराखंड से एक महिला को हिरासत में लिया है जो मुख्य आरोपी है। ऐसे मामले देश में बढ़ते जा रहे हैं। **– रविराज सिंह, रांची**

# खंड-खंड में बटना नियति नहीं प्रवृति है

**निशिकांत ठाकुर**

## सामयिक

**वंशवाद** या परिवारवाद शासन की वह पद्धति है जिसमें एक ही परिवार, वंश या समूह से एक के बाद एक कई शासक बनते जाते हैं। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री ने वंशवाद पर चोट करते हुए उन्हें धिक्कारा, जो आज भी वंशवाद के समर्थक हैं। पीएम का अप्रत्यक्ष, लेकिन सीधा कटाक्ष कांग्रेस पर था।

उन्होंने कहा, वंशवादी दल जो स्वयं लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हैं, वह लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर सकते हैं। सच है, भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में आज वंशवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। नेहरू परिवार के तीन सदस्य– जवाहर लाल नेहरू, बेटी इंदिरा गांधी और इंदिरा के बेटे राजीव गांधी, देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इनमें दो की हत्या आतंकवादियों द्वारा की जा चुकी है। आज जब राजीव के बेटे राहुल गांधी, कांग्रेस की इस परंपरा को आगे बढ़ाने की कोशिश में जी–जान से जुटे हैं, वहीं बहन प्रियंका वाड्रा भाई का साथ देने मैदान में कूद पड़ी हैं। पहले जहां आलोचना के बावजूद वंशवाद नेहरू गांधी परिवार का अचूक हथियार माना जाता था, आज वामपंथियों को छोड़ लगभग सभी दलों ने इसे बेझिझक अपना कर एक नई प्रथा सी कायम कर दी है।

नेहरू गांधी के बाद जम्मू और कश्मीर के दिवंगत मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्लाह के परिवार का नाम भी वंशवाद को लेकर बहुत आगे आता है। यहां उनके बेटे फारुख अब्दुल्लाह और पोते उमर दोनों राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उसी तरह जैसे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के मुफ्ती मुहम्मद सईद और उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती।

राजतंत्र हो या कुलीन तंत्र और वर्तमान का आरोपित लोकतांत्रिक ढांचा इन सब में एक बात पूर्णतया समान होती है और यह बात है वंशानुगत उत्तराधिकार तथा परिवारवाद की जिसमें सत्ता हमेशा पारिवारिक ढांचे के अंतर्गत प्रवाहित होती रहती है। खंड-खंड में बंटना नियति नहीं, प्रवृति है। 2014 में लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री पद के लिए भाजपा के तत्कालीन उम्मीदवार और आज के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी को शहजादा और तत्कालीन यूपीए सरकार को दिल्ली सल्तनत करार देते हुए गांधी परिवार पर ताना मारा था। मोदी ने उत्तर प्रदेश में अपने अभियान के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव की जोड़ी का जिक्र करते हुए भी कहा था, जहां मां और बेटे की सरकारों ने देश को तबाह कर दिया, वहीं उत्तर प्रदेश को पिता-पुत्र की सरकार ने बर्बाद कर दिया। मोदी और उनकी पार्टी के सहयोगियों ने वंशवादी संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर विपक्षी दलों के खिलाफ हमलावर रुख अपना रखा है, जबकि प्रमुख राजनीतिक परिवारों के सदस्य भाजपा में शामिल हो रहे हैं और आगे भी बढ़ रहे हैं। वर्ष 2019 में अखबार में छपी जानकारी के मुताबिक भाजपा के लगभग 11 प्रतिशत सांसदों, यानी 45 सदस्यों की पृष्ठभूमि वंशवाद की राजनीति से जुड़ी है। वर्ष 2019 के महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में तो मानों भाजपा और कांग्रेस के बीच इसकी होड़ ही लगी थी कि कौन कितने राजनीतिक वंशजों को मैदान में उतारेगा। भाजपा ने महाराष्ट्र और हरियाणा में राजनीतिक परिवारों से जुड़े 29 लोगों को मैदान में उतारा, जिनमें 17 ने जीत हासिल की। इस मामले में कांग्रेस का आंकड़ा 36 में से 21 का था।

पार्टी के अपने और दूसरी पार्टियों से आयातित वंशवादियों को मिलाकर भाजपा के पास कांग्रेस की तुलना में अधिक राजनीतिक वंशज हैं। उन्हें कांग्रेस के खिलाफ वंशवादी राजनीति के इस पुराने हथकंडे का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। यह एक पाखंड और उबाऊ बन चुका है। सच तो यह है कि किसी को अपना चेहरा स्वयं नहीं दिखाई देता है। उसे खुद को देखने के लिए दर्पण अथवा पानी के सामने जाना पड़ता है। जब हम किसी और की आलोचना करने लगते हैं तो यह भूल जाते हैं कि अपनी स्वयं की उनमें कितनी कमी है। लगभग यही हमारे राजनीतिज्ञों से होता रहा है। जब वह मंच से समाज को संबोधित करते हैं तो उन्हें केवल अपनी बातों की प्रतिक्रिया का प्रभाव देखना होता है जो किराये के लाए गए श्रोता होते हैं। ऐसे श्रोता–दर्शक तो उनकी बातों से प्रभावित हो जाते हैं, लेकिन समाज का वह वर्ग, जो बुद्धिजीवी होता है, उसकी हंसी, आलोचना तथा उपहास के पात्र बनते हैं। आज राजनीतिज्ञ सारी मयार्दाओं को या तो भूल गए हैं अथवा उन्हे अपने शब्द चयन का ज्ञान नहीं होता। यह एक आम बात हो गई है की जो राजनीतिज्ञ जितनी अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हैं, समाज का एक वर्ग उन्हें उतना सम्मानित समझता है।

याद कीजिए नेताओं के पुराने भाषणों को, फिर जब देश के गृह राज्यमंत्री ने सार्वजनिक जनमंच से धरने पर बैठे किसानों पर हमला बोलते हुए कहा था कि कुछ ही मिनट में इन्हें समझा दूंगा। जिसके कुछ दिन बाद ही आरोप है कि लखीमपुर खीरी में उनके ही बेटे ने सरेआम गाड़ियों से किसानों को रौंद कर मार डाला । मुख्य अपराधी के रूप में वह जेल में बंद है और उसकी जमानत के लिए लगातार प्रयत्न चल रहे हैं। सच तो यह है कि यह भी तो एक परिवारवाद वंशवाद का नमूना है।

प्रधानमंत्री हो या कोई और राजनीतिज्ञ, उन्हें सदैव अपनी पद और कद का ध्यान रखते हुए शब्दों को तौलकर उसकी मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए, अन्यथा लखीमपुर खीरी तथा जनता अमर्यादित शब्दों को सुन–सुनकर ऐसे नेताओं की बातों पर विश्वास करना छोड़ देगी। वैसे जनता अब ऐसे नेताओं पर विश्वास करना लगभग छोड़ ही दिया है। जो कभी यह कहते थे कि यदि उनकी सरकार बनी तो प्रत्येक के खाते में पंद्रह लाख रुपया और लाखों लोगों को रोजगार देंगे, जिसे उनके ही दल द्वारा चुनाव के बाद जुमला करार दिया था।

ध्यान देने की बात यह है की जिन परिवारों को वंशवादी कहा जा रहा है वे स्वयं उच्च पदस्थ नहीं हो गए , उन्हे जनता ने मतदान में चुना और बहुमत दल की ताकत ने उन्हें उस कुर्सी पर बैठाया । ऐसा इसलिए कि हमारा भारत जनतांत्रिक देश है जहां जनता ही भाग्य विधाता है । जो कुछ भी हुआ अथवा हो रहा है यह सारा निर्णय भारतीय जनता का है अतः जनता को ही यदि कोई अपराधी मान ले तो यह उनकी इच्छा । जनता हर उस आलोचक को समय आने पर समझा देती है झ क्योंकि हमारा देश लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान के बल पर चल रहा है इसलिए यहां कोई वंशवादी नही है ।

# डॉ. मोहन भागवत का आह्वान : हर हिंदू एकजुट हो

**- डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

## विचार

**बांग्लादेश** में हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का हालिया वक्तव्य उस जटिल और असहज यथार्थ की ओर संकेत करता है, जिसे दक्षिण एशिया की राजनीति और अंतरराष्ट्रीय समुदाय लंबे समय से या तो नजरअंदाज करता रहा है या फिर सुविधाजनक चुप्पी के सहारे टालता आया है। यह विषय किसी एक विचारधारा, दल या देश की सीमाओं में बंधा हुआ प्रश्न नहीं है, वस्?तुतः यह एक गहरा मानवीय, सामाजिक और ऐतिहासिक संकट है जिसकी जड़ें उपमहाद्वीप भारत के विभाजन से लेकर आज तक फैली हुई हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को यदि वर्तमान घटनाओं के संदर्भ में देखा जाए तो तस्वीर अधूरी रह जाएगी। इसके लिए इतिहास के पन्नों को पलटना आवश्यक है। वर्ष 1947 में जब भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान अस्तित्व में आया तब वहां हिंदुओं की जनसंख?या 22 से 23 प्रतिशत के आसपास थी। यह संख्या किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे में एक प्रभावी और निर्णायक उपस्थिति मानी जा सकती थी। किंतु समय के साथ यह अनुपात लगातार घटता चला गया। हिन्?दुओं के खिलाफ हिंसा के अनेक उदाहरणों से इतिहास भरा पड़ा है।

यही कारण है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र एक देश के रूप में सामने आने तक हिंदुओं की जनसंख्या घटकर लगभग 13 से 14 प्रतिशत रह गई। इसके बाद भी यह गिरावट थमी नहीं, क?योंकि हिन्?दू हिंसा फिर भी नहीं रुकी। आज विभिन्न जनगणनाओं और अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार बांग्लादेश में हिंदुओं की जनसंख्या सिर्फ सात से आठ प्रतिशत के बीच सिमट चुकी है।

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं किसी एक सरकार या राजनीतिक दौर तक सीमित नहीं रहीं। मंदिरों पर हमले, मूर्तियों की तोड़फोड़, धार्मिक आयोजनों के दौरान हिंसा, हिंदू महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और जबरन धर्मांतरण जैसी घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं। मानवाधिकार संगठनों की रिपोर्टें यह भी दशार्ती हैं कि अनेक मामलों में दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती और प्रशासनिक कार्रवाई अक्सर तात्कालिक दबाव को शांत करने तक सीमित रह जाती है। इससे अल्पसंख्यक समुदाय में यह धारणा गहराती है कि राज्य उनके साथ खड़ा नहीं है।

सामाजिक अध्ययनों और मानवाधिकार संगठनों के आकलन बताते हैं कि पिछले सात दशकों में करीब तीन करोड़ हिंदू पूर्वी पाकिस्तान और फिर बांग्लादेश से पलायन करने को विवश हुए हैं। पुनश?च ध?यान रहे कि यह पलायन रोजगार की तलाश या आर्थिक अवसरों की चाह में नहीं हुआ है, इसके पीछे सिर्फ ओर सिर्फ धार्मिक पहचान के आधार पर होने वाली हिंसा, संपत्ति पर जबरन कब्जा, प्रशासनिक उदासीनता और न्यायिक संरक्षण के अभाव जैसे कारण प्रमुख रहे हैं। यह तथ्य अपने आप में उस राज्य व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है, जोकि अपने नागरिकों को समान सुरक्षा और अधिकार देने का दावा करती है।

इसी पृष्ठभूमि में डॉ. मोहन भागवत का यह कथन कि बांग्लादेश के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा और दुनिया भर के हिंदुओं को उनके समर्थन में आगे आना चाहिए, वास्तव में एक भावनात्मक अपील से आगे जाकर सामाजिक यथार्थ की ओर इशारा है। उनका यह कहना कि हिंदुओं का एकमात्र देश भारत है, कूटनीतिक दृष्टि से भले ही संवेदनशील माना जाए, किंतु इसके पीछे छिपा आशय यह है कि भारत स्वयं को एक आधुनिक राष्ट्र-राज्य के रूप में नहीं देख सकता है, क्योंकि भारत की पहचान एक सभ्यतागत राष्ट्र के रूप में भी है, जिसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय जिम्मेदारियां उसकी राजनीतिक सीमाओं से कहीं आगे तक जाती हैं।एक तथ्य इस संदर्भ में यह भी है कि जब भारत विभाजन हुआ था, तब पाकिस्तान में शेष बचे हिन्दू अल्पसंख्यकों को मोहम्मद अली जिन्ना से लेकर शीर्ष नेतृत्व ने यह पूरा भरोसा दिया था कि वे इस इस्लामिक राज्य में पूरी तरह से सुरक्षित हैं, उनके अधिकार भी सुरक्षित हैं, किंतु समय के साथ ये व्यवहार में बिल्कुल भी दिखाई नहीं दिया है।

# केरेडारी में दीवार की सियासत

## रातोंरात बंद हुआ कोयले का रास्ता

**▸▸ सड़क पर बैठे पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पुलिस हस्तक्षेप के बाद बहाल हुयी ढुलाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग/ केरेडारी।** हजारीबाग जिले का केरेडारी इलाका शुक्रवार सुबह एक अजीबो-गरीब दृश्य का गवाह बना, जब कोयला परिवहन की जीवनरेखा माने जाने वाले ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर अचानक पांच फीट ऊंची पक्की दीवार खड़ी मिली।

यह दीवार न सिर्फ सड़क का रास्ता रोक रही थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की औद्योगिक रफ्तार पर ब्रेक लगा चुकी थी। सैकड़ों हाईवा वाहन, जिनमें टन-टन कोयला लदा था, घंटों तक सड़क पर जाम की शक्ल में खड़े रहे।

दो जनवरी की सुबह जैसे ही नए साल की छुट्टी के बाद कोयला ढुलाई शुरू हुई, ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों की आंखें फटी रह गईं। मुख्य मार्ग के बीचोंबीच ईंट-सीमेंट से बनी मजबूत चहारदीवारी खड़ी थी, जिसे देख साफ था कि यह कोई अचानक नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक जनवरी की छुट्टी का फायदा उठाकर रात के अंधेरे में यह दीवार खड़ी की गई, जब इलाके में आवाजाही पूरी तरह ठप थी।

हालात तब और तनावपूर्ण हो गए जब दीवार हटाने पहुंचे ट्रांसपोर्टरों के सामने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सड़क पर कुर्सी लगाकर बैठ गए। उनका वहां बैठना देखते ही



देखते विरोध का प्रतीक बन गया और दीवार तोड़ने का काम रुक गया। इससे कोयला ढुलाई पूरी तरह बंद हो गई और एनटीपीसी से जुड़े खनन व परिवहन कार्य प्रभावित होने लगे। मामला पुलिस तक पहुंचा तो प्रशासन हरकत में आया। पहले समझाइश की कोशिश हुई, लेकिन पूर्व मंत्री के अड़े रहने पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। आखिरकार उन्हें मौके से हटाया गया और अवैध रूप से खड़ी दीवार को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। इसके बाद दोपहर से इस मार्ग पर कोयले की ढुलाई दोबारा शुरू हो सकी। बताया जाता है कि एनटीपीसी की कोयला खदान से निकलने वाले कोयले की ढुलाई बीआरजी कंपनी द्वारा इसी रास्ते से की जाती है।

एनटीपीसी कंपनी का पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ पुराना विवाद चला आ रहा है। जानकारों के मुताबिक, सड़क पर दीवार खड़ी कर ढुलाई रोकने की कोशिश उसी पुराने टकराव की कड़ी मानी जा रही है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई से रास्ता खुल गया है, लेकिन केरेडारी की इस दीवार की सियासत ने एक बार फिर दिखा दिया है कि यहां सड़कें सिर्फ गाड़ियों के लिए नहीं, बल्कि सियासी ताकत के प्रदर्शन का भी मैदान बन जाती हैं।

# डीजे को लेकर तलवारबाजी, एक की मौत

## हजारीबाग में नये साल पर हिंसक झड़प, एक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नये साल की खुशियाँ हजारीबाग में मातम में बदल गईं। जश्न, नशा और तेज डीजे की धुन के बीच उपजा एक मामूली विवाद देखते-देखते खूनखराबे में तब्दील हो गया। सड़कों पर उमंग नहीं, बल्कि तलवारों की चमक और चीख-पुकार गूंजती रही। घटना हजारीबाग के मंडई क्षेत्र से शुरू होकर नूरा और फिर इंद्रपुरी चौक तक जा पहुँची। नए साल के जश्न के दौरान पिकनिक से लौट रहे युवकों के बीच डीजे में गाना बजाने को लेकर कहासुनी हुई, जो दो गुटों की हिंसक झड़प में बदल गई। नशे की हालत में हुई मारपीट में छोटू राणा गंभीर रूप से घायल हो गया, सिर फटने के बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि इलाज के बाद जब सूरज राणा और छोटू राणा लौट रहे थे तभी घात लगाए हमलावरों ने उनकी बलेनो कार पर हमला कर दिया। जैसे ही सूरज राणा गाड़ी से बाहर निकले, पीछे से तलवार से वार कर दिया गया। खून से लथपथ सूरज को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूरज राणा अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। हमले में दोबारा बुरी तरह



पीटे गए छोटू राणा की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। मृतक के भाई धीरज राणा ने मंडई के राहुल गोप और सोनू गुप्ता समेत अन्य युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। धीरज का कहना है कि किसी से पहले कोई दुश्मनी नहीं थी सिर्फ डीजे विवाद ने नए साल को खून से रंग दिया। अब सवाल यह है कि जश्न के नाम पर बढ़ता नशा और हिंसा आखिर कब थमेगी, और क्या नए साल की पहली रात का यह खौफनाक मंजर किसी को सबक देगा? इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों ने सड़क जाम कर न्याय की मांग की है। हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक क्षेत्र में बीती रात हुई निर्मम हत्या की सनसनीखेज वारदात पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस घटना को सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा कि मंडई खुर्द निवासी युवक सूरज कुमार राणा की धारदार हथियार से हमला कर की गई हत्या की घटना शर्मनाक और हृदय विदारक है। जायसवाल के निर्देश पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद

### घटना शर्मनाक, प्रशासन जल्द करे कार्रवाई : सांसद

प्रतिनिधि किशोरी राणा अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार का हिम्मत बढ़ाया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस विकट दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा हूँ। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने कहा कि मैं हजारीबाग पुलिस प्रशासन से तत्काल मांग करता हूँ कि घटना की गहराई से निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए, हत्या में शामिल सभी आरोपियों को बिना किसी देरी के तत्काल गिरफ्तार किया जाए और गिरफ्तार आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए। इस घटना में घायल हुए कुलदीप सोनी और छोटू गोप को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। यह सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि कानून व्यवस्था बनी रहे और निदोर्षों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूँ कि मैं स्वयं व्यक्तिगत रूप से इस मामले पर नजर बनाए रखूँगा ।

## बिरसा मार्केट चोरी मामले में दो अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़।** पतरातू अनुमंडल पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने प्रेस वार्ता किया। जिसमें पतरातू क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह व पतरातू थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शिवा कच्छप मौजूद थे । एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने बताया कि 2 जनवरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पतरातू के तालाटांड अन्तर्गत पिकनिक स्पोट पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी के इरादा से घूम रहे है। जिसके बाद पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 2 व्यक्ति को पकड़कर थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान दोनो व्यक्तियों द्वारा अपना अपना नाम 1 .राज भुईयां उर्फ राज कुमार उम्र करीब 23 वर्ष पे० विनोद मुईयां, सा० तालाटांड पेट्रोल पंप के पास थाना पतरातु जिला रामगढ़ तथा 2 .दूसरे ने अपना सुमित कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पे संजय गंझू सा० तालाटांड थाना पतरातु जिला रामगढ बताया। पकड़े गए दोनो व्यक्ति द्वारा पूछताछ के दौरान बताया कि 31 दिसंबर को हमलोग बिरसा मार्केट के एम जेड नामक मोबाईल दुकान से चोरी किये थे । कटुआ कोचा के जंगल में छिपाकर रखे थे।

## सेल रांची यूनिट में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नववर्ष के अवसर पर सेल रांची यूनिट के कर्मचारियों के लिए सैटेलाइट टाउनशिप स्थित सामुदायिक भवन में भव्य आधिकारिक गेट-टुगेदर सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ स्टील एग्जीक्यूटिव्स, सेल रांची यूनिट की ओर से किया गया। कार्यक्रम में सेल रांची यूनिट के वरिष्ठ अधिकारी ईडी (सीईटी-एस) एस.के वर्मा, ईडी (एसएसओ) के.आर. रामकृष्णा, ईडी (एमटीआई) संजय धर तथा ईडी (एसडीटीडी) श्री दीपक जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट भोजन के साथ मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाया। सांस्कृतिक संध्या का माहौल उस समय और भी उत्साहपूर्ण हो गया जब सभी ईडीज ने स्वयं नृत्य कर कर्मचारियों



का उत्साहवर्धन किया। इससे कर्मचारियों में नई ऊर्जा और उल्लास का संचार हुआ तथा आपसी अपनत्व और सौहार्द की भावना और प्रगाढ़ हुई। यह आयोजन एएसई के अध्यक्ष चंचल सिंह, महासचिव राहुल श्रीवास्तव एवं एएसई की पूरी टीम के नेतृत्व में, सेल रांची यूनिट प्रबंधन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की सराहना की।

## पकरी बरवाडीह कोयला खनन में नववर्ष का स्वागत

बड़कागांव। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने नव वर्ष सिकरी परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ मनाया। परियोजना से जुड़े कर्मचारी, अधिकारी और सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकता, टीमवर्क और नए संकल्पों के साथ नए वर्ष का स्वागत किया। समारोह की शुरूआत केक कटिंग के साथ हुई। पकरी बरवाडीह एवं पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख सुब्रत दास ने कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में श्री दास ने कर्मचारियों को सकारात्मक सोच बनाए रखने, पूरे समर्पण के साथ कार्य करने और टीम भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और सहयोग से परियोजना अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है।

# विष्णुगढ़ में 6 साइबर ठग गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग में नए साल की शुरूआत साइबर अपराधियों के लिए भारी पड़ गई। पुलिस ने सुनियोजित रणनीति और सटीक कार्रवाई के दम पर एक ऐसे गिरोह को धराशायी कर दिया, जो एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से ठगी कर रहा था। यह गिरोह सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर फर्जी विज्ञापन डालकर लड़की सप्लाई करने के नाम पर शिकार को जाल में फंसाता और फिर रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे लेकर नंबर ब्लॉक कर देता।

गुप्त सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ बैधनाथ प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। एक जनवरी की रात करीब एक बजे विष्णुगढ़-हजारीबाग रोड पर भेलवारा में फिल्मी अंदाज में नाकेबंदी की गई। जैसे ही सफेद रंग की किआ सॉनेट



कार को रोका गया, उसमें बैठे छह युवकों की घबराहट ने सारा राज खोल दिया। तलाशी में सामने आया कि यही वाहन साइबर ठगी का मोबाइल ऑफिस था। गिरफ्तार सभी आरोपी विष्णुगढ़ और गोमिया क्षेत्र के रहने वाले हैं, जो अलग-अलग पहचान और सिम कार्ड के सहारे देशभर में लोगों को ठग रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 12 स्मार्टफोन, 23 सिम कार्ड, 10 डेबिट कार्ड और लग्जरी कार बरामद की है। हर डिवाइस में ठगी से जुड़े अहम डिजिटल सबूत मिले हैं। विष्णुगढ़ थाना में कांड संख्या 01/26 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया।

# चौपारण के कई युवाओं का सेना में चयन

**सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद युवाओं को मिली कामयाबी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड एक बार फिर प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत का प्रतीक बनकर उभरा है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद यहां के युवाओं ने भारतीय सेना में चयन पाकर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इन सफलताओं से चौपारण में उत्साह और गर्व का माहौल व्याप्त है। दादपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम सिंहपुर निवासी किशलय सिंह ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। किशलय, डॉ. ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर के पूर्व प्रभारी शिक्षक नीरज सिंह के पुत्र हैं। उन्हें एक ही दिन में आर्मी ट्रेड्समैन और आर्मी जीडी दोनों में






सफलता मिली, जो अपने आप में दुर्लभ उदाहरण है। इसी पंचायत के ग्राम हथिया निवासी नवनीत सिंह, पिता रामदरश सिंह, का चयन भी आर्मी जीडी में हुआ है। बेला पंचायत के ग्राम रानीक निवासी शिवम सिंह, पिता छोटू सिंह ने सेना में चयनित होकर पंचायत का मान बढ़ाया। बेलाही पंचायत के ग्राम बेलाही निवासी शांतनु यादव, पिता कैलाश यादव, का चयन पंचायत के लिए ऐतिहासिक क्षण बन गया है। करमा पंचायत के ग्राम केदली निवासी रवि यादव, पिता उमेश यादव, ने आर्मी जीडी के साथ-साथ एयरफोर्स वाई ग्रुप में भी सफलता हासिल कर क्षेत्र को विशेष गौरव दिलाया। गोविंदपुर पंचायत के ग्राम गोविंदपुर निवासी मनोज साव के पुत्र राजन कुमार के चयन से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। पडरिया पंचायत के ग्राम बनउ निवासी अमित कुमार सिंह तथा इंगुनिया निवासी रोहित पासवान का भी अंतिम रूप से चयन हुआ है। इन सफलताओं ने यह साबित कर दिया है कि अनुशासन, समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## टाटीझरिया में डीलरों को मिली 4जी मशीन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के राशन डीलरों और कार्डधारी उपभोक्ताओं के लिए नव वर्ष की शुरूआत राहत भरी खबर के साथ हुई है। शुक्रवार को विष्णुगढ़ में टाटीझरिया प्रखंड के सभी 42 राशन डीलरों को 4जी इंपॉस मशीन प्रदान की गई। लंबे समय से चली आ रही नेटवर्क संबंधी समस्या अब काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। ज्ञात हो कि टाटीझरिया प्रखंड में कुल 42 जन वितरण प्रणाली डीलर कार्यरत हैं, जिन्हें पूर्व में 2जी इंपॉस मशीन उपलब्ध कराई गई थी। कई ग्रामीण इलाकों में 2जी नेटवर्क नहीं मिलने के कारण डीलरों को दुकान छोड़कर नेटवर्क की तलाश में इधर-उधर जाना पड़ता था। राशन वितरण में भारी परेशानी होती थी और कई बार कार्डधारियों को पूरे दिन इंतजार करना पड़ता था।

## एक नजर में

### चिप हाउस पंचायत में दो बेटियां सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिप हाउस पंचायत में नववर्ष को एक अनोखे और प्रेरणादायी अंदाज में मनाया गया। पंचायत के मुखिया विकास पांडेय एवं गणमान्य नागरिकों ने मिलकर पंचायत की दो होनहार बेटियों को उनके उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह न केवल नववर्ष का उत्सव बना, बल्कि समाज के बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी साबित हुआ। समारोह में सुभाष क्लब चिप हाउस निवासी विनोद शर्मा की पुत्री किरण कुमारी को उनके संघर्ष और सफलता के लिए सम्मानित किया गया। किरण कुमारी का चयन 2023 बैच की बिहार पुलिस बहाली में हुआ है। वे 1 जून 2025 से औरंगाबाद (बिहार) में प्रशिक्षण हेतु गई थीं और वर्तमान में बी.एस.ए.पी. झ 3 प्रशिक्षण केंद्र, बोधगया में प्रशिक्षणरत हैं। नववर्ष पर तीन दिन की छुट्टी में घर लौटने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने उनके आवास जाकर मेडल, बुके, शॉल, पेन एवं मिठाइयाँ भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद दोमुंहानी कॉलोनी निवासी अजीत कुमार सिंह की पुत्री अनुष्का कुमारी को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। अनुष्का ने अपने यूट्यूब चैनल अनुष्काज क्राफ्ट लैड के माध्यम से 1 लाख सब्सक्राइबर पूरे कर सिल्वर प्ले बटन अवॉर्ड हासिल किया है। कार्यक्रम में एटक के केंद्रीय सचिव एवं जेसीसी सदस्य नरेश मंडल, सेंट मेरी चिल्ड्रेन स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र प्रसाद, राहुल, नवल पांडेय, आर.एस. ठाकुर, ओम, राजेश महतो सहित पंचायत के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के सभी स्तर के पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को उत्सव मैरेज हॉल भुरकुंडा में आहूत की गयी है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने बताया कि महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर 30 जनवरी को भुरकुंडा में होने वाले वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को लेकर बैठक रखी गयी है।

### विशेष ध्यान योग का कार्यक्रम आज से

**रामगढ़।** समर्थ गुरु धारा मैत्री संघ रामगढ़ (ओशोधारा) द्वारा गणक मैरिज हॉल थाना चौक गोला रोड रामगढ़ में सिद्धार्थ ध्यान योग एवं सुरती योग 4 जनवरी से 6 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में समर्थगुरु धारा के अनुभवी आचार्य एवं सैकड़ों की संख्या में साधक शामिल होंगे। ध्यान के बारे में विशेष जानकारी के लिए विशेष ध्यान का एक दिवसीय कार्यक्रम 3 जनवरी को गणक मैरिज हॉल में समय सुबह 10 .00 बजे आयोजित होगा। जिसमे नए साधक लगभग 500 की संख्या में भाग लेंगे और ध्यान के बारे में इंटरनेशनल आचार्य अमरेश झा, अनुभवी आचार्य ज्ञानमृत, आचार्य सुशील, आचार्य किशोर, आचार्य मां सोनी, आचार्य मां विजय लक्ष्मी द्वारा दिवसीय कार्यक्रम में ध्यान कि अनेक प्रकार की विधि के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे । इस एक दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से तीन दिवसीय कार्यक्रम में नए सैकड़ों साधक को सिद्धार्थ ध्यान योग से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। संस्था द्वारा इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामगढ़ की जनता को आमंत्रित किया गया है । इसके लिए हमारे समर्थगुरु धारा मैत्री संघ के रामगढ़ जिला कॉर्डिनेटर अशोक गुप्ता के मो० न० 9572856671, आचार्य किशोर गुप्ता के मो० न० 7004686808, स्वामी रणधीर कुमार गुप्ता के मो० न० 7004287321 व स्वामी अयोध्या अग्रवाल मो० न० 9110117187 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कुजू में दो युवकों ने की मारपीट

**कुजू।** केबीगेट कुजू निवासी सह भगवती राइस फ्लॉर एंड आयल मिल के मालिक दीपक कुमार ने मारपीट किये जाने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि कुजू नया बाजार में गुरूवार को सप्ताहिक बाजार करने के लिए जा रहा था। इसी बीच बाजार गली में मेरे बाइक के आगे दो अज्ञात युवक रास्ते के बीचो-बीच जा रहे थे। जब मैं बाइक का हॉर्न बजाया तो दोनों ने पलटकर गाली-गलौच करने लगे। साथ ही बातों ही बातों में मारपीट करने लगे। इस बीच अचानक वे लोग घटनास्थल में गणपति तस्त्रालय से लोहे का रॉड निकालकर मुझे मारा। जिसके कारण मेरे दाहिना बाँह व पीठ में गंभीर चोट लगी, और मैं वहीं पर गिर पड़ा। इसके बाद दोनों लात-घुसा मारकर फरार हो गये।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुजू।** पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता, रामगढ़ को एनएच-33 रोड के दोनों ओर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के आरोप को लेकर स्थानीय लोगों ने आवेदन दिया है। आवेदन में खाता संख्या 01, प्लॉट संख्या 140 एवं 90 की भूमि को सरकारी बताते हुए कुछ लोगों द्वारा कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया गया है। लोगों ने प्रशासन से दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने और एनएच-33 किनारे हुए अतिक्रमण को हटाकर साफ-सफाई कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में सुनील कुमार, संजीव मिश्रा, अशोक यादव, काशीराम साह, संजीत कुमार सहित अन्य लोग शामिल है।

### केरेडारी में जांच के घेरे में वार्ड सदस्य

**केरेडारी।** प्रखंड में फर्जी तरीके से जाति प्रमाण पत्र बनाने का गंभीर मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा का दौर तेज हो गया है। इस मामले में पीड़ित द्वारा केरेडारी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार मो. मोख्तार, पिता असगर अली, ग्राम ओमे निवासी, ने अपनी पुत्री आफरीन नाज का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन संख्या जेएच सीबीसी/2025/501152 की जांच के दौरान यह पाया गया कि मो. मोख्तार मूल रूप से खतियानी रैयत नहीं हैं और बाहरी निवासी होते हुए भी उन्होंने ग्राम ओमे के एक अन्य व्यक्ति के खतियान के आधार पर वंशावली तैयार कर प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास किया। जांच में सामने आया कि यह खतियान जीतू जोल्हा, मौजा ओमे, खाता संख्या 16 के नाम से संबंधित है। इस फर्जी वंशावली का सत्यापन पंचायत के वार्ड सदस्य विकास कुमार द्वारा किया गया। अंचल कार्यालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मो. मोख्तार और वार्ड सदस्य विकास कुमार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। प्राप्त स्पष्टीकरण में दोनों ने अपने कृत्य को स्वीकार किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जानबूझकर दूसरे के खतियान के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का प्रयास किया गया। प्रशासन के अनुसार यह दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।मामले के उजागर होने के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और पंचायत स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

### ट्रेलर ने दो बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत

**बरकट्ठा ।** गोरहर थाना के समीप शुक्रवार दोपहर में एक बाइक पर सवार दो युवक ट्रेलर के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मुकेश सोरेन (30) पिता रामेश्वर सोरेन ग्राम डुमरियाटांड, घंघरी, बरकट्ठा के रूप में हुई है। जबकि उसका दोस्त और उसका साहेबराम सोरेन पिता जीवलाल सोरेन, डुमरियाटांड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि साहेबराम सोरेन पिता जीवलाल सोरेन अपने ससुराल कसीयाटांड, गोरहर से बाइक से अपने घर लौटने के क्रम में हादसा हुई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया है। हादसे के बाद परिजनों को जानकारी हुई। लेकिन घटनास्थल पर पहुंचने से पहले पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। कोनहारा खुर्द के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार शर्मा और मृतक के परिजनों ने बताया कि हमलोग जबतक घटनास्थल पर पहुंचते, इसके पहले ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि घायल साहेबराम सोरेन को भी शव के साथ ही बरही भेज गया। उसकी हालत कैसी है। पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने बताया कि अब हमलोग बरही जा रहे हैं।

# 2026 में कैंसर से लड़ें और जीते



वर्ष 2026 में कैंसर से होने वाली मौत को रोकना कम करना निश्चित ही बड़ी चुनौती है। यह रोग भारत के ग्रामीण इलोकों में भी फैल रहा है। कैंसर एक ऐसी खतरनाक बीमारी है, जोकि हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। गलत खान-पान और धूम्रपान के कारण कैंसर की समस्या तेजी से बढ.रही हैं। यह एक लाइलाज बीमारी है। हालांकि शुरूआती लक्षण पहचानकर इसका इलाज किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रोजाना खाई जाने वाली चीजें ही इस बीमारी का कारण बनती है। बहुत से लोगों को लगता है कि सिर्फ शराब, सिगरेट या इसके घुएं और तम्बाकू के कारण ही कैंसर होता है। मगर एक शोध के मुताबिक, जिन चीजों का सेवन आप रोज करते हैं, उनमें से कुछ चीजों से कैंसर का खतरा बढ़ता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें खाने से कैंसर का खतरा बना रहता है।

### 1. माइक्रोवेव पॉपकॉर्न

आजकल लोग टीवी या फिल्म देखते समय पॉपकॉर्न को बड़े मजे से खाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं यह भी कैंसर का कारण बनता है। दरअसल, जब माइक्रोवेव में ऐसे पैकेट को गरम किया जाता है तो ये कई तरह के कैमिक्लस छोड़ता है, माइक्रोवेव में पैकेट गर्म करने से जब यह कई तरह के केमिकल छोड़ता है तो पैकेट में मौजूद ऑयल या मक्खन पॉपकॉर्न में मिलकर फेफड़ों को सीधा नुकसान पहुंचाता है। इससे आपको फेफड़ों का कैंसर हो सकता है।

### 2. डिब्बा बंद खाना

भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग आजक लोग ताजे फल और सब्जियों के बजाए डिब्बा बंद खाने का सहारा ले रहे हैं लेकिन यह सेहत के लिए हानिकारक होते है। इस तरह के फूड्स में बिसफेनोल ए नामक कैमिकल पाया जाता है, जोकि कैंसर का कारण बनता है।

### 3. रिफाइंड चीनी

कुछ लोग ब्राउन शुगर को सेहत के लिए अच्छा मानते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कैंसर का सबसे बड़ा कारण रिफांइड चीनी और हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप होता है। ब्राउन शुगर में कलर और फ्लेवर मिलाए जाने के कारण यह ज्यादा खतरनाक हो जाती है। रिफाइंड चीनी से शरीर के अंदर कैंसर सेल्स बढते हैं और आप इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 4. कार्बोनेटिड ड्रिक

आजकल लोग ज्यादातर कार्बोनेटिड ड्रिक्स पीते हैं, खासकर र्गिमयों में लेकिन आपको बता दें कि यह भी सेहत के लिए हानिकारक है। दरअसल, बोतल में भरी ऐसी ड्रिंक्स में कार्बोहाइड्रेट होता है। साथ ही इसमें मौजूद हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप, तरह-तरह के कैमिकल्स और कलर्स भी होते हैं, जोकि कैंसर सेल्स को बढावा देते हैं।

### 5. वेजिटेबल ऑयल

वेजिटेबल ऑयल में भी कई तरह के कैमिकल्स होते हैं, जोकि सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वेजिटेबल ऑयल को लंबे समय तक चलाने के लिए हाइड्रोजन और अन्य रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा बनाया जाता है। इसे ट्रांस वसा भी कहते हैं, जो हृदय रोग, इम्यून सिस्टम और कैंसर को बढावा देते हैं।

### 6. डाइट फूड्स

वजन कंट्रोल करने या कम करने के चक्कर में आजकल ज्यादातर लोग डाइट फूड्स का सेवन करते हैं। मगर जरूरत से ज्यादा इनका सेवन भी कैंसल सेल्स को बढाता है, जिससे आप कैंसर जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।


### 7. फ्राइड फूड

खाने से ज्यादा आजकल लोग फ्राइड फूड खाते हैं। छोटी-छोटी भूख लगने पर भी आजकल ज्यादातर लोग फ्राइड फूड खाना ही पसंद करते हैं। मगर इनमें मौजूद कई कैमिकल्स कैंसर का कारण बनते हैं।

### 8. आलू चिप्स

आलू चिप्स खाना तो हर किसी को पसंद होता है लेकिन इनमें सबसे ज्यादा फैट और कैलोरी पाई जाती है। आलू के चिप्स और फ्रेंच फ्राई में अधिक मात्रा में एक्रिलामाइड नामक तत्व पाया जाता है जोकि सिगरेट में मौजूद होता है। ऐसे में इनका कम से कम सेवन करें।

# युवा अब गठिया जैसे बुढ़ापे के रोग से परेशान



**बढ़ती** उम्र का असर चेहरे के साथ-साथ सेहत पर भी दिखने लगता है। बढ़ती उम्र के साथ लोगों को कई बीमारियां घेर लेती हैं लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल और खान-पान के कारण लोग जवानी में ही बुढापे की इन बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आपकी दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और कुछ चीजों का इस्तेमाल आपको जवानी में ही बुढापे की बीमारियों का शिकार बना देता है। आज हम आपको शरीर में दिखने वाले कुछ ऐसे छोटे-छोटे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि ये बताते हैं कि जवानी में ही आप बूढे. हो रहे हैं।

### 1. गठिया की समस्या

गठिया रोज बुढापे में होने वाली समस्या है लेकिन आजकल सेहत का ध्यान न रखने से लोगों को यह समस्या जवानी में ही हो रही है। 30-35 साल की उम्र में गठिया दर्द होना जवानी में बुढापे आने का संकेत हैं। इस बात को नजरअंदाज करने की बजाए अपनी सेहत का ठीक से ख्याल रखें।

### 2. नींद न आना

आजकल बिजी शेड्यूल के कारण लोगों को ठीक से नींद नहीं आती लेकिन दिनभर की थकान के बावजूद भी नींद न आने को इग्नोर न करें। इसका असर न सिर्फ आपकी सेहत पर दिखता है बल्कि इससे चेहरे पर भी कई प्रॉब्लम होने लग जाती है। बूढे. लोगों को तो ये बीमारी हो जाती है लेकिन जवानी में ये होना सही नहीं है।

### 3. आंखें कमजोर होना

आंखें कमजोर होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है लेकिन आपको बता दें कि ज्यादातर लोगों को यह समस्या बुढापे में ही होती है। अगर जवानी में भी ऐसा रहा है तो सतर्क हो जाइए। दिनभर टीवी, मोबाइल, कम्पयूटर और लैपटॉप के सामने बैठे रहने के कारण यह समस्या होती है। अब आप काम तो नहीं रोक सकते है लेकिन हैल्दी डाइट और एक्सरसाइज तो कर सकते हैं।

### 4. थकावट महसूस होना

दिनभर भागदौड़ करने के बाद थकावट होना तो आम है लेकिन जवानी में इतनी ज्यादा थकावट सेहत के लिए अच्छी नहीं। आजकल लोग जरा-सा काम करने के बाद ही थक जाते हैं, जोकि इस बात की ओर इशारा करता है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे रहे।

### 5. चेहरे पर झुर्रियां पड़ना

खान-पान और एक्सरसाइज न करने के कारण आजकल लड़कियों को यह समस्या जवानी में हो जाती हैं। इसे छुपाने के लिए आप मेकअप करते हैं लेकिन इसकी बजाए आपको हैल्दी चीजों, योग और एक्सरसाइज का सहारा लेना चाहिए।

### 6. बाल सफेद होना

अगर कम उम्र में ही आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो संभल जाएं। बुढापे में ऐसा होना आम है। मगर जवानी में ऐसा होने का मतलब है कि आप अपने बालों केयर नहीं करते। इसलिए अपने बालों की ठीक से केयर करें और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल करें।

### 7. त्वचा में ढीलापन

बुढापे की तरफ बढ़ते हुए त्वचा भी ढीली होने लगती है। हाथ, चेहरे, गले की त्वचा लटकने लगती है। अगर कम उम्र में ही ये सब हो रहा है तो आप जल्दी बूढे. दिखने लगेंगे। इससे बचने के लिए सूरज की किरणों से खुद को बचाएं, सेहतमंद खाना खाएं और अच्छे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें।



योग भारतीय संस्कृति का भाग है। योग अभ्यास भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जोकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ा देती है। नियमित रूप और सही तरीके से योग करने पर स्वस्थ तन और सुंदर मन मिलता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए आजकल हेल्थ-क्लब्स, स्कूल्स और हॉस्पिटल्स में भी योग करवाया जाने लगा है लेकिन योग करने से पहले आपको उसके नियमों का पता होना भी बहुत जरूरी है। योग करते समय सावधानियां इस्तेमाल न करने से आपको इसका फायदा होने की बजाए नुकसान भी हो सकता है। कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप योग का पूरा फायदा ले सकते हैं। **योग गुरु स्वामी मुक्तरथ, सत्यानंद योग मिशन**

# योग मन और शरीर का संतुलन



## योग से जुड़े जरूरी नियम

**1. योगासन से पहले शरीर को करें तैयार**

जिस तरह एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है, उसी तरह योग करने से पहले भी वार्मअप करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए योगासन करने पहले शरीर को वार्मअप करने के लिए हल्का-फुल्का व्यायाम जरुर कर लें। इससे आपका शरीर खुलेगा तथा लचीला हो जाएगा। आप चाहें तो इसके लिए सूक्ष्म आसन भी कर सकते हैं।

**2. भोजन करने के तुरंत बाद न करें योग**

सुबह हो या शाम, कभी भी भोजन के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग हमेशा खाने के करीब 3 घंटे बाद करें। इसके अलावा सुबह आप खाली पेट भी योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही ऐसा योग है, जिसे भोजन के बाद किया जा सकता है।

**3. कठिन आसन से न करें शुरुआत**

योगासन की शुरूआत करते समय हल्के आसन का चयन करें। चाहे आपको कितनी भी प्रैक्टिस क्यों न हो लेकिन योग की शुरूआत किसी कठिन आसन से नहीं करनी चाहिए। बिना शरीर को तैयार किए आप कठिन योग करने लगेंगे तो चोट लगने का डर रहता है।

**4. योग करने का सही समय**

योग सूरज उगने से पहले और सूर्य डूबने के बाद किसी भी समय किया जा सकता है लेकिन दिन के समय योग न करें। योगासन सुबह के समय करने से अधिक लाभ मिलता है। मगर फिर भी अगर आप किसी कारण से सुबह योग नहीं कर पाएं तो शाम या रात को खाना खाने से आधा घंटा पहले भी कर सकते हैं। यह ध्यान रखें कि आपका पेट भरा न हो। इसलिए भोजन करने के 3-4 घंटे बाद और हल्का नाश्ता लेने के 1 घंटे बाद आप योगासन करें।

**5. योग के दौरान ठंडा पानी न पीएं**

योग करते समय बीच में ठंडा पानी पीना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। योग के दौरान शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में ठंडा पानी पीने से सर्दी जुकाम, कफ और एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसलिए योग के समय और बाद में नार्मल पानी ही पीएं।

**6. बीमारी में न करे योग**

अगर आपको कोई भी गंभीर समस्या, जोड़ों, कमर, घुटनों में अधिक दर्द है तो योग करने के लिए डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा योग करने के दौरान बाथरूम नहीं जाना चाहिए बल्कि अपने शरीर का पानी पसीने के जरिए बाहर निकलना चाहिए।

**7. गलत पोज न करें**

इन्स्ट्रक्टर द्वारा बताए अनुसार ही योग करें। गलत आसन करने से कमर दर्द, घुटनों में तकलीफ या मसल्स में खिंचाव हो सकता है। इसके अलावा पीठ, घुटने या मसल्स की प्रॉब्लम हो तो योग करने से पहले ट्रेनर से सलाह जरूर ले।

**8. योग के तुरंत बाद न नहाएं**

योगासन करने के तुरंत बाद न नहाएं बल्कि कुछ समय बाद स्नान करें। क्योंकि किसी भी व्यायाम या अन्य शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है और आप एकदम से नहाएंगे तो सर्दी-जुकाम, बदन दर्द जैसी तकलीफ हो सकती है। इसलिए योग करने के एक घंटे बाद ही नहाएं।

**9. ध्यान केंद्रित करना**

योगासन करते समय अपने मोबाइल फोन ऑफ कर दें। क्योंकि इसे करते समय आपका ध्यान इधर-उधर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हंसी मजाक का माहौल न बनाए इससे आपसे योग में कोई गलत स्टेप हो सकता है।

**10. एक्सपर्ट से लें सलाह**

अक्सर लोग योग करने के लिए टीवी या कोई किताब पढ़ने लगते हैं लेकिन योग हमेशा किसी एक्सपर्ट की सलाह से ही करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए योग कर रहें तो भी एक्सपर्ट से सलाह लेना न भूलें।

**इन बातों का भी रखें ख्याल**

1. योगासन खुली और ताजी हवा में करना सबसे अच्छा माना गया है। फिर भी अगर ऐसा करना संभव न हो तो, किसी भी खाली जगह पर आसन करें।

2. योग करते समय संवेदनशील अंग जैसे कमजोर घुटनें, कमर, रीढ.की हड्डी और गर्दन का खास ख्याल रखें। अगर आपको किसी भी तरह की प्रॉब्लम या दर्द हो तो धीरे-धीरे आसन की उस अवस्था से अपने आप को बाहर निकालें।

3. योग करते समय हमेशा ढीले और आरामदायक कपड़े ही पहनें। आप टी-शर्ट या ट्रैक पैंट पहनकर भी योगासन कर सकते है।

4. याद रखे कि किसी भी योगासन को झटके से न करें और न ही योग की मुद्रा से झटके से निकले। इसके अलावा योग उतना ही करे, जितना आप आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढाने की कोशिश करने करें न एकदम से अधिक योग करें।

# क्या आपको भी लगती है बहुत ज्यादा ठंड?



**अन्नू अंबालिका**



**क्या** आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए।

दिसंबर-जनवरी का महीना देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड वाला होता है। हालांकि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में ठंड कम है। सेहत के लिहाज से ठंड का समय कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को इन दिनों विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। ठंड के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या से लेकर साइनस और आर्थराइटिस की दिक्कत ट्रिगर हो सकती है, इसलिए बचाव के उपाय करते रहना सभी के लिए बहुत जरूरी है।

क्या आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए। कुछ मामलों में ऐसा अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं या फिर विटामिन्स की कमी के भी कारण हो सकता है।

**ठंड अधिक लगना**

वैसे तो कोई बीमारी नहीं है, हालांकि यह किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत जरूर हो सकता है।

**एनीमिया, हाइपोथायरायडिज्म,** फाइब्रोमायल्जिया या एनोरेक्सिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को भी अन्य लोगों की तुलना में अधिक ठंड लग सकती है।

**आइए जानते हैं कि इसके लिए किन कारणों को मुख्यरूप से जिम्मेदार माना जाता है?**

कहीं आपमें विटामिन्स की कमी तो नहीं?

डॉक्टर कहते हैं, बहुत अधिक ठंड लगना कई बार शरीर में जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की कमी के कारण भी हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो ठंड अधिक महसूस हो सकती है। यह विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और ऑक्सीजन के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विटामिन की कमी होने पर शरीर लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं कर पाता, जिससे एनीमिया हो सकता है।

### ये बीमारियां भी हो सकती हैं कारण

ठंड के प्रति असहिष्णुता के कई और भी कारण हो सकते हैं जिसपर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देते रहने की आवश्यकता होती है।

**एनोरेक्सिया-** खाने से संबंधित इस विकार के कारण शरीर में वसा की कमी होने का जोखिम बढ़ जाता है।

**हाइपोथायरायडिज्म-** यह बीमारी तब होती है जब थायरॉयड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में थायराइड हार्मोन नहीं बना पाती है।

**रक्त वाहिकाओं की समस्या-** इस विकार (जैसे रेनॉड) के कारण शरीर के सभी अंगों तक रक्त का प्रवाह ठीक तरीके से नहीं हो पाता है।

**हाइपोथैलेमस की समस्या-** मस्तिष्क का यह हिस्सा शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको ठंड अधिक महसूस हो रही है तो तुरंत सचेत हो जाएं और उचित उपचार कराएं। लंबे समय तक पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर में कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। खान-पान और दिनचर्या में सुधार करके इस तरह की दिक्कतों में आराम पाया जा सकता है।

अगर आपको विटामिन-बी12 या फिर थायरॉइड की समस्या है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। इन स्थितियों का समय पर उपचार न हो पाने के कारण कई तरह की जटिलताओं का जोखिम हो सकता है।

# सर दर्द को गंभीरता से लें



बढ़ती गर्मी में अक्सर लोगों को सिर दर्द की परेशानी होने लगती है। अगर आपको लगातार सिरदर्द हो रहा है तो एक बार डॉक्टरी जांच जरूर करवाएं। यह माइग्रेन भी हो सकता है। माइग्रेन का दर्द साइलेंट किलर की तरह अचानक से अटैक करता है, जिससे सिर के आधे हिस्से में असहनीय दर्द होने लगता है। वहीं, गर्मियों में यह दर्द और भी बढ़ जाता है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं माइग्रेन स पीड़ित है। ऐसे में इसके लक्षण को पहचानकर जल्द इलाज करवाना बहुत जरूरी है।

माइग्रेन के लक्षण
- नींद की कमी
- धुंधला दिखाई देना
- बार-बार यूरिन आना
- चॉकलेट खाने का मन
- शरीर का एक हिस्सा सुन्न महसूस होना
- भूख कम लगना

माइग्रेन के कारण
- हाई ब्लड प्रैशर
- तनाव
- भरपूर मात्रा में पानी न पीना
- मौसम में बदलाव
- गर्मी में घूमना
- एलर्जी

माइग्रेन में क्या न खाएं

डिब्बाबंद पदार्थों, रेड वाइन और जंक फूड का सेवन न करें

माइग्रेन में क्या खाएं

दूध, दही, पनीर, दालें, मांस और मछली को डाइट में शामिल करें

माइग्रेन के घरेलू उपाय
- दिन में दो बार गाय के घी की कुछ बूंदे नाक में डालें।
- गुनगुने तेल से सिर की मालिश करें। इससे दर्द से राहत मिलेगी।
- नींबू के छिलकों का पेस्ट तैयार कर लें। बाद में इसे माथे पर लगाएं।
- दर्द होने पर तुरंत बर्फ या ठंडे पानी की पट्टी सिर पर रखें। इससे दर्द से आराम मिलेगा।

स्पीड न्यूज

## नगर कीर्तन कल, विधुत सज्जा व पुष्पवर्षा से होगा स्वागत : निशान सिंह



**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के 359वें प्रकाश पर्व को समर्पित रविवार, 4 जनवरी को निकलने वाले नगर कीर्तन के स्वागत की तैयारियां गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, साकची ने पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ पूरी कर ली हैं। नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी साहिब के साथ शहर की सड़कों पर भक्ति रस बिखेरते हुए निकलेगा और इसका समापन साकची गुरुद्वारा साहिब में भव्य स्वागत के साथ होगा। शुक्रवार को नगर कीर्तन की पूर्व संध्या पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की अनौपचारिक बैठक प्रधान सरदार निशान सिंह की अगुवाई में आयोजित की गई। बैठक में सरदार परमजीत सिंह काले, अजायब सिंह बरियार, जसबीर सिंह गांधी, सतबीर सिंह गोल्डु, सन्नी सिंह बरियार, सुखविंदर सिंह निक्कू, सतपाल सिंह राजू, बलबीर सिंह, अमरपाल सिंह, मनोहर सिंह मित्ते तथा जयमल सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया और तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। प्रधान सरदार निशान सिंह ने संगत से हार्दिक अपील करते हुए कहा कि एक बार फिर गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी साहिब का साकची में अद्भुत और भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने संगत से अनुरोध करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पवित्र स्वागत में शामिल हों, गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें और खालसा पंथ की शान को बढ़ाएं। डयोढ़ी साहिब से पुष्पवर्षा होगी, जो गुरु साहिब पर फूलों की वर्षा कर श्रद्धा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेगी। नगर कीर्तन की समाप्ति पर अरदास के पश्चात भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी, जो इस उत्सव को और अधिक दिव्य बना देगी। गुरुद्वारा साकची को इस पवित्र अवसर के लिए आस्था के रंगों में रंग दिया गया है। पूरा परिसर आकर्षक विद्युत सज्जा से जगमगा रहा है, जो रात्रि में अलौकिक और दिव्य छटा बिखेर रहा है। पुष्प मालाओं, धार्मिक प्रतीकों और खालसा पंथ के निशानों से सजा गुरुद्वारा साहिब सिख संगत के हृदय में गुरु महाराज की कृपा की अनुभूति करा रहा है। सरदार परमजीत सिंह काले ने कहा कि विद्युत सज्जा पहले से ही पूरी कर ली गई है, जो गुरुद्वारा परिसर को स्वर्गिक आभा प्रदान कर रही है। पुष्पवर्षा और आतिशबाजी इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहेंगे, जो गुरु गोबिंद सिंह जी के बलिदान, शौर्य और करुणा की याद को ताजा करेंगे। सरदार परमजीत सिंह काले ने बताया कि अकाली दल के सदस्यों ने शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब साकची का दौरा किया था। उन्होंने साकची गुरुद्वारा द्वारा 27 दिसंबर को आयोजित प्रकाशोत्सव समारोह की भूरी-भूरी प्रशंसा की और प्रबंधन कमिटी के उत्कृष्ट आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। साकची गुरुद्वारा की यह तैयारियां सिख संगत में अपार उत्साह का संचार कर रही हैं।

## प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने डीसी से की शिष्टाचार भेंट



**जमशेदपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने दो दिवसीय विंटर स्टडी टूर के समापन अवसर पर समाहरणालय में डीसी कर्ण सत्यार्थी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डीसी ने प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत करते हुए जिले की प्रशासनिक संरचना, औद्योगिक विकास, जनजातीय बहुल क्षेत्र में प्रशासनिक चुनौतियों, नवाचार आधारित शासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। डीसी ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर का प्रशासनिक अनुभव नीति निर्माण की नींव होता है और ऐसे शैक्षणिक भ्रमण अधिकारियों को जमीनी वास्तविकताओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी हरिप्रसाथ एम, सुशांत कुमार, शिवानी मोहन, सक्षम भाटिया, पाटिल कृष्णा बाबरुवान, कुमुद मिश्रा, फरखंदा कुरैशी, दिव्यांश मीणा, अभिषेक कुमार सिंह, गोवसिका पी आर एवं अंकित पांडेय उपस्थित रहे।

## चाकू का भय दिखाकर ट्रक चालक से लूट, दो गिरफ्तार, जेल

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता चौक के समीप से चाकू का भय दिखाकर ट्रक ड्राइवर से रुपए छिनकर भाग रहे दो आरोपी को पुलिस ने महज कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी जादूगोड़ा पुलिस निरीक्षक सुरेश प्रसाद व पोटका थाना प्रभारी सन्नी टोपो ने शुक्रवार को पोटका थाना में प्रेसवार्ता कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि गुरुवार प्रातः 8.30 बजे विक्की सिंह तथा आशिफ खान हाता मुख्य पथ पर पल्सर बाइक (जेएच 05सीवी/7865) पर सवार दो युवक चाकू का भय दिखाकर ट्रक ड्राइवर का पर्स छीन कर सुंदरनगर की ओर भागने की सूचना मिली।

# राष्ट्रपति सम्मान व मानद डॉक्टरेट से समाज के प्रति दायित्व और बढ़ा : डॉ आर के बेहरा

## आरएसबी ग्लोबल के चेयरमैन एनआईटी जमशेदपुर से मिली उपाधि को बताया जीवन का भावुक क्षण

- एनआइटी के पूर्ववर्ती छात्र ने कहा–सम्मान नई जिम्मेदारी का अहसास कराता है
- आरएसबी ग्लोबल के भारत और विदेशों में कुल 18 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट संचालित
- झारखंड में सीएसआर के तहत 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





जमशेदपुर के सर्किट हाउस एरिया स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए आरके बेहरा।

**जमशेदपुर।** आरएसबी ग्लोबल के चेयरमैन डॉ आर के बेहरा ने महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय सम्मान और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर से मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि पर गहरी प्रसन्नता और कृतज्ञता व्यक्त की है।

अपने जमशेदपुर स्थित आवास पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन के सबसे भावुक और विनम्र कर देने वाले क्षणों में से एक है।

जिसने समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को और अधिक बढ़ा दिया है। डॉ बेहरा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और गुरुओं को देते हुए कहा कि उनके जीवन की नींव मजबूत संस्कारों और मूल्यों पर टिकी है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद और नैतिक शिक्षा ने उन्हें जीवन में सही मार्ग दिखाया। साथ ही उन्होंने अपने भाई और आरएसबी ग्लोबल के वाइस चेयरमैन एस के बेहरा के सहयोग को अपनी सफलता की सबसे बड़ी ताकत बताया।

### कठिन परिश्रम से वैश्विक पहचान तक

आरएसबी ग्लोबल के चेयरमैन डॉ आर के बेहरा ने बताया कि लगभग पांच दशक पहले जमशेदपुर से शुरू हुआ यह सफर आज वैश्विक स्तर तक पहुंच चुका है। उन्होंने एनआईटी (तत्कालीन आरआईटी) जमशेदपुर के दिनों को याद करते हुए कहा कि इसी संस्थान ने उन्हें न केवल इंजीनियरिंग की शिक्षा दी, बल्कि अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुण भी सिखाए। आज आरएसबी समूह ऑटोमोटिव कंपोनेंट क्षेत्र में एक अग्रणी नाम बन चुका है।

### समाज के लिए प्रतिबद्धता पर विशेष जोर

डॉ बेहरा ने कहा कि सम्मान केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के लिए और अधिक करने का आह्वान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में आरएसबी ग्लोबल अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) को और व्यापक बनाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण और अक्षय ऊर्जा पर बढ़ता फोकस

डॉ बेहरा ने जलवायु परिवर्तन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि उद्योग जगत की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की धरती से निकलकर वैश्विक उद्यमिता के शिखर तक पहुंचने की यह यात्रा उनके लिए गर्व के साथ-साथ सेवा का संकल्प भी है। यह सम्मान उनके व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ मानवीय मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में योगदान की पहचान है।

# हर नियमावली में संशोधन की गुंजाइश होती है, पेसा में भी: विधायक सरयू राय

## विधायक ने कहा, पेसा एक गंभीर संवैधानिक विषय, इसे राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पेसा नियमावली को लेकर हो रही बयानबाजी पर चिंता जताते हुए कहा है कि इस संवेदनशील विषय का अनावश्यक राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेसा एक गंभीर संवैधानिक विषय है, जिसे राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं है। जारी बयान में सरयू राय ने कहा कि सरकार और विपक्ष–दोनों पक्षों की प्रतिक्रियाएं राजनीति से प्रेरित प्रतीत हो रही हैं। पेसा अधिनियम पारित होने के कई वर्षों तक नियमावली नहीं बन पाने से जो असमंजस की स्थिति बनी थी, वह वर्तमान सरकार द्वारा पेसा नियमावली बनाए जाने से समाप्त हो चुकी है। अब केवल यह देखना शेष है कि यह नियमावली संविधान और कानून की भावना के अनुरूप है या नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने विवेक से नियमावली बनाई है। यदि इसमें कोई कमी है या यह संवैधानिक प्रावधानों से मेल नहीं खाती, तो इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। किसी भी नियमावली में सुधार की गुंजाइश रहती है और पेसा भी इसका अपवाद नहीं है। सरयू राय के अनुसार, पेसा नियमावली का मूल उद्देश्य अधिसूचित (अनुसूचित) क्षेत्रों में पंचायती राज की व्यवस्था को स्थानीय विशेषताओं और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप लागू करना है। यह प्रावधान भारतीय संविधान में निहित है, जिसके आधार पर केंद्र और राज्य सरकारों ने पेसा अधिनियम पारित किया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पेसा नियमावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि जिन लोगों को इसमें कमियाँ दिखाई देती हैं, वे ठोस तथ्यों के साथ उन्हें चिन्हित कर सकें। इससे नियमावली को संविधान और कानून की भावना के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## आइएएस अर्नव मिश्रा ने संभाला एसडीओ का कार्यभार



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूम अनुमंडल में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा देते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के अधिकारी अर्नव मिश्रा ने एसडीओ के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के पश्चात उन्होंने डीसी कर्ण सत्यार्थी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीसी ने नवपदस्थापित एसडीओ मिश्रा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य आमजन को पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना प्रकरण में मृतक के आश्रित को मिली क्षतिपूर्ति की द्वितीय किस्त



**जमशेदपुर।** सरायकेला में मोटरयान अधिनियम (एमवी एक्ट) के अंतर्गत सड़क दुर्घटना से संबंधित एक प्रकरण में मृतक के आश्रित को नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मृतक के आश्रित को कुल 9,41,517 (नौ लाख इकतालीस हजार पांच सौ सत्रह रुपये मात्र) की क्षतिपूर्ति स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को द्वितीय किस्त के रूप में 3,00,000 (तीन लाख रुपये मात्र) की राशि का भुगतान किया गया। इससे पूर्व प्रथम किस्त के रूप में भी 3,00,000 की राशि मृतक के आश्रित को प्रदान की जा चुकी है। शेष बची क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान निर्धारित नियमों एवं समय–सीमा के अनुरूप आगामी किस्त में किया जाएगा। सरायकेला–खरसावां जिले के अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार की उपस्थिति में कार्यपालक दंडाधिकारी कमलेश कुमार दास द्वारा मृतक के आश्रित को चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि सड़क दुर्घटना से जुड़े मामलों में पीड़ित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए पारदर्शी, विधिसम्मत और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है, ताकि प्रभावित परिवार को त्वरित राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र सदैव साथ रखें और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कर सड़क सुरक्षा में सहयोग करें।

### टीएसजी, गम्हरिया में केक कटिंग के साथ नये वर्ष का स्वागत, लागत नियंत्रण व सुरक्षा पर जोर



**गम्हरिया।** टीएसजी, गम्हरिया के प्रकृति उद्यान में नए वर्ष के आगमन पर केक कटिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्लांट चीफ रंजन कुमार सिंह ने उद्योग जगत की मौजूदा चुनौतियों पर बेबाकी से विचार रखते हुए लागत नियंत्रण, संसाधनों के समुचित उपयोग और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टैरिफ जैसे बाहरी दबावों से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दूरदर्शी रणनीति, सख्त अमल और दीर्घकालिक सोच आवश्यक है। केवल क्षणिक उत्पादन या अल्पकालिक मुनाफे पर ध्यान केंद्रित करना संगठन के लिए लाभकारी नहीं होगा। उन्होंने प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय करने और कर्मचारियों से अपनी भूमिका स्पष्ट रूप से निभाने की अपील की। अनावश्यक खर्चों पर रोक और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से ही संगठन को मजबूती मिलेगी। सुरक्षा पर जोर देते हुए रंजन कुमार सिंह ने कहा कि नियमों में किसी भी प्रकार की चूक स्वीकार्य नहीं है। रोको–टोको की संस्कृति अपनाकर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। चीफ मिल्स (ऑपरेशंस) नीलांजन विश्वास ने उत्पादन वृद्धि पर संतोष जताया और नए लक्ष्यों के लिए टीम को प्रेरित किया। उन्होंने वेस्ट मटेरियल के बेहतर उपयोग पर बल दिया और कॉम्बी मिल में 40 प्रतिशत महिला कर्मचारियों की भागीदारी को संगठन की बड़ी ताकत बताया। टाटा कामगार यूनियन के अध्यक्ष बीके डिड़ा ने एआई के शीघ्र अपनाने, सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और आसपास के गांवों के साथ सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन एरिया मैनेजर ईएस एंड सीआर महेंद्र सिंह ने किया, जबकि प्रमोद कुमार के शायराना धन्यवाद ज्ञापन से समारोह का माहौल खुशनुमा हो गया। केक कटिंग समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पोटका -इचिंडा समेत 27 मौजा को नगर परिषद से बाहर रखने का प्रस्ताव पारित



**जमशेदपुर/चक्रधरपुर।** पेसा अधिनियम की नियमावली पारित होने के बाद पोटका स्थित संथाल बस्ती में पहली ग्रामसभा आयोजित की गई। ग्रामसभा की अध्यक्षता लांगो माझी ने की, जबकि सिंहभूम की सांसद जोबा माझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। ग्रामसभा में संविधान के अनुच्छेद 243 जेडसी का हवाला देते हुए वार्ड संख्या 21 व 22 के पोटका, इचिंडा समेत 27 मौजा को नगर परिषद क्षेत्र से बाहर रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा सड़क निर्माण, सिंचाई हेतु डीप बोरिंग, सामुदायिक भवन और सड़क मरम्मत से जुड़े प्रस्ताव भी पारित किए गए। सांसद ने सभी प्रस्तावों पर समर्थन का आश्वासन दिया।

### अनया वर्मा का अंडर-15 झारखंड महिला क्रिकेट टीम में चयन



**चांडिल।** सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल की 14 वर्षीय क्रिकेटर अनया वर्मा का चयन अंडर–15 झारखंड महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। अनया ने लगातार बेहतर प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्हें टीम में विकेटकीपर–बल्लेबाज के रूप में शामिल किया गया है। अनया झारखंड टीम की उपकप्तान भी हैं और ऑल इंडिया रैंकिंग में 30वां स्थान रखती हैं। वे अपने पिता कुंदन कुमार वर्मा को अपना रोल मॉडल मानती हैं। अनया का सपना भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए खेलकर देश का नाम रोशन करना है।

### _साकची अग्रसेन भवन में शाकंभरी माता का 12वां वार्षिक महोत्सव आज

**जमशेदपुर।** श्री शाकंभरी माता का 12वां वार्षिक महोत्सव सह मंगलपाठ का भव्य आयोजन आज साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में होगा। आयोजन श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा किया जा रहा है। आमंत्रित कलाकार रिया चौधरी और सोमी चौधरी मंगलपाठ का वाचन करेंगी तथा भजनों की प्रस्तुति देंगी। संस्था अध्यक्ष नीतू हरनाथका ने बताया कि कूपन वितरण शुरू हो चुका है। महोत्सव में भव्य दरबार, ज्योत प्रज्वलन, गजरा एवं चूड़ी उत्सव आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### जनहित के चार मुद्दों पर समाजसेवियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले से जुड़े जनहित के चार गंभीर मुद्दों को लेकर समाजसेवी विश्वनाथ महतो एवं उत्तम कुमार महतो ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण प्रक्रिया में भ्रष्टाचार रोकने, सभी प्रखंडों में विशेष शिविर लगाने तथा आवेदकों की वास्तविक ड्राइविंग जांच की मांग की गई। साथ ही पटमदा में 11 करोड़ की सड़क तीन माह में क्षतिग्रस्त होने की उच्चस्तरीय जांच, पटमदा–बोड़ाम में –पॉस मशीन उपलब्ध कराने तथा पटमदा मॉडल इंग्लिश स्कूल के नए भवन का शीघ्र हस्तांतरण करने की मांग रखी गई। समाजसेवियों ने इन मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## टाटा मोटर्स के प्लांट हेड सुनील तिवारी ने टीवी नरेंद्रन का किया अभिनंदन



टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट हेड सुनील तिवारी ने शुक्रवार को अपरान्ह सेंटर फॉर एक्सीलेंस में टाटा स्टील के ग्रुप सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन को नववर्ष के अवसर पर गुलदस्ता भेंट का उनका अभिनंदन किया। सुनील तिवारी ने टीवी नरेंद्रन को नववर्ष की बधाई दी।

## टाटा मोटर्स में केक काटकर नववर्ष का हुआ स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित टाटा मोटर्स में वर्ष 2026 की शुरूआत उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में की गई। नववर्ष के अवसर पर जनरल ऑफिस सहित विभिन्न डिविजनों में केक काटकर एक-दूसरे को बधाइयां दी गईं तथा आने वाले वर्ष में प्रोडक्शन, गुणवत्ता और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जनरल ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में प्लांट हेड सुनील तिवारी, यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आर के सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्लांट हेड सुनील तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2025 में अधिकांश महीनों में प्रोडक्शन और बिक्री सामान्य से कम रही, लेकिन जीएसटी के नए स्वरूप के बाद बाजार में मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सहयोग से जमशेदपुर प्लांट लगातार मांग के अनुरूप वाहन उपलब्ध करा रहा है और आने वाले समय में भी गुणवत्ता, समयबद्ध आपूर्ति और सुरक्षा के तीनों मापदंडों पर खरा उतरते हुए आगे बढ़ना है। महामंत्री आर के सिंह ने कहा कि टाटा मोटर्स के कर्मचारियों ने हर परिस्थिति में आवश्यकता के अनुसार उत्पादन किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी आवश्यक है और इसे आदत में शामिल करना होगा। कार्यक्रम में एचआर हेड प्रणव कुमार, ईआर हेड सैमिक राय सहित वरीय पदाधिकारी व यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## विद्यालय में नये कमरों का संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/पोटका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्राओं की लंबे समय से चली आ रही भवन समस्या के समाधान की दिशा में शुक्रवार को एक अहम कदम उठाया गया। झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के तहत विद्यालय में चार नए कमरों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार ने पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया। इस निर्माण कार्य पर कुल 51 लाख रुपये की लागत आएगी। विद्यालय में वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 555 छात्राएं अध्ययनरत हैं। सीमित भवन व्यवस्था के कारण छात्राओं को कक्षाओं के संचालन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने चार अतिरिक्त कमरों के निर्माण को स्वीकृति दी है। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों में शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि वे अपने ही क्षेत्र में रहकर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में मुखिया पानो सरदार, बाघराय सोरेन, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मानगो की जनसमस्याओं को लेकर डीसी से मिला जदयू प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जदयू का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम के डीसी कर्ण सत्यार्थी से मिला और मानगो नगर निगम क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम चुनाव, प्रशासनिक सेवाओं और यातायात व्यवस्था से संबंधित समस्याओं पर डीसी का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में बताया गया कि मानगो नगर निगम चुनाव में आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले पात्र अभ्यर्थियों को समय पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है, जिससे वे चुनाव प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं। डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे और नागरिकों की परेशानी दूर करने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी।

# घाटशिला रन के साथ आरडीएस फाउंडेशन का शुभारंभ

### स्व रामदास सोरेन की 62वीं जयंती पर जनकल्याण से जुड़े कई कार्यक्रमों की हुई शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**घाटशिला।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन जी की 62वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक जनवरी को घाटशिला के एचसीएल फुटबॉल मैदान, मौऊभंडार में आयोजित घाटशिला रन कार्यक्रम एवं आरडीएस फाउंडेशन के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक सोमेश चंद्र सोरेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री स्व रामदास सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके पश्चात स्व रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन एवं विधायक सोमेश चंद्र सोरेन के करकमलों से कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान फाउंडेशन द्वारा घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा को अनुमंडल अस्पताल, घाटशिला को समर्पित किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त माटीकला भवन, लालडीह में निःशुल्क फ्लू अकादमी कोचिंग केंद्र की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना है। इसी क्रम में घाटशिला स्थित पार्टी संपर्क कार्यालय के सामने पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा एवं पूर्व मंत्री स्व रामदास सोरेन जी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। साथ ही आरडीएस फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र की भी शुरूआत की गई। जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने कहा कि आरडीएस फाउंडेशन घाटशिला के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और हर सुख-दुःख में घाटशिला वासियों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

# महिला हॉकी इंडिया लीग का रोमांच : रांची रॉयल्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा को 2-0 से हराया

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** महिला हॉकी इंडिया लीग 2025-26 के एक मुकाबले में रांची रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-0 से शिकस्त दी। यह मुकाबला शुक्रवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेला गया। रांची रॉयल्स की ओर से रुतुजा दादासो पिसल और साक्षी राणा ने शानदार फील्ड गोल दागकर टीम को अहम जीत दिलायी।

मैच की शुरूआत काफी संतुलित रही। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत नजर आयीऔर किसी भी टीम को साफ मौके नहीं मिले। रांची रॉयल्स ने शुरूआती मिनटों में गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने आक्रामक रुख अपनाते हुए पहले 15 मिनट में ही 10 सर्कल पेनिट्रेशन कर डाले। 12वें मिनट में सूरमा को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन पेनी स्क्विब का शॉट रांची की फर्स्ट रशर ने रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में मुकाबला और रोमांचक हो गया। 18वें मिनट में रुतुजा पिसल के शॉट को गोलकीपर सविता ने बचा लिया, जबकि रिबाउंड पर रांची को मौका गंवाना पड़ा। 25वें मिनट में रांची की इशिका के फाउल के बाद जेएसडब्ल्यू सूरमा को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, लेकिन रांची की गोलकीपर माधुरी किंडो ने शानदार बचाव करते हुए पेनी स्क्विब के प्रयास को नाकाम कर दिया।

इसके तुरंत बाद मिले पेनल्टी कॉर्नर पर भी सूरमा गोल नहीं कर सका। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में रांची रॉयल्स को सफलता मिली। मिडफील्ड से अगोस्टिना अलोंसो के सटीक पास पर रुतुजा दादासो पिसल ने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन करते हुए गेंद को डिफ्लेक्ट कर जाल में डाल दिया और रांची को 1-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में जेएसडब्ल्यू सूरमा ने बराबरी के लिए दबाव बनाया। ओलिविया शैनन के जोरदार बैकहैंड शॉट को रांची की गोलकीपर बिचु देवी खारिबाम ने शानदार तरीके से रोक दिया। वहीं रांची की मारिया ऑर्टिज का एक शक्तिशाली शॉट पोस्ट से टकराकर बाहर चला गया। 54वें मिनट में रांची रॉयल्स ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली. साक्षी राणा ने बेहद तंग कोण से जोरदार शॉट लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट के ऊपरी दाएं कोने में पहुंचा दिया. अंतिम मिनट में जेएसडब्ल्यू सूरमा को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर भी बिचु देवी खारिबाम ने बेहतरीन बचाव करते हुए अपनी टीम की क्लीनशीट बरकरार रखी। इस जीत के साथ रांची रॉयल्स ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को कड़ा संघर्ष करने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।



## रामबच्चन की मौत के मामले में आया नया मोड़, परिजनों ने मृतक के दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप



**डोमचांच।** थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर की रात एक युवक रामबच्चन साव की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। रामबच्चन साव की मौत को पहले सड़क दुर्घटना बताया जा रहा था, लेकिन अब परिजनों ने उसके दोस्त राहुल कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं मृतका की मां भीखनी देवी ने डोमचांच थाने में राहुल कुमार के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर की रात रामबच्चन साव और राहुल कुमार एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पिकनिक मनाने डोमचांच के जंगलों में गए थे। पिकनिक से लौटते समय राहुल कुमार ने रामबच्चन के परिजनों को बताया कि रामबच्चन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल रामबच्चन को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया, मगर रिम्स पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस प्रशासन अब मामले की तहकीकात में जुट गई है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार राहुल कुमार के परिजनों का कहना है कि राहुल भी उसी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है और फिलहाल रांची में इलाजरत है। इधर, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त आवेदन के आधार पर पूरे मामले की गहनता से जांच में जुट गई है।

## कंद्रपडीह में आग लगी से लाखों का नुकसान



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र कन्दरपडीह के वार्ड नम्बर 6 में गुरुवार को आगलगी की घटना में कन्दरपडीह निवासी सुनील साव का कच्चा मकान के साथ मकान में रखे लगभग 3 लाख का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने पर ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, मगर आग कि लपेटे इतनी तेज थी कि ग्रामीण आग बुझाने में असफल रहे। जिसके बाद आगजनी की सूचना अग्नि समन विभाग एवं डीवीसी केटीपीएस को दी गयी, सूचना पाकर अग्नी समन विभाग एवं डीवीसी केटीपीएस के अग्नी सम्न वाहन घटना स्थल पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से आसपास के ग्रामीण सुगिया देवी, परवा देवी, धानेशवरी देवी, बसंती देवी एवं रमेश साव का भी मकान में आग लगने से लगभग 50 लाख रुपए का नुक्सान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना लगभग 12 बजे दोपहर का बताया जा रहा है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक में विदाई समारोह का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** राजकीय पॉलिटेक्निक में संस्थान के प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वहीं वरिष्ठ व्याख्याता डॉ उमेश कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासन की एक व्यवस्था है, किंतु अनुभव और विचार कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, प्रोटोकॉल के बंधन से मुक्त होकर अब डॉ. कुमार अपने अधूरे कार्यों को पूरा कर सकेंगे और उनके अनुभवों का लाभ संस्थान को आगे भी मिलता रहेगा। वहीं वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि डॉ. कुमार के नेतृत्व में कार्य करना सभी के लिए सीखने का अवसर रहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जयनगर बीडीओ गौतम कुमार उपस्थित रहे। वहीं उन्होंने प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया एवं कहा कि ऐसे शिक्षाविद किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। वहीं समारोह का संचालन व्याख्याता संजय कुमार ने किया। मौके पर मनोज यादव, अखिलेश कुमार, सविता कुमारी, पूजा कुमारी, ज्योति कुमारी, रीता शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सेहवाडीह (मोदी चैक) स्थित के.के. मेडिसिन सेंटर में शुक्रवार को नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रिम्स के सुप्रसिद्ध एमबीबीएस डॉ. वी. कुमार द्वारा सभी संबंधित रोगों का जांच किया गया। जांच में शुगर, बीपी, जोड़ों का दर्द समेत सभी प्रकार के बिमारीयों का 52 मरीजों का नि:शुल्क जांच किया। मौके पर मनोहर मोदी, बहादुर सिंह, हरी मोदी, सुरेश राणा, रंजीत यादव, रामलखन यादव, उमेश मोदी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पूरनानगर पंचायत के पांडेय टोला में पेयजल संकट, तीन साल से खराब पड़े चापाकल





**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत पूरनानगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 स्थित पांडेय टोला में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार यहां के तीन चापाकल कई दिनों से नहीं बल्कि करीब तीन वर्षों से खराब पड़े हैं, मगर अब तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और पंचायत मुखिया को भी अवगत कराया गया, बावजूद इसका आज तक कोई समाधान नहीं निकला। चापाकल खराब रहने के कारण ग्रामीणों को पीने का पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, पांडेय टोला में स्थित जल मीनार भी लंबे समय से निष्क्रिय पड़ी हुई है, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। वहीं ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे टोला में एक भी बिजली पोल पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है, जिस कारण रात के समय लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है।

## विवादों के बावजूद टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा

### तीन वनडे और टी20 श्रृंखला खेलने सितंबर में दौरा

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी। हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं।

बीसीबी द्वारा जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को होंगे. भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था।




भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। बयान में आगे कहा गया, यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। बीसीसीआई ने कहा, बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जायेगी।

## लेबर कोड के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल 12 फरवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लेबर कोड के खिलाफ 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल झारखंड में ऐतिहासिक होगा। यह बात आंध्र प्रदेश के शहर विशाखापट्टनम में 31 दिसंबर से चल रहे सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) का 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन में महासचिव तपन सेन के द्वारा पेश किया गया। रिपोर्ट पर चर्चा में भाग लेते हुए झारखंड से सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड कोयला, लोहा, ताम्बा, बॉक्साइट और अभ्रक का क्षेत्र है, जिसपर अडानी अंबानी का गिद्ध नजर है। राज्य में विस्थापन का मुद्दा महत्वपूर्ण है, रांची में हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) को बंद करने का प्रस्ताव मोदी सरकार ने ले लिया है। इसका मुख्य कारण रांची शहर में लाखों वर्गफीट स्थित एचईसी की 5 हजार एकड़ जमीन है, जिस पर अडानी, अंबानी की नजर है, जहां पिछले 28 महीने से वर्करों को वेतन नहीं मिल रहा है और वे आंदोलनरत हैं। मनरेगा को खत्म कर जीराम जी योजना के पिछे के मंसूबे जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समाप्त कर देगा, जिसके खिलाफ सीटू को पूरे देश में आंदोलन करना होगा। वहीं बेरोजगारी के मुद्दे पर भी सीटू को मजबूती से उठाना होगा। इसके साथ साथ आरएसएस भाजपा की नफरती माहौल और फांसीवादी नीति के खिलाफ हमें आम जनता के बीच वर्गीय संघर्ष के माध्यम से सांप्रदायिक विचारधारा के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील विचारों का भी प्रचार प्रसार करना होगा। सम्मेलन में झारखंड की ओर से सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव, अपर महासचिव और कोयला मजदूरों के नेता आर.पी सिंह, कोषाध्यक्ष प्रतीक मिश्रा, स्टील फेडरेशन के नेता राजकुमार गोराई और बीसीकेयू के रामजी यादव ने भी महासचिव के प्रतिवेदन पर चर्चा में हिस्सा लिया। सीटू का राष्ट्रीय सम्मेलन विशाखापट्टनम में समुद्र के किनारे आंध्र प्रदेश युनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में 31 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष के हेमलता के द्वारा लाल झंडा फहराने के साथ शुरू हुआ, जो 4 जनवरी तक चलेगा। सम्मेलन में झारखंड से 15 प्रतिनिधियों सहित पूरे देश से 13 सौ लोग भाग ले रहे हैं। एटक, इंटक, एचएमएस, एक्टू सहित सभी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने भी सम्मेलन में अभिनंदन भाषण किया, जहां संयुक्त रूप से 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## सुभाष चौक एवं महाराणा प्रताप चौक पर बनेगा अंडरपास




**कोडरमा।** जिले के झुमरी तिलैया शहर के सुभाष चैक एवं महाराणा प्रताप चैक पर अंडरपास निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। उल्लेखनीय हो कि स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। इस निर्माण को लेकर झुमरीतिलैया की जनता एवं कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अनुरोध को संज्ञान में लेते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि दोनों स्थानों पर अंडरपास निर्माण हेतु डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। डीपीआर पूर्ण होते ही अंडरपास निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। अंडरपास के निर्माण से शहर में लगने वाले जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी। इससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को बड़ी सुविधा मिलेगी। वहीं इस महत्वपूर्ण पहल के लिए कोडरमा जिले के समस्त नागरिकों की ओर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। वहीं जिले की जनता कोडरमा सांसद के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

### खबर एक नजर में

## उपायुक्त ने जनता दरबार में समस्याओं का लिया त्वरित संज्ञान, समाधान के दिए निर्देश



**चतरा।** जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त कीर्तिश्री के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा विभाग सहित अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है और इसका उद्देश्य त्वरित समाधान के साथ प्रशासन पर जनविश्वास को और मजबूत करना है।

## बीडीओ ने बीएलओ और पर्यवेक्षक को दिया प्रशिक्षण



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखंड के सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में मतदाताओं की धुंधली, आयामहीन और अमानवीय तस्वीरों का सत्यापन करने और अतार्किक/ अस्पष्ट प्रविष्टियों को एक माह के अंदर हटाने के आलोक मे आयोजित किया गया। इस दौरान मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी बीएलओ को टेबल टॉप अभ्यास के माध्यम से त्रुटियों की पहचान 3 जनवरी तक कर लेने का निर्देश दिया गया। त्रुटियों की पहचान कर लेने के पश्चात बीएलओ क्षेत्र में जाकर सुधार हेतू मतदाताओं से आवश्यक सभी कागजात एवं फोटो संबंधित प्रपत्र 8 में प्राप्त करते हुए बीएलओ एप में भरेंगे। मतदान केंद्रों में धुंधली एवं बहुत छोटी फोटो, मतदाता के नाम में अंतर, बिना फोटो का मतदाता, नाम में स्पेशल कैरेक्टर, नाम में दोहरी प्रविष्टि आदि का भी सुधार किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश लाल, कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश कुमार, सभी बीएलओ सुपरवाइजर एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## सुनील कुमार साहू बनाए गए सांसद प्रतिनिधि

- शिक्षा विभाग की सौंपी गई जिम्मेदारी



**सिमरिया (चतरा)।** गोवा कला निवासी भाजपा सिमरिया मंडल के मीडिया प्रभारी सुनील साहू को अनुमंडल शिक्षा विभाग का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। यह मनोनयन चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह ने पत्र जारी कर किया है और संबंधित विभाग को इसकी सूची उपलब्ध कराकर सूचना दी है। वहीं सुनील कुमार ने कहा कि मुझे जो दायित्व दिया गया है मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करूंगा। मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्त्ता को सांसद प्रतिनिधि बनाया है इसके लिए मैं सांसद का आभार व्यक्त करता हूं। बधाई देने वालों में विनय सिंह, विद्यासागर आर्य, दुबे जी, अवधेश सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल हैं।

## कर्ज नहीं लौटाने पर युवक को चाकू मारा, गंभीर



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजार में शुक्रवार शाम को एक युवक पर उस समय जानलेवा हमला कर दिया गया, जब वह सप्ताहित हाट बाजार गया हुआ था। बाजार में कर्ज.की बकाया पैसे की मांग कर रहे आरोपियों से मामूली कहासुनी के बाद आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक सोनपुरबिगहा निवासी विनोद यादव का 28 वर्षीय पुत्र नीतीश यादव है वह खगडवा टांड़ बाजार आया था। इसी दौरान उसके पास आरोपी अकौना निवासी गोलू यादव और नीरज यादव पहुंचे और बकाया कर्ज की राशि मांगने लगे। जिससे युवक फरवरी माह में 35 हजार लिया था। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## कोयला वाहनों के परिचालन के विरोध में जेएमएम का धरना प्रदर्शन आज से

### सभी राजनीतिक दलों एवं बुद्धिजीवियों तथा आम जनमानस को आंदोलन में शामिल होने का किया आग्रह

- सीओ गौरव कुमार राय के साथ जेएमएम नेताओं ने की बैठक
- केरेडारी बड़कागांव की तरह सिमरिया टंडवा रोड में भी नहीं होगा कोयला वाहनों का परिचालन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर 3 जनवरी शनिवार सुबह 10 बजे से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन को लेकर जेएमएम के मनोज चंद्रा ने शुक्रवार को तेतर मोड़ स्थित उदयन स्कूल के खेल मैदान में बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय शामिल थे। जहां शनिवार से धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गयी। जिसमें अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा कि शुक्रवार शाम 7 बजे से लेकर शनिवार सुबह 7 बजे के पूर्व टंडवा से सिमरिया के सभी सड़कों पर भारी कोल वाहनों का परिचालन पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। जेएमएम के मनोज चंद्रा ने कहा कि यह धरना प्रदर्शन आम जनमानस एवं सभी राजनीतिक दलों तथा प्रशासन के आपसी समन्वय से किया जा रहा है। प्रदर्शन में सभी राजनीतिक दलों बुद्धिजीवियों और समाजिक लोगों से आग्रह है कि धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में सिमरिया चौक पर आकर ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन में शामिल होने का कष्ट करें। जिससे टंडवा और सिमरिया के सड़कों पर खून की धार को रोका जाए और आम जन जीवन सुरक्षित रखा जाये। आपको बता दें कि टंडवा और सिमरिया के विभिन्न सड़कों पर कोल वाहनों की रफ्तार में अब तक 200 सौ से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं। वहीं हैरत वाली बात यह भी है कि कुछ मृतक परिवार को केवल सब्जबाग दिखा कर वारे न्यारे कर दिये गये हैं और कुछ को यदि मुआवजा मिला भी है तो प्रशासन और ग्रामीणों के तय मानक के हिसाब से भुगतान नहीं किया गया है। वैसे में सिमरिया वासी मुफ्त में अपनी ही सड़कों पर कोल वाहनों को बलि देकर सड़कों को खून से लाल एवं रक्तरंजीत कर रहे हैं।

मौके पर प्रमुख रोहन साहू, प्रखंड अध्यक्ष जेएमएम रमन साहू, नेमधारी महतो, पुरन राम, बिनोद महतो, भूपेंद्र ठाकुर, मो. साहिल, नरेश साहू के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## पुलिस ने 10 दिनों के भीतर सुलझाई स्वर्णकार से लूटकांड की गुत्थी, अंतरराज्यीय गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार

- अपाची बाइक सहित सोने के 19 आभूषण भी बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोसाईडीह गणपति पेट्रोल पंप के समीप हुए स्वर्णकार से ज्वेलर्स लूटकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में इस्तेमाल अपाची बाइक और अन्य सामान भी पुलिस के हाथ लगे हैं। एसडीपीओ संदीप सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हंटरगंज थाना कांड संख्या 218/25 दिनांक 22 दिसंबर 2025 को धारा 309(4) बीएनएस दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होते ही चतरा पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक छापेमारी टीम का गठन किया गया जिसका नेतृत्व एसडीपीओ संदीप सुमन ने किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 दिनों के अंदर लूट में प्रयुक्त कीपैड एवं स्मार्ट फोन और अपाची बाइक जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 03 एई 2377 बरामद कर ली गई। पुलिस जांच में सामने आया कि लूटकांड के पीछे अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय था। इसके बाद छापेमारी टीम ने सीमांत राज्य बिहार के गया जी जिले से संतोष चौधरी और सिकंदर रजक को दबोचा। दोनों की निशानदेही पर करीब 05.41 ग्राम आभूषण बरामद किया गया। एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि गिरोह से जुड़े अन्य लिंक और सहयोगियों की तलाश की जा रही है। आरोपी बिहार राज्य के गया जी जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भाजेदा निवासी संतोष चौधरी पर विभिन्न थानों में 11 मामले दर्ज हैं। वहीं सिकंदर रजक पर भी दो बोधगया और एक डेल्हा थाना में मामला दर्ज है।

स्पीड न्यूज

## सोलर बैट्री चोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बोकारो/कसमार। कसमार थाना क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार से तीन महीने पहले जिस सोलर पैनल में लगी 40 बैटरियों की चोरी हुई थी- उक्त सोलर बैट्री चोरी कांड का कसमार पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। कसमार पुलिस ने इस मामले में चोरी के तीन आरोपियों को तीन बैट्री के साथ गिरफ्तार किया है। जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कसमार थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि चार महीने पहले कसमार थाना क्षेत्र मुख्यालय से सटे प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार से कुल 40 सोलर बैट्री की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में रामगढ़ जिला अन्तर्गत गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर निवासी मो हुसैन मुरपा निवासी सुनील यादव एवं संजय यादव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी में उपयोग की गई मारुति सुजुकी और आर्टिगा कार भी बरामद की गई है जो सिकिदिरी थाना में जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। फिलहाल घटना में तीन चोरों की गिरफ्तारी हुई है। बैट्री चोरी की घटना में शामिल अन्य चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। घटना के उद्भेदन में थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रंजन कुमार सिंह हिमांशु शेखर सुंदर हेंब्रम के अलावा थाने के राजकिशोर पासवान रोहित कुमार रंजन रामेश्वर महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने मनाया प्रकृति सेवा पर्व

बोकारो। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पर्यावरण-मित्र वाटिका में प्रकृति सेवा पर्व मनाया गया और आमजन को प्रकृति रक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देववृक्ष कल्पतरु सेव कर्पूर बादाम लाल चंदन रुद्राक्ष सिंदूर करम महुआ आम आंवला चेरी स्टार फ्रूट अंजीर सहित यहां रोपित सभी पौधों में जल सिंचन कर किया गया। मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि हर वर्ष प्रकृति की सेवा करते हुए ही संस्थान के पर्यावरण रक्षक गण नए साल का प्रारंभ करते हैं। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के सभी पर्यावरण रक्षकगणों ने कल्पतरु को साक्षी मानकर यह संकल्प लिया कि चाहे जो हो पर हमसभी इसकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए सदा प्रतिबद्ध रहेंगे। इस कार्यक्रम में रघुवर प्रसाद शशि भूषण ओझा मुकुल बबलू पांडेय ललित कुमार मृणाल चौबे बीरेंद्र चौबे प्रो गणेश कुमार सिंह विजय गुप्ता रांची से पधारे मनीष कुमार अक्षय दुबे मिथिलेश सिंह अनुराग मिश्र शिवजी ओझा ललन दुबे अभय कुमार गोलू विजय त्रिपाठी अर्जुन पांडेय सहित कई पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे।

## ज्ञान और कर्म तो साधन मात्र हैं जबकि भक्ति साध्य है : आचार्य विश्वदेवानंद

बोकारो। निकटवर्ती आनंद नगर में आयोजित धर्म महासम्मेलन में आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने हजारों अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति कोई मार्ग नहीं बल्कि जीवन का अंतिम लक्ष्य है। भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ अनुभूति आचार्य जी ने विस्तार से समझाते हुए कहा कि राधाभक्ति का चरम भाव यह है कि प्रभु- तुम केवल मेरे हो और मेरे ही रहोगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे मनुष्य इंद्रिय सुख के लिए जोखिम उठाता है वैसे ही सच्चा भक्त ईश्वर के लिए व्याकुल रहता है। भक्ति मिल गई तो सब मिल गया। पुरोधा प्रमुख ने कहा कि जब मन संसार के सभी विषयों को छोड़कर केवल परमात्मा पर केंद्रित हो जाता है तब वह अवस्था भक्ति कहलाती है। उन्होंने बाबा के संदेश को दोहराते हुए कहा कि ज्ञान और कर्म तो साधन मात्र हैं जबकि भक्ति साध्य है।

# राज्यपाल संतोष गंगवार ने बासुकीनाथ में किया पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार पौष शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि शुक्रवार को देर शाम बासुकीनाथ स्थित फौजदारी दरबार पहुंचे। जहां जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने स्वागत करते हुए राज्यपाल की अगुवानी की। इसके बाद राज्यपाल का कारवां बाबा मंदिर के गर्भ गृह में दाखिल हुआ। यहां राज्यपाल को धार्मिक रस्म पूरा कराने के लिए पैतृक पंडा संग विद्वान पंडितों की टोली मौजूद थी। जिनके सानिध्य में संपूर्ण वैदिक पद्धति से पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना कराया गया। पूजा के समापन पर मंदिर प्रांगण में बाबा बासुकीनाथ एवं माता पार्वती सहित अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी गई। इस अवसर पर डीसी अभिजीत सिन्हा ने राज्यपाल को



पूजा-अर्चना करते राज्यपाल

बाबा बासुकीनाथ का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इधर राज्यपाल के तीर्थ नगरी में आगमन को लेकर जिला एवं स्थानीय प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी कर रखी थी। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम के साथ साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस दौरान जिला एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं पंडा पुरोहित उपस्थित थे।

## बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने इस्पातकर्मियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं




खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। नव वर्ष के शुभ अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन तथा अधिशासी निदेशकों ने इस्पातकर्मियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। विभिन्न विभागों में उनके भ्रमण के दौरान उनके साथ संयंत्र के अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। डी आई श्री रंजन व वरीय अधिकारियों ने सबसे पहले इस्पात भवन परिसर तथा बीजीएच में कर्मियों से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। तदुपरांत उन्होंने संयंत्र के विभिन्न शॉप का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कर्मियों ने भी बड़ी गर्मजोशी से वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। नव वर्ष के अपने संदेश में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को नए साल में नयी ऊंचाई को छूने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कर्मियों से नए साल में बोकारो स्टील प्लांट को सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के नए बेंचमार्क स्थापित करने का संदेश भी दिया।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

### पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान तेज करते हुए गुजरात से नाबालिग को किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी युवक को नगर थाना की पुलिस गुजरात से बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

जहां न्यायिक प्रक्रिया पूरा करते हुए शुक्रवार को आरोपी युवक मो शाहीद को पुलिस न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के नाबालिग का पिता ने बेटी को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप नगर थाना क्षेत्र के दुधानी निवासी मो शहीद पर लगाया था। लिखित शिकायत में नाबालिग के पिता ने बताया कि उसकी बेटी शहर के एक गर्ल्स हाई स्कूल की 10 कक्षा की छात्रा है। बीते 18 दिसंबर को घर से स्कूल के निकली इसके बाद घर नहीं पहुंची। उसके बाद आस-पास खोजबीन करने पर कहीं कुछ नहीं पता चला। बाद में किसी तरह आरोपी मो शाहीद के



गिरफ्तार आरोपी

द्वारा बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए नाबालिग के पिता ने नगर थाना में लिखित शिकायत किया था।

लिखित शिकायत मे नाबालिग का आरोपी शहीद के साथ एक सेल्फी लिए तस्वीर भी पुलिस को सौंपा था। आरोपी मो शाहीद राजमिस्त्री का काम करता है। आरोपी शहीद दो बच्चों का पिता है। मामले में लवजिहाद का मामला बताते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने घंटों नगर थाना पहुंच मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिग का सकुशल बरामदगी को लेकर पुलिस प्रशासन पर दबाब बनाया। इसके बाद नगर थाना पहुंच एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने नाबालिग को जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया था।

इसके बाद नगर थाना पुलिस एसआई अनुज सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम तकनीकी शाखा की मदद से नाबालिग को गुजरात से बरामद करने में सफल हुई। इधर मामले में नाबालिग का न्यायालय के समक्ष 183 का बयान दर्ज करा बालिका गृह भेज दिया।

## साढ़े तीन दशक तक शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक अखिलेश को दी विदाई

बोकारो। जिले के प्रतिष्ठित माध्यमिक शिक्षक अखिलेश सिंह बुधवार को अपनी दीर्घकालिक और यशस्वी शैक्षणिक सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। लगभग 34 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाने वाले श्री सिंह ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में शालीनता अनुशासन और कार्यकुशलता की एक मिसाल कायम की। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ बोकारो ने एक विशेष बधाई संदेश जारी कर उनके योगदान को रेखांकित किया है। संघ ने उनके स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। डीसी अजय नाथ झा और डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें विदाई दी। उन्हें शुभकामनाएं देने वालों में संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह सचिव डॉ अवनीश कुमार झा संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक और कोषाध्यक्ष राजदेव साहू प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा डीसी ने किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत डीसी अभिजित सिन्हा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शुक्रवार को रवाना किया। सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक आयोजित होगी। जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजनों का यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम 'सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तन' निर्धारित की गई है। इस वर्ष माह जनवरी को जीरो फेडालिटी मंथ के रूप में मनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य की ओर ले जाया



हरी झंडी दिखा रथ रवाना करते डीसी व अन्य

जा सके। डीसी ने कहा कि पूरे माह जिलेभर में विभिन्न जागरूकता एवं प्रवर्तन गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। जिनमें प्रभात फेरी, स्वास्थ्य जांच शिविर, ड्रंक एंड ड्राइव अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं, गुड सेमेरिटन योजना का प्रचार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट उपयोग पर जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष अभियान शामिल हैं। उन्होंने संबंधित विभागों, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। तीन जनवरी को बस स्टैंड में बस चालक, कंडक्टर सहित परिवहन से संबंधित कर्मियों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसपी, डीटीओ, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्कमुस्टा अध्यक्ष डॉ विवेकानंद सिंह ने विवि प्रशासन से भुगतान का किया मांग

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कई शिक्षक वर्षो बाद भी ग्रेच्युटी समेत अन्य लाभ से वंचित है। इस बावत सोशल मीडिया के माध्यम से सिदो कान्हू मुर्मू सर्विस टीचर्स एसोशिएसन (स्कमुस्टा) के अध्यक्ष डॉ विवेकानंद सिंह ने सेवानिवृत शिक्षकों की पीड़ा से विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। एसोशिएसन अध्यक्ष डॉ सिंह ने बताया कि सेवानिवृत गोड्डा कॉलेज गोड्डा के प्रभारी प्राचार्य गुलाब साह जो 13 वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुए हैं। जिन्हें आज तक ग्रेच्युटी नहीं मिल पाया है। इस बावत तीन बार सभी आवश्यक कागजात विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय में जमा कराया गया। एसोशिएसन अध्यक्ष डॉ सिंह ने बताया कि एक बार संगठन की ओर से स्वयं कुलसचिव कार्यालय में आवश्यक कागजात जमा कराया। लेकिन आज तक सेवानिवृत शिक्षक गुलाब साह को ग्रेच्युटी नहीं मिल पाया है।

## प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने किया बोकारो स्टील प्लांट का दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। 2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के एक दल ने बोकारो स्टील प्लांट का दौरा किया और इस्पात उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। पूर्वाहन सर्वप्रथम प्रशिक्षु अधिकारियों को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में बोकारो स्टील प्लांट में उत्पादन प्रक्रिया के अलावा सीएसआर सस्टेनेबिलिटी एवं अन्य गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। तदुपरांत इस्पात भवन स्थित मॉडल रूम में उन्हें प्लांट के ले-आउट से अवगत कराया गया। अपराहन प्रशिक्षुओं ने प्लांट भ्रमण के क्रम में कोक ओवन हॉट स्ट्रिप मिल सीआरएम-3 इत्यादि प्रमुख इकाइयों का अवलोकन किया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने प्लांट भ्रमण के उपरांत बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन से भी मुलाकात की और अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान बीएसएल के अधिशासी निदेशक भी उपस्थित थे।

## सिखों ने प्रकाश पर्व से पुर्व निकाला भव्य जुलूस

कथारा। खालसा पंथ के संस्थापक और सिखों के दसवें गुरु श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और सत्कार के साथ 5 जनवरी 2026 को कथारा गुरुद्वारा में मनाया जायेगा, उससे पुर्व 2, जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को कथारा गुरुद्वारा से जी, एम ग्राउंड तक नगर भ्रमण का भव्य रूप से जुलूस और कीर्तन निकाला गया और गतका का कार्यक्रम 5 जनवरी 2026 को कथारा गुरुद्वारा में गुरु गोविन्द सिंह जी का प्रकाश मनाया जायेगा। धनबाद से निवैर खालसा गतका ग्रुप ने गतका का जौहर दिखाया, इसमें सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी गुरुद्वारा सिंह सभा ने भाग लिया।

## जिला परिवहन विभाग के द्वारा गुलाब फूल देकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज स्थानीय नगर थाना, गोड्डा में जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया के द्वारा गुलाब फूल देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। उक्त जागरूकता अभियान के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा हेलमेट, सीट बेल्ट, वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन कागजात एवं ओवरलोडिंग आदि की जांच की गई, साथ ही वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, निर्धारित गति, सीमा का पालन तथा नशे में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी



लाई जा सके। इस दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया साथ ही हमेशा हेलमेट का उपयोग करने की अपील की गयी। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी गोड्डा के द्वारा जानकारी दी गई की जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 2026 मनाया जा रहा है, इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बिना हेलमेट व ट्रिपल लोड वाले बाइक चालकों को फूल देकर जागरूक किया जा रहा हैं। इसके बावजूद यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर जुमार्ना के साथ-साथ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को बाइक व स्कूटी नहीं देने की अपील की। वहीं सदर थाना प्रभारी ने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जायेगी। उक्त अभियान में जिला परिवहन विभाग के कर्मी व जिला बल के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## ग्राम प्रधान मांझी संगठन ने हर्षोल्लास से मनाया सोहराय पर्व





सोहराय पर्व मनाते ग्राम प्रधान मांझी संगठन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। ग्राम प्रधान मांझी संगठन द्वारा शुक्रवार को गांधी मैदान में हर्षोल्लास से सोहराय पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष भीम प्रसाद मंडल ने किया। इस अवसर पर दिसोम नायकी सोना लाल हेम्ब्रम एवं दिसोम मांझी भीम सोरेन के द्वारा गोड़मांझी में विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। पूजा-अर्चना के बाद संताली नृत्य प्रस्तुत किया गया। सोहराय के मौके पर पारंपरिक परिधान में महिलाओं ने मांदर की थाप पर जमकर नृत्य की। सोहराय पर नायकी बाबा द्वारा संताल समाज के रीति-रिवाज के अनुसार गोढ़ टांडी में पांच मुर्गी एवं एक मुर्गी का अंडा विधि-विधान के साथ संताल समाज के देवी-देवताओं को चढ़ाते हुए सभी संताल समुदाय क लोग सुख-सुविधा भरा जीवन रहने के लिए विनती मरांग बुरु, जाहेर ऐरा, गोसाई ऐरा से किया। जिसमें समाज स्मृद्धि बनाए रहे एवं परंपरा संस्कृति की पहचान बना रहे। दिसोम नायकी सोनालाल हेम्ब्रम ने बताया कि संताल परगना में संताल समाज का सोहराय पर्व संताल सांस्कृतिक धरोहर हैं। संताल समुदाय के लोग आज भी प्रकृति की पूजा को मानते हैं। सोहराय पवर् मनाने का मुख्य उद्देश्य हैं कि गाय और बैलों को खुश करना। गाय और बैल बेजुबान होते हैं और उनकी मेहनत से ही खेतों में फसल तैयार होता हैं। उनके साथ खुशियों को बांटने के लिए पर्व मनाया जाता हैं। इसके अलावा हर वर्ष फसल अच्छा हो, इसको लेकर भी पर्व मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आज जहां पर्यावरण, पशुधन जैसे कई संकटों से जूझ रहा हैं। उसका सिर्फ एक ही समाधान हैं, आप जब सोहराय में जाएंगें तो दिखेगा कि ऐसा ही सोहराय पर्व के आयोजन के माध्यम से हम पूरी दुनिया को यह संदेश दे सकते हैं कि अगर दुनिया को बचाना है तो इसी तरह प्रकृति से जुड़कर हमें त्येहर मनाने की आवश्यकता हैं। जानकारी के मुताबिक सोहराय पर्व में 3 दिनों तक आराधना गौमाता व बाकि दो दिन संताल भाई-बहन प्रेमभाव व खाने-पीने का रहता हैं। एक दिन मकर संक्रांति मनाया जाता हैं। सोहराय पर्व के बाद ग्राम प्रधान मांझी संगठन से सभा का आयेजन किया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रखंडों में 5 जनवरी को सोहराय पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर अर्जून मरांडी, छविलाल मंडल, भीम सेरेन, श्रीपति मंडल, रूसोराम बास्की सहित विभिन्न लेखाहोड़, आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

## 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली हैंडबॉल प्रतियोगिता में दुमका के ईशान आनंद का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत हैंडबॉल (अंडर-14) वर्ग में दुमका के होनहार खिलाड़ी ईशान आनंद का चयन झारखंड राज्य टीम के लिए किया गया है। यह दुमका जिले के खेल जगत के लिए गर्व का विषय है। ईशान आनंद ने 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक रांची के खेलगांव में आयोजित हैंडबॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण शिविर के उपरांत अब वे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित 5 से 10 जनवरी तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। ईशान आनंद को दुमका में कोच अमित कुमार पाठक के मार्गदर्शन में हैंडबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। उनके कुशल प्रशिक्षण और निरंतर मेहनत के परिणामस्वरूप आज ईशान ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।



चयनित ईशान आनंद

ईशान आनंद की इस सफलता पर जिला हैंडबॉल संघ दुमका के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में संघ के सचिव अमित कुमार पाठक, कार्यवाहक अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष दाऊद अली, उपाध्यक्ष भजन कुमार मंडल, सहसचिव संतोष गोस्वामी, शंभू रजक सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी शामिल हैं। सभी ने आशा व्यक्त की कि ईशान आनंद राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## उप स्वास्थ्य भवन निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

शिकारीपाडा। जिले के रानीश्वर प्रखंड अंतर्गत बृंदाबनी पंचायत के ग्राम टोंगरा में बन रहे उप स्वास्थ्य भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास विधायक आलोक कुमार सोरेन ने किया। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों से निर्माण कार्य पर सतत निगरानी रखने की अपील करते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संवेदक एवं विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य पूरी तरह मानक के अनुरूप, पारदर्शिता एवं समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। मौके पर झामुमों प्रखंड अध्यक्ष बाबूजन हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष अमल मण्डल, जिला उपाध्यक्ष भैरव दत्ता, चंडी चक्रवर्ती, बृंदाबनी पंचायत के मुखिया किरण देवी, झामुमों पंचायत अध्यक्ष बसीर शेख, सुबोध पुजहर, सुभाष मुर्मू, रजनीश कुमार, संदीप सोरेन आदि मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

कथारा। गोमिया प्रखंड के कथारा पंचायत भवन में मुखिया पूनम देवी एवं वार्ड सदस्य रीता देवी, आशा देवी द्वारा करीब 55 जरूरतमंद गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव सोनू कुमार ने कहा कि सभी वार्ड सदस्य अपने वार्ड में गरीब एवं असहाय लोगों को चिन्हित करें और सूची बनाकर जल्द से जल्द दें। जिससे भीषण ठंड में गरीब, जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके।

## स्पीड न्यूज

### रूस ने यूक्रेन के 64 ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने 64 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। इसके अलावा रूसी सेना ने दो यूक्रेनी हमलावर समू को खत्म कर दिया। उन्होंने सूमी क्षेत्र में ग्राबोवस्कोये बस्ती के पास जवाबी हमला करने की कोशिश की थी। बेलगोरोड के क्षेत्रीय संकट केंद्र ने एक बयान में कहा कि पिछले दिनों यूक्रेनी सेना ने रूस के सीमावर्ती बेलगोरोड क्षेत्र के रिहायशी इलाकों पर 80 से ज्यादा ड्रोन दागे।

### अमेरिका से 14 विमान खरीदेगा बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश ने अमेरिकी मल्टीनेशनल बोइंग से 14 विमान खरीदने का सैद्धांतिक रूप से फैसला किया है। इनमें आठ बोइंग 787-10 ड्रीमलाइनर, दो बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर और चार बोइंग 737-8 मैक्स विमान शामिल हैं। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस (बीबीए) ने अपनी वार्षिक आम बैठक में अपने बेड़े के विस्तार योजना के तहत बोइंग विमान खरीदने का फैसला किया।

### पटना में मुठभेड़, कुख्यात अपराधी मैनेजर राय घायल

पटना। पटना जिले के खगौल थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों की बीच गुरुवार की देर रात हुई मुठभेड़ में कुख्यात मैनेजर राय को गोली लगी है। वह हत्या व लूट के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने घायल अपराधी को इलाज के लिए पटना एम्स में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मैनेजर राय का 20 से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है।

### भूपेश बघेल के बेटे को मिली जमानत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मामले में विगत पांच माह से जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को शुक्रवार को उच्च न्यायालय बिलासपुर ने जमानत दे दी। चैतन्य बघेल को मनी लॉन्ड्रिंग की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच ने यह निर्णय सुनाया है। फिलहाल, उन्हें ईओडब्ल्यू और ईडी मामले में जमानत मिली है।

### पुंछ में आतंकी हैंडलर की अचल संपत्ति कुर्क

पुंछ। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को पुंछ जिले की मंडी तहसील में पाकिस्तान स्थित एक आतंकी सरगना की अचल संपत्ति जब्त कर ली। जब्त की गई संपत्ति 6 कनाल और 13.5 मरला (लगभग 39,528 वर्ग फुट) की है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13.36 लाख रुपये है। यह संपत्ति सुल्तान लोन के पुत्र जमाल लोन उर्फ जमाला की है।

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** सोने के भंडार में करीब तीन अरब डॉलर की वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.292 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह बढ़ते हुए 10 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर है। इससे पहले 19 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में यह 4.369 अरब डॉलर बढ़ा था।

### रुपया 22 पैसे टूटकर फिर 90 डालर के पार

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को फिर 90 के स्तर से नीचे फिसल गया और 22 पैसे टूटकर 90.20 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। निराशाजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया दबाव में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा आयातकों की मजबूत डॉलर मांग ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर किया।

# महाराष्ट्र के पालघर में पहाड़ी सुरंग-5 का परीक्षण

## बुलेट ट्रेन परियोजना में मिली बड़ी कामयाबी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक अहम उपलब्धि के तहत महाराष्ट्र के पालघर जिले में शुक्रवार को पहाड़ी सुरंग (एमटी)-5 को सफलतापूर्वक खोल दिया गया है। करीब 1.5 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विरार-बोईसर स्टेशनों के बीच स्थित है। इससे पहले सितंबर 2025 में ठाणे-बीकेसी के बीच पांच किमी लंबी देश की पहली अंडरग्राउंड हाई-स्पीड रेल टनल पूरी की गयी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल भवन से ही ऑनलाइन माध्यम से इस

▶▶ ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी और मुंबई से अहमदाबाद का सफर दो घंटे में होगा पूरा

समारोह में जुड़े और रेलवे की इस उपलब्धि को देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह 1.5 किलोमीटर लंबी पहाड़ी सुरंग पालघर जिले की सबसे लंबी सुरंगों में शामिल है और यह विरार तथा बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। उन्होंने बताया कि यह महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना



की दूसरी सुरंग है जिसका कार्य पूरा हो चुका है। इससे पहले ठाणे और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के बीच पांच किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग का कार्य सितंबर 2025 में पूरा किया गया था। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन परियोजना गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली से होकर गुजरती है। उन्होंने बताया कि जापान की तकनीक पर आधारित यह ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी और मुंबई से अहमदाबाद की सात से आठ घंटे की यात्रा को महज दो घंटे 17 मिनट में सीमित कर देगी। उन्होंने बताया कि इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 1.08 करोड़ रुपये है और इसका करीब 55 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। रेल मंत्री ने कहा कि आज बुलेट ट्रेन परियोजना में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। माउंटेन टनल-पांच की खदाई पूरी होना काफी बड़ी उपलब्धि है। बुलेट ट्रेन परियोजना में कुल सात पहाड़ी सुरंग हैं और एक सुरंग समुद्र के नीचे है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में कुल 12 स्टेशन हैं। इनमें महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर और गुजरात में वापी, बिलीमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। मुंबई का टर्मिनल स्टेशन बीकेसी है। उन्होंने बताया कि इतनी दूरी के लिए आम तौर पर दो डिपो बनाए जाते हैं, लेकिन इस रेल परियोजना में तीन डिपो बने हैं।

## मार्च 2026 तक 500 के नोट बंद होने की खबर फर्जी : सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फैल रही एक झूठी खबर का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मार्च 2026 तक एटीएम से 500 रुपए के नोट देना बंद कर देगा। सरकार की फैक्ट-चेक एजेंसी पीआईबी फैक्ट चेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कहा कि आरबीआई मार्च 2026 तक एटीएम से 500 रुपए के नोट बंद कर देगा। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक मार्च 2026 तक 500 रुपए के नोटों का प्रचलन बंद कर देगा। यह दावा फर्जी है।

# ईरान में महंगाई के खिलाफ भड़की हिंसा

## पवित्र शहर कोम में खामेनेई सरकार के खिलाफ बगावत

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान में महंगाई और डॉलर के मुकाबले गिरती ईरानी मुद्रा रियाल की कीमत के खिलाफ शुरू प्रदर्शन देश के कई हिस्सों में फैल गया। कोम में सात प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या। राजधानी तेहरान के ग्रैंड बाजार से रविवार को भड़की चिंगारी की लपटों से देश जल उठा है। इसका पवित्र शहर कोम भी अछूता नहीं रहा। पांच दशक में पहली बार इस शहर में खामेनेई शासन के खिलाफ नारे गूंजने लगे हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, आंदोलन के पांचवें दिन फूलदशहर, दारियुश अंसारी बख्तियारवंद, कुहदश्त, अमीर-हेसाम खोदायारीफर्द, अजना, शायन असदुल्लाही में हुई झड़पों में कम से कम चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। ईरान के पवित्र शहर कोम में अशांति फैल रही है। कोम शिया मौलवियों और इस्लामिक गणराज्य का एक मुख्य

▶▶ कोम में सात प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या

गढ़ है। यहां भारी सुरक्षा के बावजूद बेखौफ प्रदर्शनकारियों ने अयातुल्ला अली खामेनेई शासन के खिलाफ नारेबाजी की। सुरक्षा कर्मचारियों की गोलीबारी में कम से कम तीन प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। तेहरान, मशहद, इस्फहान, लोरेस्टान, खुजेस्तान और छोटे शहरों में रातभर प्रदर्शनकारी सड़कों पर नारेबाजी करते रहे। पिछले पांच दशक में यह पहली बार है कि लोगों ने खामेनेई शासन के खिलाफ बगावत शुरू कर दी है। मध्य ईरान के कज्विन और पवित्र शहर कोम में प्रदर्शनकारियों ने यह आखिरी लड़ाई है जैसे नारे लगाए। उत्तरी ईरान में रातभर प्रदर्शनकारियों ने तानाशाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विपक्षी समूह नेशनल काउंसिल ऑफ रेजिस्टेंस ऑफ ईरान ने बताया कि गुरुवार सुबह तेहरान, मारवदश्त, करमानशाह, डेल्फान और अराक



समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पें जारी रहीं। चहारमहल और बख्तियारी प्रांत के लोरदेगान में रात भर गोलीबारी हुई है। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, भीड़ ने सरकारी इमारतों पर पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारियों ने गवर्नर ऑफिस, न्यायपालिका, शहीद फाउंडेशन, शुक्रवार की नमाज कॉम्प्लेक्स और कई बैंकों को निशाना बनाया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इस दौरान कई इमारतों को नुकसान हुआ। झड़पों में दो लोग मारे गए। कुर्द अधिकार समूह हेंगाओ ने बताया कि लोरदेगान में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों गोलीबारी की। कुहदश्त में अधिकारियों ने कहा कि झड़पों में बासिज स्वयंसेवी अर्धसैनिक बल का एक सदस्य मारा गया और 13 अन्य घायल हो गए। अमेरिका स्थित मानवाधिकार समूह ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी कहा कि तेहरान में प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में ली गई छह महिलाओं को एविन जेल के महिला वार्ड में भेज दिया।

## अब जीविका दीदियां बनेंगी ब्यूटीशियन

**पटना।** जीविका दीदियां अब ब्यूटीशियन भी बनेंगी। प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में लेडीफेयर ब्यूटी कांसेप्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। उन्होंने जीविका के सीईओ को कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। कंपनी के संस्थापक ऋषि रंजन कुमार ने कहा कि उनकी कंपनी कोलकाता से संचालित हो रही है। वे जीविका दीदियों को एक महीने का प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल ब्यूटीशियन बनाएंगे। अपनी कंपनी में रोजगार देंगे। शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित उद्योग वार्ता में निवेश के कई प्रस्ताव आए। अल्टीवा लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड के जैलेंद्र कुमार ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के सटीक इलाज के लिए मेडिकल साइक्लोट्रान और पीईटी रेडियोफार्मा स्युटिकल सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। मेडीवर्सल हेल्थकेयर के नवनीत रंजन ने विशेष बच्चों के लिए स्कूल और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की इच्छा जताई। रुद्रवीर इंडस्ट्रीज के आयुष अग्रवाल ने औद्योगिक कचरे को रीसायकल कर नए उत्पाद बनाने की तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने हाजीपुर, बेगुसराय, बिहटा एवं औरंगाबाद में पांच एकड़ भूमि की मांग की।

## बिहार में शिक्षकों को जींस व टीशर्ट पहनने पर प्रतिबंध

एजेंसी

▶▶ प्रधानाध्यापक और शिक्षक के चखने के बाद ही बच्चों को परोसा जायेगा मध्याह्न भोजन

**पटना।** बिहार के सभी सरकारी विद्यालयों में पाठ-टीका के आधार पर शिक्षक पढ़ाएंगे। जींस और टीशर्ट में शिक्षक विद्यालय नहीं जाएंगे। प्रधानाध्यापक व शिक्षक द्वारा चखने के बाद ही बच्चों को मध्याह्न भोजन परोसे जाएंगे। शिक्षकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज होने पर प्रधानाध्यापक भी दोषी होंगे। शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों के संचालन से संबंधित प्रावधान को सख्ती से लागू करने का निर्देश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीओ) को दिया गया है। सभी शिक्षक-शिक्षिका समय पर विद्यालय पहुंचेंगे। ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करेंगे। छद्म उपस्थिति या फोटो से उपस्थिति दर्ज करने पर शिक्षक-शिक्षिका के साथ प्रधानाध्यापक भी दोषी माने जाएंगे। बिना अवकाश स्वीकृत कराए स्कूल से अनुपस्थित नहीं होंगे। प्रधानाध्यापक द्वारा अवकाश स्वीकृत करने में परहेज नहीं किया जाएगा, लेकिन एक समय में अधिकतम दस प्रतिशत से ज्यादा शिक्षकों को अवकाश नहीं दिया जाएगा। अवकाश स्वीकृति में ध्यान रखा जाएगा कि शिक्षक के अवकाश में जाने से पठन-पाठन बाधित नहीं होना चाहिए। विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी विद्यालय-कार्यालय अवधि में गरिमायुक्त औपचारिक परिधान पहनकर आएंगे। जींस-टीशर्ट में नहीं आएंगे। बैंक से वेतन निकालने के लिए एक भी शिक्षक-शिक्षिका विद्यालय अवधि में बाहर नहीं जाएंगे। शिक्षक-शिक्षिका अपना समस्याओं के लिए जिला कार्यालय नहीं आएंगे। वे अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन अपने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में देंगे, जिस पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समस्या का समाधान करेंगे। यदि आवश्यकता हो, तो उसे जिला कार्यालय में अग्रसारित करेंगे, जिसका समाधान जिला कार्यालय से किया जाएगा। प्रत्येक माह के 25 तारीख तक विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मियों एवं आधार आपरेटर सहित सभी की उपस्थिति विवरणी संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि ससमय वेतन भुगतान किया जा सके। विलंब से, गलत या अधूरी उपस्थिति विवरणी उपलब्ध कराने पर संबंधित प्रधानाध्यापक जिम्मेवार होंगे।

## आईआईटी खड़गपुर में क्षितिज महोत्सव 16 से

खबर मन्त्र संवाददाता

**खड़गपुर।** आईआईटी खड़गपुर प्रतिष्ठित वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट महोत्सव क्षितिज 2026 का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक करेगा। 23वें संस्करण में 40 से अधिक कार्यक्रम शामिल होंगे, जिनमें प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ, अतिथि व्याख्यान, इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनियों का समावेश होगा। यह महोत्सव छात्रों को तकनीक और प्रबंधन के नवीनतम नवाचारों से रूबरू कराने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। महोत्सव का उद्घाटन 16 जनवरी को होगा। प्रमुख आकर्षणों में डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, और अत्यंत आकर्षक कनाडियन ड्रोन लाइट शो



की प्रदर्शनियां शामिल होंगी। इसके अलावा ऑटो एक्सपो, डीजे नाइट और कई मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पूर्व में क्षितिज ने प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों जैसे डॉ. ए. वेल्लुमणी (संस्थापक, थायरोकेयर), सबीर भाटिया (संस्थापक, हॉटमेल),, प्रेरणादायी वक्ता डॉ. तनू जैन, और प्रसिद्ध शिक्षक-मेंटर विजेंद्र सिंह चौहान को आमंत्रित किया है। इनके सत्रों से देशभर के हजारों छात्रों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिली है।

# माघ मेला में क्यूआर कोड से श्रद्धालुओं को मिलेगी सुरक्षा

एजेंसी

**प्रयागराज।** त्रिवेणी के तट पर लगने वाले माघ मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सहयोग के लिए इस बार प्रशासन तकनीक का प्रयोग कर रहा है। माघ मेला 2026 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र में विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड आधारित सुविधा प्रणाली लागू की गई है। यह व्यवस्था मेला सेवा एप के माध्यम से श्रद्धालुओं को सीधे प्रशासन से जोड़ने की एक अभिनव पहल है। माघ मेला प्रभारी

**प्रयागराज में 15 हजार से अधिक पोलों पर लगे कोड**

SECTOR-07
ROAD:-DANDI RAMP
POLE NO:-LT16196
G-CODE:-7MQ3CV9P+666
शिकायत दर्ज करने के लिए QR कोड स्कैन करें।

नीरज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि मेला क्षेत्र में लगाए गए 15 हजार 500 विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। इन्हें स्कैन करते ही श्रद्धालुओं के मोबाइल पर एक ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में श्रद्धालु अपना नाम, मोबाइल नंबर और सुरक्षा कोड भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं या आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। खास बात यह है कि मेला अवधि में लाउडस्पीकरों के शोर के कारण फोन पर शिकायत करना कठिन हो जाता है, ऐसे में क्यूआर कोड के माध्यम से 24घंटा 7 संचालित कंट्रोल रूम तक डिजिटल रूप से शिकायत पहुंचाई जा सकती है, जिससे त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा।

## अब लोग सीधे मोबाइल पर दर्ज करा सकेंगे शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ बिहार पुलिस मुख्यालय ने जारी किए दो नंबर

**पटना।** बिहार में अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियंत्रण कक्ष के अंतर्गत शुक्रवार को एक विशेष हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य के नागरिक सीधे मोबाइल पर अपनी शिकायतें, समस्याएं, सुझाव या सहायता संबंधी सूचना दे सकेंगे। पुलिस द्वारा जारी इन दो हेल्पलाइन नंबरों के जरिए कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, पुलिस से संबंधित समस्याएं, स्थानीय स्तर पर हो रही अनदेखी या किसी भी प्रकार की परेशानी को सीधे डीजीपी नियंत्रण कक्ष के संज्ञान में लाया जा सकेगा। यह सेवा तत्काल प्रभाव से शुरू हो गई है। इसके लिए दो मोबाइल नंबर साझा किया गया है। ये दो नंबर हैं- 9031829339 और 90318 29340। आप इन दो नंबरों पर कभी भी फोन कर समस्या बता सकते हैं या सुझाव दे सकते हैं। पुलिस मुख्यालय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों को बिना किसी देरी के संबंधित स्तर तक पहुंचाना और समय रहते उनका निपटारा सुनिश्चित करना है। इस पहल से न केवल पुलिस और जनता के बीच संवाद मजबूत होगा बल्कि पुलिसिंग व्यवस्था में पारदर्शिता व जवाबदेही भी बढ़ेगी।

# शेयर बाजारों में तेजी, 573 अंक उछला सेंसेक्स

एजेंसी

▶▶ निफ्टी 182 अंक तेजी के साथ 26,328 पर पहुंचा
▶▶ आईटीसी का शेयर दो दिन में 13 फीसदी टूटा

**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 573.41 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त में 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। बाजार में शुरू से ही तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 182 अंक यानी 0.70 प्रतिशत ऊपर 26,328.55 अंक पर पहुंच गया। चौतरफा लिवाली के बीच 01 फरवरी से पान मसाला, सिगरेट-बीड़ी तथा अन्य तंबाकू उत्पादों पर उपकर और कर बढ़ाने की अधिसूचना के बाद एफएमसीजी कंपनी आईटीसी के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। इसका शेयर आज पौने चार प्रतिशत टूट गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी बढ़त में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.94 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत चढ़ा।

एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। रियल्टी, धातु, ऑटो, वित्त, बैंकिंग और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों में लिवाली ज्यादा रही।

एनटीपीसी का शेयर चार प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। ट्रेंट में ढाई फीसदी से अधिक की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड



महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। इंफोसिस, टीसीएस, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एलएंडटी, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

आईटीसी के अलावा कोटक महिंद्रा बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर भी टूट गया। पान मसाला और सिगरेट-बीड़ी पर 01 फरवरी से उपकर, कर और सीमा शुल्क बढ़ाने संबंधी अधिसूचनाओं के बाद एफएमसीजी कंपनी आईटीसी का शेयर दो दिन में 13 फीसदी से अधिक टूटकर 23 महीने के निचले स्तर पर आ गया है। आईटीसी देश की सबसे बड़ी सिगरेट कंपनी है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कंपनी ने सिगरेट कारोबार से 8,723 करोड़ रुपये की कमाई की थी जो उसके कुल राजस्व का लगभग 46 प्रतिशत था।

### निवेशकों को 4.37 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा चार लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 481.29 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 476.92 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 4.37 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।